*  ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

02 जून, 2023
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 08, अंक 222

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

**टीम इंडिया की नयी जर्सी लॉन्च :** कश्मीरी डिजाइनर ने तैयार की जर्सी, तीनों फॉर्मेट के लिए अलग-अलग डिजाइन







## वाइबीएन यूनिवर्सिटी में मारपीट और तोड़फोड़ करनेवाले 13 छात्रों को भेजा गया जेल

**रांची (आजाद सिपाही)।** वाइबीएन यूनिवर्सिटी में परीक्षा देने आये छात्रों के कॉलेज परिसर में जमकर उत्पात मचाने व पुलिस से हाथापाई करने के मामले में 13 छात्रों को गुरूवार को जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि कॉलेज परिसर में उत्पात मचाये जाने के दौरान छात्रों और पुलिस के बीच जमकर मारपीट भी हुई थी। छात्रों ने पुलिस पर पथराव भी किया था। छात्रों का आरोप था कि कुछ छात्रों को फामेर्सी की परीक्षा में नकल करने दिया जा रहा है। वहीं अन्य छात्रों को ऐसा करने से रोका जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में बुधवार को 13 छात्रों को हिरासत में लिया था। गुरुवार को सभी गिरफ्तार लोगों को जेल भेज दिया गया है। जिन छात्रों को जेल भेजा गया उनके नाम हैं, कुणाल सिन्हा, ऋषिकेश राज, नौलीनिकान्त, रकीब राजा, राजेन्द्र नाथ, मुकुल वर्मा, आमी कुमार, मंजीत सिंह, मोहम्मद अनम, अब्दुल कुदुस अंसारी, शशि भूषण गुप्ता, सत्यम कुमार सिंह और शैयद शाकिब।

### मुख्यमंत्री ने की योजनाओं की समीक्षा, अधिकारियों को दिये निर्देश

# बजटीय प्रावधान के अनुकूल योजनाओं में गति लायें : हेमंत

- जोहार परियोजना पोर्टल को और बेहतर बनाने के लिए कई बदलाव होंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि गुड गवर्नेंस के लिए जरूरी है कि योजनाएं तय समय पर पूरी हों। योजनाओं में गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जाये। विशेषकर बजट में विभिन्न विभागों के लिए जो बजटीय प्रावधान किये जाते हैं, उसके अनुरूप कार्यों में गति होनी चाहिए। इसके लिए अधिकारियों को पूरी जवाबदेही और गंभीरता से कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन में विभागों के प्रधान सचिव और सचिव के साथ उच्च स्तरीय बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने जोहार परियोजना पोर्टल पर अपलोड योजनाओं की समीक्षा की। हेमंत सोरेन ने कहा कि आज जोहार परियोजना पोर्टल की पहली समीक्षा हुई। इसमें कई बदलाव करने की जरूरत है। इस सिलसिले में आगे जो भी बैठक होगी, उसने मंत्री भी मौजूद रहेंगे, ताकि इसकी हर स्तर पर विस्तृत समीक्षा की जा सके ।

**योजनाओं की प्रॉपर मॉनिटरिंग की जरूरत :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित कई योजनाएं कई विभागों से जुड़ी होती हैं। ऐसे में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल हो, ताकि उसका क्रियान्वयन बेहतर तरीके से हो सके। उन्होंने विभागीय सचिवों से कहा कि वे तमाम योजनाओं की प्रॉपर मॉनिटरिंग करें, ताकि उसमें अगर किसी प्रकार का व्यवधान या समस्या आये, तो उसका समाधान निकाला जा सके।

**लाइव वेरिफिकेशन होगा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाएं धरातल पर उतर रही है या नहीं। योजनाओं की प्रगति किस स्तर पर है। गुणवत्ता के साथ कार्य हो रहे हैं या नहीं। इसका अब लाइव वेरिफिकेशन किया जाएगा। सूचना प्रौद्योगिकी के सहयोग से इसकी व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत तमाम योजनाओं की साइट से उसकी प्रगति की जानकारी ली जाएगी। आप सभी अधिकारी इसके लिए अपनी तैयारी पूरी कर लें।

**योजनाओं की टाइमलाइन बनायें :** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे तमाम योजनाओं की टाइमलाइन तय करें। इसके तहत योजनाओं को लेकर डीपीआर तैयार करने, टेंडर की प्रक्रिया शुरू करने, कार्य की शुरुआत और उसके पूर्ण होने का समय निर्धारित हो। अगर योजनाओं में विलंब होता है, तो किस स्तर पर कितना विलंब हुआ, इसकी भी रूपरेखा तय होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि वे अपनी कार्यशैली में बदलाव लायें और पूरी जवाबदेही के साथ अपने कार्यों को सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने विभागों के प्रधान सचिव और सचिव को कहा कि वे हर महीने अपना शेड्यूल तय करें। इसमें कम से कम 3 से 4 दिन फील्ड विजिट को शामिल करें, ताकि साइट पर उन्हें तमाम योजनाओं का जमीनी हकीकत मालूम हो। उसके मुताबिक आगे की रणनीति तय की जा सके।

**कार्यों में तय मानकों का पालन हो :** हेमंत सोरेन ने कहा कि जलापूर्ति योजनाओं के लिए जो पाइप लाइन बिछायी जा रही है उसको लेकर कई शिकायतें मिल रही हैं। जहां पाइपों की क्वालिटी को लेकर सवाल उठ रहे हैं, वहीं उसे बिछाने में मानकों का पालन नहीं हो रहा है। इससे जलापूर्ति योजना कैसे सफल होंगी, इसे सहज समझा सकता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पाइप लाइन बिछाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना हो। इसमें जो भी मानक तय किये गये हैं, उसका पूरा पालन किया जाना चाहिए।

**अपने विभागों की योजनाओं का आकलन करें :** हेमंत सोरेन ने विभागीय सचिवों को कहा कि वे अपने-अपने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का आकलन करते हुए उसकी विस्तृत समीक्षा करें, ताकि उसका क्रियान्वयन सही तरीके से हो और तमाम चीजें सुचारू पूर्वक आगे बढ़ सकें। दरअसल कई योजनाएं समय पर पूरी नहीं हो पाती है। योजनाओं में विलंब से उसकी लागत भी बढ़ जाती है। इसलिए योजनाओं की लगातार निगरानी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की इतनी बड़ी व्यवस्था में योजनाओं के क्रियान्वयन में थोड़ी बहुत गलतियां तो होती ही रहती हैं। लेकिन, इसकी संख्या इतनी ज्यादा नहीं होनी चाहिए कि गुड गवर्नेंस पर असर पड़े। अधिकारियों को इस बात पर ध्यान देने की जरूरत है। अगर कहीं गलतियां हो रही है, उसका समाधान निकालने की दिशा में त्वरित पहल होनी चाहिए।



### जोहार परियोजना पोर्टल पर अपलोड योजनाएं

जोहार परियोजना पोर्टल पर 1138 योजनाओं की जानकारी है। इसमें 931 योजनाओं का शिलान्यास हो चुका है। जबकि, 207 योजनाओं को मंत्रिमंडल की स्वीकृति मिल चुकी है। वहीं 595 योजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है। मुख्यमंत्री ने इनमें से जलापूर्ति, कृषि ऋण माफी, फ्लाइओवर, सड़क निर्माण आदि योजनाओं की समीक्षा की।

### सीएम ने दिये निर्देश

- योजनाओं की प्रगति और गुणवत्ता का लाइव वेरीफिकेशन होगा
- योजनाओं में ऐसी कोई लापरवाही नहीं बरतें, जिससे गुड गवर्नेंस पर आंच आये
- अधिकारी फील्ड विजिट कर योजनाओं की जमीनी हकीकत की लें जानकारी

# नेपाल-भारत के बीच तेजी से बनेगा रामायण सर्किट

- पीएम मोदी ने कहा, रिश्ते हिट से सुपरहिट बनायेंगे
- पीएम प्रचंड बोले, सीमा विवाद बातचीत से सुलझायेंगे


**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारत और नेपाल के बीच संबंध और मजबूत होने जा रहा है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड इन दिनों भारत दौरे पर हैं। उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात हुई। दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच प्रस्तावित रामायण सर्किट के काम में तेजी लाने का फैसला लिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नेपाल-भारत की पार्टनरशिप को हिट से सुपरहिट बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण फैसले किये हैं। रामायण सर्किट के काम में तेजी लायी जायेगी। इसके अलावा दोनों नेताओं ने भारत-नेपाल के बीच नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी पर भी चर्चा की। इस दौरान हाइड्रो-पावर डेवलपमेंट, एग्रीकल्चर और कनेक्टिविटी जैसे मुद्दों पर बात हुई।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड ने कहा कि मेरी मोदीजी से सीमा विवाद को लेकर भी चर्चा हुई। मैं उनसे अपील करता हूं कि इस मामले को द्विपक्षीय बातचीत के जरिए सुलझाया जाए। उन्होंने नरेंद्र मोदी को नेपाल आने का न्योता दिया।

पीएम मोदी ने कहा कि मैंने 2014 में नेपाल की पहली यात्रा की थी। तब मैंने एक हिट फॉर्मूला दिया था। इसमें हाई-वे, आई-वे और ट्रान्स-वे शामिल थे। मैंने कहा था कि हमारे बॉर्डर दोनों देशों के रिश्तों में बैरियर नहीं बनने चाहिए। आज मैं कह सकता हूं कि हमारे संबंध हिट हैं। नेपाल के लोगों के लिए नये रेल रूट्स शुरू किए जाएंगे। इसके अलावा वहां के रेलकर्मियों को ट्रेनिंग भी दी जायेगी।

नेपाल के पीएम प्रचंड ने कहा कि मैं चौथी बार भारत दौरे पर आया हूं। मैं पीएम मोदी को भारत की सत्ता में 9 साल पूरे करने की बधाई देता हूं। उनकी लीडरशिप में भारत में इकोनॉमी सहित सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हुआ है। आज भारत और नेपाल के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण समझौते हुए हैं।



## पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे रामलला की प्राण प्रतिष्ठा

**अयोध्या (आजाद सिपाही)।** अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर में राम लला की प्रतिमा दिसंबर या जनवरी में स्थापित होगी। श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कराने का फैसला लिया है। इस अवसर पर देशभर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव 7 दिन तक मनाया जायेगा। यह जानकारी ट्रस्ट की बैठक के बाद महासचिव चंपत राय ने दी है। उन्होंने कहा कि अभी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की तारीख तय नहीं है, लेकिन इसके लिए विद्वानों से चर्चा की जा रही है। राम मंदिर के ग्राउंड फ्लोर और गर्भगृह का काम 15 दिसंबर तक पूरा कर लिया जायेगा। इसके बाद प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी होगी। ग्राउंड फ्लोर का 85% काम पूरा हो गया है। प्रधानमंत्री को दिसंबर से 26 जनवरी 2024 के बीच कार्यक्रम की संभावित तिथि के बारे में बताया जायेगा। उनके समयानुसार तारीख तय की जायेगी। चंपत राय ने कहा कि देशभर में सात दिनों के उत्सव के लिए संतों-धर्माचार्यों से आग्रह किया जायेगा। उनसे निवेदन किया जायेगा कि वे अपनी-अपनी जगहों पर प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनायें।

# पुलिस मुठभेड़ में इनामी नक्सली राजेश उरांव मारा गया

- शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गुमला लाया गया
- गुमला और लातेहार में हैं दर्ज कई मामले

**अंजुम/सुधाकर**

**गुमला (आजाद सिपाही)।** पुलिस और नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में भाकपा माओवादी संगठन के तीन लाख नक्सली राजेश उरांव मारा गया। यह मुठभेड़ गुरुवार को गुमला जिले के सदर थाना क्षेत्र के अंजनधाम जाने वाले रास्ते में पड़ने वाले मड़वा जंगल के समीप हुई। यह जगह जिला मुख्यालय से महज 18 किमी दूर स्थित है।

**मुठभेड़ में 10 से 12 की संख्या में थे उग्रवादी :** जानकारी के मुताबिक घटना गुरुवार दोपहर 2:30 से 3:00 बजे की है। नक्सली राजेश कमांडर रंथू उरांव और लाज़िम अंसारी दस्ते का सक्रिय सदस्य था। उसके पास से 500 रुपया और मोटरसाइकिल बरामद हुआ है। एसपी ने बताया कि मुठभेड़ में शामिल उग्रवादियों की संख्या लगभग 10 से 12 की थी। मुठभेड़ में गुमला जिला के पुलिस के बल शामिल थे। दो या तीन नक्सलियो को गोली लगने की बात सामने आ रही है। नक्सली को गोली सीने में लगी है जबकि उसके पेट से खून का रिसाव देखा गया। मृतक उग्रवादी राजेश पर 15 से 16 मामले पूरे जिले के थाने में दर्ज हैं।

**सुरक्षा के लिए ग्रामीणों को रोका गया :** घटनास्थल पर मरवा गांव की ओर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। जिन्हें पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा के कारण घंटों रोके रखा था। ग्रामीणों ने बताया कि 2 से 3 घंटे से फंसे हुए थे। पुलिस आगे अपने गांव की ओर नहीं जानें दे रही है। हमारा गांव बहुत दूर है। अंधेरा होने बाद काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



### भाकपा माओवादी का कमांडर था राजेश

राजेश उरांव भाकपा माओवादी का सक्रिय सदस्य होने के साथ-साथ कमांडर भी था। राजेश का आतंक ऐसा था कि उस पर झारखंड पुलिस ने दो लाख और एनआइए ने एक लाख का इनाम घोषित कर रखा था। राजेश उरांव मूल रूप घाघरा थाना के तुंजो हुटार गांव का रहने वाला था। पिछले कई सालों से पुलिस को राजेश उरांव की तलाश थी। राजेश कमांडर रंथू उरांव और लाज़िम अंसारी के दस्ते का सक्रिय सदस्य था। उस पर गुमला और लातेहार जिला के थानों में कई मामले दर्ज हैं। इसकी पुष्टि एसपी डॉक्टर एहतेशाम वकारीब ने की है। एनआइए को भी राजेश उरांव की तलाश थी। राजेश उरांव के खिलाफ लातेहार के चंदवा में हुए चार पुलिसकर्मियों की हत्या के मामले में एनआइए ने भी केस दर्ज किया था। 17 जुलाई 2022 को एनआइए के निर्देश पर राजेश उरांव के घर पर घाघरा पुलिस ने इश्तेहार भी चिपकाया था।




# मुस्लिम लड़के ने हिंदू लड़की पर जबरन दोस्ती का बनाया दबाव

- रात में घर में घुस कर मारपीट और जान मारने का आरोप
- थाने में शिकायत दर्ज, आरोपी युवक आरजू मंसूरी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** लव-जिहाद का मामला पूरे देश में कैंसर की तरह फैल रहा है। हर दिन कोई न कोई मामला सामने आ रहा है। ऐसा ही एक मामला रामगढ़ थाना क्षेत्र सौदागर मुहल्ला से निकल कर सामने आ रहा है। यहां एक मुस्लिम युवक ने एक हिंदू लड़की से जबरन दोस्ती करने के लिए दबाव बनाने की कोशिश की है। रात के अंधेरे में लड़की के घर पहुंचकर गले पर चाकू रख दिया। लड़की ने किसी तरह अपनी जान बचायी और भाग कर थाने पहुंची। इस संबंध में रामगढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

जानकारी के मुताबिक शहर के सौदागर मोहल्ला के रहने वाली सुशीला (बदला हुआ नाम) ने प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी में लिखा है कि सौदागर मोहल्ला के आरजू मंसूरी अपने आठ साथियों के साथ रात 9:00 बजे के लगभग मेरे घर में घुस आया। आरजू मंसूरी अपने लोगों के साथ मुझसे जबरदस्ती दोस्ती करने का दबाव बनाने लगा। मेरे विरोध करने के बाद वह मेरे साथ मारपीट करने लगा। उसने मेरा गला दबा कर जान से मारने की कोशिश की। साथ ही मेरे ऊपर चाकू से हमला किया। सुशीला ने बताया कि उसने किसी तरह से चाकू के वार स खुद को बचाया। वहां से जान बचा कर भागने में कामयाब रही। सुशीला ने प्राथमिकी में यह भी लिखा है कि आरजू मंसूरी हमेशा उसका पीछा किया करता था। दोस्ती करने का हमेशा दबाव बनाता रहता है।

सूचना मिलने के बाद रामगढ़ थाना पुलिस पहुंची। थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि यह घटना 31 मई की देर रात की है। लड़की की प्राथमिकी रामगढ़ थाना में दर्ज कर ली गयी है। उसके द्वारा दर्ज करायी गयी प्राथमिकी के बाद युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।



### लव जिहाद मामले की जांच के लिए मुंबई गयी झारखंड पुलिस

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची में लव जिहाद के मामले की जांच करने रांची पुलिस गुरुवार को मुंबई गयी। मुंबई में रहने वाली मॉडल से रांची पुलिस पूछताछ करेगी और पूरे मामले की जानकारी लेगी। साथ ही मॉडल का बयान दर्ज करेगी। बिहार के भागलपुर की रहने वाली एक मॉडल ने रांची के एक मॉडलिंग स्कूल के संचालक तनवीर अख्तर पर धोखा देने, शादी के लिए धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने और यौन शोषण का आरोप लगाया है। उसने मुंबई के वसोर्वा थाने में मंगलवार को तनवीर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। एफआइआर को मुंबई पुलिस ने झारखंड ट्रांसफर कर दिया। गोन्दा थाना में केस दर्ज कर लिया गया है। रांची पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। केस के जांच की जिम्मेदारी एसआइ विवेक कुमार के पास है। पुलिस आरोपित तनवीर अख्तर से संपर्क स्थापित करने की कोशिश में है।

आजाद सिपाही 188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,700 रु./10 ग्राम
चांदी 76,500 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 02 जून, 2023
www.azadsipahi.in


# मध्यप्रदेश जीतने के लिए हिंदुत्व की राह चली कांग्रेस

## ■ पार्टी मुख्यालय को भगवा रंग से सजाने के अलावा पुजारी प्रकोष्ठ का गठन

## ■ सुंदरकांड पाठ से लेकर पुजारियों को वेतन देने तक के वादे

## ■ धर्म-संवाद और मठ-मंदिर स्वायत्तता दिवस का आयोजन

**चुनाव की दहलीज पर खड़े मध्य प्रदेश में दिखावे की राजनीति के चटख रंग दिखने लगे हैं। राजनीति में धर्म के इस्तेमाल पर भारतीय जनता पार्टी को नसीहत देती रही कांग्रेस को भी धर्म सम्मेलनों से परहेज नहीं रह गया है। सामने चुनाव है और मुकाबला भाजपा से। ऐसे में कांग्रेस भी हिंदुत्व की राह पर चलने को मजबूर हो गयी है। इसका नजारा पिछले दिनों प्रदेश कांग्रेस भवन में दिखा। धर्म-संवाद और मठ-मंदिर स्वायत्तता दिवस के बहाने कांग्रेस ने धर्मगुरुओं को साधने की कोशिश की। कांग्रेस भवन को भगवा रंग की पट्टिका से सजाया गया। दरअसल पुजारियों के माध्यम से बड़े वर्ग को साधने के लिए प्रदेश कांग्रेस ने पहली बार मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ का गठन किया है। इसका उद्देश्य मंदिरों के संचालकों या फिर पुजारियों को जो समस्याएं आती हैं, उन्हें जानना और राज्य में सरकार बनने पर पर उनका समाधान करने के साथ तुष्टीकरण के आरोपों से मुक्ति पाना है। पार्टी यह अच्छी तरह से जानती है कि यदि सत्ता में वापसी करनी है, तो बहुसंख्यकों (हिंदुओं) का साथ जरूरी है, इसलिए उनसे जुड़ने के प्रयास लगातार किये जा रहे हैं। हालांकि वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव के पहले भी कांग्रेस की तरफ से इसी तरह की कोशिश की गयी थी। तब से लेकर आज तक मध्य प्रदेश में कांग्रेस अपनी छवि बदलने की कोशिश लगातार कर रही है। पिछले विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने नर्मदा परिक्रमा की थी। भले ही यह गैर राजनीतिक थी, पर इसका लाभ कांग्रेस को चुनाव में मिला था। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भी राहुल गांधी ने महाकाल दर्शन के साथ नर्मदा का पूजन किया था। कांग्रेस के कई नेता भागवत कथा करा चुके हैं। सियासी मैदान में हरदम धर्मनिरपेक्षता के मंत्र का जाप करनेवाली कांग्रेस के लिए मध्यप्रदेश में हिंदुत्व की राह पर चलने का क्या असर होगा, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

चुनाव बड़ी अजीब चीज है। लोकतांत्रिक व्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम होने के बावजूद आज चुनाव का पूरा खेल लोगों को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए साम-दाम-दंड-भेद की नीति अपनाने तक सीमित रह गया है। चुनाव जीतने के लिए अक्सर ऐसा होता है कि राजनीतिक दल अपने सिद्धांतों को छोड़ने में तनिक भी देर नहीं लगाते। मध्यप्रदेश में तो अभी यही स्थिति दिख रही है, जहां इसी साल नवंबर-दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। पिछली बार सत्ता में आने के बावजूद उसे गंवाने के बाद कांग्रेस इस बार कोई रिस्क लेने के मूड में नहीं है। इसलिए वह इस बार अभी से ही उस रास्ते पर आगे बढ़ती दिखाई दे रही है, जिसे वह धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ बताती रहती है।

मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव अब सिर पर है। इसके साथ ही फिर भगवान राम सियासत के केंद्र में आ गये हैं। दोनों ही राजनीतिक पार्टियां हिंदू वोटरों को साधने के लिए धर्म का सहारा ले रही हैं। भाजपा अक्सर कांग्रेस को चुनावी हिंदू बताती रही है। वहीं, कांग्रेस पिछले चुनाव से ही भाजपा की पिच पर बैटिंग करने में जुटी है। 2018 चुनाव में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के रामभक्त वाले होर्डिंग पूरे प्रदेश में दिखे थे। इसके अलावा उन्होंने चित्रकूट में भगवान कामतानाथ के दर्शन किये थे। हाल ही में संपन्न भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भी राहुल ने उज्जैन में भगवान महाकाल के दर्शन किये थे।

मध्यप्रदेश की सियासत में धर्म का तड़का कोई नयी बात नहीं है। पिछले चुनाव में जीत के बाद कांग्रेस सरकार ने नर्मदा विकास के लिए समिति बनाकर कंप्यूटर बाबा उर्फ नामदेव दास त्यागी को राज्यमंत्री का दर्जा दिया था। मार्च 2018 में नर्मदा नदी के किनारे पेड़ लगाने में हुए कथित घोटाले को लेकर यात्रा निकाली गयी थी, जिसमें शिवराज सरकार ने पौधरोपण को बढ़ावा दिया और एक कमेटी का गठन किया। इस कमेटी में कंप्यूटर बाबा को शामिल किया गया और उन्हें राज्यमंत्री का दर्जा मिला। लेकिन जब सरकार बदली, तो कंप्यूटर बाबा ने भाजपा का दामन छोड़ कांग्रेस का हाथ पकड़ लिया। इसके अलावा कंप्यूटर बाबा ने 2019 लोकसभा चुनाव में भाजपा की साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर का विरोध किया था और दिग्विजय सिंह को जिताने के लिए मिर्ची यज्ञ किया था। वहीं इस चुनाव से पहले प्रदेश की राजनीति में दो धर्मगुरु- धीरेंद्र शास्त्री और कथावाचक प्रदीप मिश्रा केंद्र बने हुए हैं।



पिछले कुछ समय में बागेश्वर धाम में भाजपा और कांग्रेस के कई दिग्गज पहुंचे हैं। इसमें भाजपा सांसद मनोज तिवारी, मध्यप्रदेश भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और खजुराहो सांसद वीडी शर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता अरुण यादव, पूर्व सीएम और पीसीसी चीफ कमलनाथ और गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा आदि शामिल हैं। प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी फरवरी में बागेश्वरधाम पहुंचे थे। माना जा रहा है कि चुनावी साल में बहुंसख्यक वोटों को हासिल करने की कोशिश में राजनीतिक दल दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं।

इस तरह मध्यप्रदेश में इस बार कांग्रेस भी उसी राह पर चल पड़ी है, जिस पर चलने का आरोप वह भाजपा पर लगाती है। यह राह है हिंदुत्व की। कांग्रेस इस बार चुनावी मैदान में धर्म के इस्तेमाल से तनिक भी परहेज नहीं कर रही है। चाहे प्रदेश मुख्यालय में धर्म संवाद कार्यक्रम का आयोजन करना हो या फिर मुख्यालय को भगवा रंग के झंडों से सजाना, कांग्रेस इस बार भाजपा से एक कदम आगे दिख रही है। धर्म संवाद कार्यक्रम का आयोजन कर कांग्रेस ने बड़ा संदेश देने की कोशिश की। दरअसल यहां कांग्रेस द्वारा मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ का धर्म संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रदेश भर के मठों और मंदिरों के पुजारी शामिल हुए। इस दौरान प्रकोष्ठ ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ को गदा भेंटकर धर्म संवाद कार्यक्रम में उनका स्वागत किया।

### क्या है कांग्रेस का मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ

पिछले साल के अंत में राज्य में कांग्रेस ने मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ बनाया। कहा जा रहा है कि इस प्रकोष्ठ के जरिये कांग्रेस हिंदुत्व की छवि चमकाना चाहती है। कांग्रेस ने मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ का गठन कर शिवनारायण शर्मा को अध्यक्ष बनाया है।

विशेषज्ञों का कहना है कि इस प्रकोष्ठ के जरिये पार्टी ब्राह्मण वोटों को साधना चाहती है। इस प्रकोष्ठ के जरिये कांग्रेस मंदिर और पुजारियों के मुद्दे भी उठाना चाहती है। इसके बाद पिछले दिनों रामनवमी के पावन पर्व पर पूर्व सीएम कमलनाथ के बेटे और छिंदवाड़ा सांसद नकुलनाथ भगवामय दिखे थे। उस दिन वह रघुवंशी समाज छिंदवाड़ा द्वारा निकाली गयी शोभा यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान कांग्रेस सांसद ने हेलीकॉप्टर से फूल बरसा कर यात्रा का स्वागत किया और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पूजा-अर्चना की।

पिछले साल (अप्रैल 2022 में) भी प्रदेश कांग्रेस ने रामनवमी और हनुमान चालीसा पर अपने कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और विधायकों को रामलीला, सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ करने के निर्देश दिये थे, ताकि चुनाव से पहले कांग्रेस जनता के बीच अपनी पैठ को और मजबूत कर सके। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने छिंदवाड़ा में भव्य हनुमान मंदिर बनाया है। यही कारण है कि वह अपने आप को रामभक्त हनुमान का भक्त कहलाना पसंद करते हैं।

पांच अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया था। भूमि पूजन से पहले मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अपनी ट्विटर प्रोफाइल की फोटो बदल ली थी। इस तस्वीर में वह भगवा चोला पहने हुए नजर आ रहे थे। कांग्रेस नेता ने अपनी तस्वीर बदली और लिखा था, 'श्रीराम के हनुमान करो कल्याण'। इसके अलावा उन्होंने भोपाल स्थित अपने आवास में हनुमान चालीसा का पाठ किया था।

### राम वन गमन पथ का वादा

मध्यप्रदेश में कांग्रेस धर्म के मुद्दे पर अपनी पैठ बनाने की कोशिश पिछले चुनाव से ही कर रही है। 2018 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने राम वन गमन पथ को अपने वचन पत्र में शामिल किया था। इसमें उन धार्मिक स्थानों को आध्यात्मिक रूप से विकसित करने की योजना है, जिन पर वन गमन के समय भगवान राम के चरण पड़े थे। चुनाव के बाद कांग्रेस कमलनाथ सरकार ने कार्ययोजना बनाकर 22 करोड़ रुपये का बजट भी अध्यात्म विभाग को दिया, लेकिन 15 महीने बाद ही सरकार चली गयी। शिवराज सरकार बनने के बाद दोबारा राम वन गमन पथ को लेकर काम शुरू किया गया। अब इसका काम अध्यात्म विभाग से लेकर संस्कृति विभाग को सौंपा गया है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि राम वन पथ गमन को लेकर काम शुरू हो गया है।

### किन वोटों की साधने की कोशिश

धार्मिक आयोजनों और धर्म गुरुओं के चक्कर लगाकर के जरिये कांग्रेस हिंदू वोटों को साधने की कोशिश में है। विशेषज्ञ कहते हैं कि पुजारियों के लिए धर्म संवाद और वेतन जैसे कार्यक्रम आयोजित कर कांग्रेस प्रदेश में ब्राह्मण वोट को अपनी ओर लाने की कोशिश कर रही है। 2018 के विधानसभा चुनाव के आंकड़े के अनुसार प्रदेश में 40 लाख के करीब ब्राह्मण वोटर हैं। यह कुल वोट बैंक का 10 प्रतिशत के करीब है, जो विंध्य, महाकौशल, चंबल और मध्य क्षेत्र की 60 से अधिक सीटों पर सीधा प्रभाव डालते हैं। ऐसे में यदि ब्राह्मण वोट कांग्रेस की ओर आता है, तो पार्टी के लिए 2023 का रास्ता आसान हो जायेगा।

---

# दिव्यांगों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं, उनकी क्षमता को पहचान कर प्रेरित करें : राज्यपाल



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि प्रतिभा की कोई सीमा नहीं होती। यह शारीरिक और मानसिक सीमाओं से परे है। वास्तव में कई दिव्यांग व्यक्तियों ने विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण कौशल और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया है। दिव्यांगों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। हमें उनमें निहित अद्वितीय क्षमताओं को पहचान कर उनके अनुरूप कार्य करने के लिए उन्हें प्रेरित करना चाहिए।

राज्यपाल गुरुवार को रांची के श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति केंद्र के नये भवन का उद्घाटन के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सर्वप्रथम 'दिव्यांग' शब्द के उपयोग का सुझाव दिया था। हम इस पहल के लिए प्रधानमंत्री के आभारी हैं। उन्होंने दिव्यांगों को सशक्त बनाने के लिए कई पहल की हैं। हमारे प्रधानमंत्री दिव्यांग व्यक्तियों को सशक्त बनाने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध हैं।

राज्यपाल ने कहा कि दिव्यांगों ने रूढ़िवादिता को तोड़ते हुए खेल से लेकर कला, शिक्षा से लेकर उद्यमिता तक में अपनी क्षमता साबित की है। हमने पैरालंपिक में एथलीटों द्वारा उल्लेखनीय प्रदर्शन को देखा है । उनके दृढ़ संकल्प और अद्वितीय कौशल ने दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित किया है। साथ ही कला और संस्कृति के क्षेत्र में भी दिव्यांगजनों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पेंटिंग, मूर्तिकला, संगीत, नृत्य या कविता के माध्यम से उनकी रचनात्मक प्रतिभा की उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। राज्यपाल ने सहायता समिति के कार्यों की सराहना भी की। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार, सांसद संजय सेठ और विधायक समरी लाल सहित कई लोग मौजूद थे।

---

# झारखंड में अभी और सतायेगी गर्मी

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड में गर्मी अभी और सतायेगी। बढ़ते तापमान ने इसके संकेत भी दिए हैं। मौसम विभाग के अनुसार तेज धूप की वजह से उमस और गर्मी ज्यादा महसूस होगी। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस महीने आसमान साफ रहने की संभावना है। तेज धूप परेशान करेगा और राज्य के कई हिस्सों में तापमान में बढ़त दर्ज की जा सकती है। तेज धूप की वजह से तापमान में बढ़त आयेगी। तापमान पारा 42 डिग्री सेल्सियस के पार जाने की संभावना है। सुबह से ही राज्य के कई हिस्सों में तेज धूप खिली रहेगी। अभी कुछ दिनों में तापमान में गिरावट को लेकर कोई राहत नजर नहीं आ रही है। तापमान इतना बढ़ेगा कि कई जगहों पर गर्म हवा होगी और लू चलने की भी संभावना है। इस दौरान राज्य में कहीं भी बारिश या आंधी की संभावना नहीं है। 13 जून के बाद मौसम फिर करवट ले सकता है। मौसम विभाग ने संकेत दिया है कि 13 जून तक झारखंड में गर्मी बढ़ेगी। तीखी धूप और उमस लोगों को परेशान करेगी। 13 जून की शाम को आसमान में बादल नजर आ सकते हैं। 14 जून से बारिश की संभावना है।

---

# झारखंड के 80 विद्यालयों के नाम के साथ जुड़ेगा सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, विरोध भी शुरू हुआ

**झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन ने नदिया हिंदू उच्च विद्यालय का नाम बदलने पर जतायी आपत्ति**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की हेमंत सरकार स्कूलों के नाम बदल रही है। इस बदलाव को लेकर विरोध तेज होने लगा है। लोहरदगा में नदिया हिंदू हाई स्कूल का नाम बदलकर डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस कर दिया गया। रामरुद्र प्लस टू हाईस्कूल चास के भी नाम बदले जाने का विरोध हो रहा है।

झारखंड सरकार ने 80 उत्कृष्ट विद्यालयों के नाम के साथ अब सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस जोड़ने की बात की है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा पिछले दिनों आदेश जारी किया गया था। शिक्षा विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार, कुछ स्कूलों के नाम बदले गये हैं। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने नदिया हिंदू उच्च विद्यालय का नाम बदले जाने पर आपत्ति जतायी है।

नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय की स्थापना आजादी से पहले सन 1931 में की गई थी। स्कूल की स्थापना घनश्याम दास बिड़ला और स्थानीय लोगों ने मिलकर की थी। इस विद्यालय में स्थापना समय से ही हिंदू-मुस्लिम एवं सभी धर्मों के लोग एक साथ आपसी भाई-चारे के साथ पढ़ते हैं। तब से इस विद्यालय का नाम नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय रहा है। तत्कालीन बिहार सरकार ने जब स्कूल का अधिग्रहण कर इसे सरकारी विद्यालय के रूप में मान्यता दी तो नाम नहीं बदलने की शर्त पर ही विद्यालय को स्थानीय लोगों ने सरकार को सौंपा था, लेकिन अब हेमंत सरकार ने राज्य में 80 स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालय का दर्जा दिया है।

ऐसे में इन सभी स्कूलों का पुराना नाम हटाकर मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय किया जाना है। यहां लोगों की मांग ये है कि स्कूल का नाम मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया की जगह नदिया हिन्दू मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय कर दिया जाए। इस संबंध में झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं झारखंड शिक्षा सचिव से मुलाकात करेगा। पूरे विषय वस्तु की जानकारी देते हुए विद्यालय का नाम ना बदलने का आग्रह उनसे किया जायेगा।

झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि नदिया हिंदू उच्च विद्यालय का नाम बदले जाने के फैसले से सरकार एवं प्रशासन के खिलाफ अभिभावकों एवं आम जनता में व्यापक जन-आक्रोश है। सरकार द्वारा नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय के नाम को बदलकर उत्कृष्ट विद्यालय की सूची में इसे डाल कर इसका नाम मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय किया जाना है जो कि बिल्कुल गलत एवं दुर्भाग्यपूर्ण फैसला है।

### इन विद्यालयों के नाम में किये गये बदलाव

- आरके प्लस टू गर्ल्स हाईस्कूल गढ़वा नाम से आरके हटाया गया।
- गवर्नमेंट सीडी गर्ल्स हाईस्कूल झुमरीतिलैया नाम से सीडी हटाया।
- एसएसएलएनटी गवर्नमेंट गर्ल्स प्लस टू स्कूल धनबाद से एसएसएलएनटी हटाया गया।
- अपग्रेड प्रोजेक्ट गर्ल्स प्लस टू स्कूल नावाडीह में रामरुद्र जोड़ कर स्कूल को चास में बताया।
- एसएस गर्ल्स हाईस्कूल रामगढ़ कैंट से एसएस हटाया।
- जिला स्कूल हजारीबाग विद्यालय से जिला हटाया गया।
- पाकुड़ राज प्लस टू स्कूल से राज शब्द हटाया गया।
- गवर्नमेंट नदिया हिंदू हाई स्कूल लोहरदगा से हिंदू शब्द हटाया।
- रामरुद्र प्लस टू हाईस्कूल चास से रामरुद्र शब्द हटा कर शुरू में एलएनटी जोड़ा गया।
- झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने फैसले की निंदा की है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 37.6 °c | 25.8 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.31 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.03 बजे |



## झारखंड विद्युत नियामक आयोग ने बिजली की नयी दरें लागू की

# 5 से 15 पैसे प्रति यूनिट की हुई वृद्धि

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विद्युत नियामक आयोग ने गुरुवार को राज्य में नयी बिजली दरों का एलान किया। आयोग के कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में आयोग के अध्यक्ष अमिताभ गुप्ता ने नयी दरों का एलना किया। इसके तहत अब ग्रामीण इलाकों में घरेलू की दर 5.80 रूरुपये प्रति यूनिट होगी, जबकि घरेलू शहरी की दर 6.30 रुपये प्रति यूनिट होगी। इसी प्रकार घरेलू एचटी की दर 6.15 रुपये निर्धारित की गयी है। आयोग ने 6.50 फीसदी टेरिफ वृद्धि को अपनी मंजूरी दी है, जबकि जेबीवीएनएल ने 20 फीसदी



बढ़ोत्तरी किये जाने की मांग की थी। नयी टैरिफ झारखंड बिजली वितरण के उपभोक्ताओं के लिये मान्य है। झारखंड बिजली वितरण निगम ने इस संबंध आयोग को टैरिफ पीटिशन सौंपा था। इसमें घाटे को दर्शाते हुए दर बढ़ाने की अनुमति का आग्रह किया गया था।

### 7000 करोड़ रुपये नुकसान का आंकड़ा

जेबीवीएनएल की ओर से दिये प्रस्ताव में 20 फीसदी वृद्धि की मांग की गयी थी। प्रस्ताव में बिजली वितरण निगम ने बताया है कि निगम सालाना 7400 करोड़ के नुकसान में है। साल 2020 में ये घाटा 2200 करोड़ रुपये था। साल 2021 में 2600 करोड़, साल 2022 में 2500 करोड़ रुपये का घाटा बताया गया है। हालांकि जनसुनवाई के दौरान लोगों ने निगम के दांवों को झूठ बताया। साथ ही बिजली दरों में वृद्धि नहीं करने की अपील की गयी।

### तीन साल बाद बढ़ी बिजली दर

पिछले तीन साल से राज्य में बिजली दरें घोषित नहीं की गयी थी। साल 2020 में कोविड महामारी को देखते हुए आयोग ने बिजली दर बढ़ोतरी का निर्णय नहीं लिया। ऐसे में साल 2019 का दर अब तक मान्य है। वहीं, साल 2020 के बाद से नियामक आयोग में अध्यक्ष और सदस्य पद खाली हो गया. जिससे बिजली दरें निर्धारण की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पायी।

**2019 से लागू दरें :** घरेलू ग्रामीण उपभोक्ताओं से 5.72 रुपये लिये जाते है। घरेलू शहरी उपभोक्ता से 6.25 प्रति यूनिट, घरेलू एचटी से 6.25 रुपये, कॉमर्शियल ग्रामीण से छह रुपये प्रति यूनिट, कॉमर्शियल शहरी से 6.25 रुपये प्रति यूनिट, कृषि कार्यों के लिये 5 रुपये प्रति यूनिट, एलटीआइएसएस से 5.75 प्रति केवीएच और एचटीआइएस 5.50 प्रति केवीएच लिया जाता रहा है। अब इन दरों में बदलाव होगा।

वहीं, झारखंड में उपभोक्ताओं को 100- 200 यूनिट उपभोग पर सब्सिडी प्रति यूनिट 2.75 रुपये और 201- 400 यूनिट पर सब्सिडी प्रति यूनिट 2.05 रुपये मिल रही है।

## अब्दुल हमीद ने पीआइबी रांची में संयुक्त निदेशक का पदभार संभाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी अब्दुल हमीद ने गुरुवार को पत्र सूचना कार्यालय, रांची में संयुक्त निदेशक के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया। श्री हमीद इससे पूर्व आकाशवाणी रांची में समाचार सेवा प्रभाग के प्रमुख के रूप में कार्यरत थे।

भारतीय सूचना सेवा में 35 वर्ष से अधिक के कार्यकाल में श्री हमीद ने दिल्ली, कोलकाता, गंगटोक, गुवाहाटी, इंफाल और रांची में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रमुख विभागों जैसे- पीआइबी, आकाशवाणी, प्रकाशन विभाग, दूरदर्शन, सीबीसी में अपनी सेवाएं दी हैं।

पीआइबी रांची के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा



ने कहा कि श्री हमीद की योग्यता एवं अनुभव का लाभ पीआइबी, रांची को मिलेगा। इस मौके पर पीआइबी रांची के कार्यालय प्रमुख ओंकार नाथ पांडेय एवं क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर भी मौजूद थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** लोकप्रियता का विस्तार। अधूरा कार्य पूरा होगा। उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति। विरोधियों पर विजय मिलेगा।

**वृष** रोग-शोक-दु:श्चिंताओं से छुटकारा। जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान।

**मिथुन** गुप्त विरोधियों का षड़यंत्र विफल। प्रभावशाली व्यक्तियों से सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा।

**कर्क** भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति। पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा। मनोकामनाएं पूरी होगी।

**सिंह** नयी आशाओं का उदय होगा। धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

**कन्या** धैर्य, गंभीरता एवं सहनशीलता से परिवार में महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा। रोजी-रोजगार में उन्नति।

**तुला** आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे। पारिवारिक दायित्व निर्वहन में खर्च अधिक होगा।

**वृश्चिक** रोजी-रोजगार में परिवर्तन। आर्थिक लाभ। सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा।

**धनु** योजना को साकार करने में साथ मिलेगा। आर्थिक लाभ। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा।

**मकर** कार्य में सफलता। विरोधियों पर विजय। सामाजिक-राजनीतिक संपर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा।

**कुंभ** परिस्थितियों में सुधार। व्यवसाय में लाभ। सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।

**मीन** स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा। घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण।

## आज और कल महासंपर्क अभियान के केंद्र बिंदु विकास तीर्थ बनेंगे : भाजपा

**सभी विधानसभा क्षेत्र के विकास तीर्थ पर जुटेंगे नेता, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा का महा जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ हो चुका है। 29 मई को मीडिया संवाद के साथ भारत सरकार के राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह ने रांची में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से 9 साल की ऐतिहासिक उपलब्धियों पर चर्चा की वहीं प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता कर प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने महासंपर्क अभियान के तहत महीने भर चलने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। महा जनसंपर्क अभियान के प्रदेश संयोजक सह प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने बताया कि आगामी 2 और 3 जून को प्रदेश के सभी 81 विधानसभा




क्षेत्रों में मोदी सरकार एवं प्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा विकसित प्रमुख स्थल जिसे पार्टी ने विकास तीर्थ कहा है, का भ्रमण करेंगे। डॉ वर्मा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश 3 जून को रांची विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत स्थित बिरसा मुंडा पार्क, जेल रोड के कार्यक्रम में शामिल होंगे, जबकि प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह 3 जून को भारत सरकार द्वारा विकसित लोहरदगा रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि 3 जून को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा खरसावां विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खूंटपानी में हर घर नल जल योजना स्थल के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी 3 जून को कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के मेडिकल कालेज करमा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। डॉ प्रदीप वर्मा 3 जून को खिजरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत निर्मित हुंडरू ब्रिज स्थल पर कार्यक्रम में शामिल होंगे। 2 जून को प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय हटिया विधानसभा क्षेत्र के नगड़ी स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने गुरुवार को खिजरी विधानसभा क्षेत्र के ओरमांझी स्थित अनगड़ा ब्रिज पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।

## अरविंद केजरीवाल और भगवंत सिंह मान आज सीएम हेमंत सोरेन से करेंगे मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिल्ली के मुख्यमंत्री सह आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल एवं पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान शुक्रवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करेंगे। दिल्ली में अधिकारियों की पोस्टिंग, ट्रांसफर के मुद्दे पर केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ अरविंद केजरीवाल विभिन्न नेताओं से समर्थन मांग रहे हैं। इसी कड़ी में अरविंद केजरीवाल झारखंड आ रहे है। मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, अरविंद केजरीवाल और दिल्ली के सीएम भगवंत सिंह मान संयुक्त रूप से प्रेस को संबोधित करेंगे।

**क्या है केंद्रीय अध्यादेश को लेकर विवाद :** दरअसल केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार के बीच दिल्ली में प्रशासन के मुद्दे पर खींचतान चल रही है। बीती 11 मई को सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में कानून व्यवस्था, पुलिस और जमीन को छोड़कर अन्य सभी मामलों में फैसले लेने का अधिकार दिल्ली की चुनी हुई सरकार को दिया था। कोर्ट ने कहा था कि कानून व्यवस्था, जमीन और पुलिस को छोड़कर अन्य मामलों पर उपराज्यपाल दिल्ली सरकार की सलाह पर ही काम करेंगे। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद दिल्ली सरकार ने सर्विस सेक्रेटरी आशीष मोरे का ट्रांसफर कर दिया। दिल्ली सरकार का आरोप है कि उपराज्यपाल ने इस फैसले पर रोक लगा दी। हालांकि बाद में एलजी ने फैसले को मंजूरी दे दी थी। वहीं सुप्रीम कोर्ट के फैसले के सात दिन बाद ही केंद्र सरकार ने 19 मई को नया अध्यादेश जारी कर दिया। इसके मुताबिक दिल्ली में अधिकारियों की पोस्टिंग ट्रांसफर का अंतिम फैसला उपराज्यपाल का होगा। आप इस अध्यादेश को कोर्ट की अवमानना बता रही है और इसके खिलाफ विपक्ष का समर्थन जुटाने की कोशिश कर रही है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

## झारखंड में लव जिहादियों को पुलिस का डर नहीं : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के सौदागर मोहल्ला में एक हिंदू लड़की से जबरन दोस्ती करने के लिए उसकी गर्दन पर चाकू रखने के मामले ने राजनीतिक रूप ले लिया है। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को कहा कि लव जिहादियों को झारखंड पुलिस प्रशासन का डर बिल्कुल भी नहीं है। वे बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। साथ ही उन्होंने झारखंड के डीजीपी से आग्रह किया है कि ऐसे गंभीर मामले को संरक्षण देनेवाले लोगों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड में लव जिहादियों की हिम्मत काफी बढ़ गयी है। सजा काट कर आने के बाद भी उनके अंदर ना तो प्रशासन का डर है और ना ही फिर से पकड़े जाने का डर। उन्होंने कहा कि 14 जनवरी



को जब अरमान खान नामक युवक ने लव जिहाद में रामगढ़ की ममता की निर्मम हत्या कर दी थी तब आरजू ने ममता की बहन को जान से मारने की धमकी दी थी। उस मामले में आरजू की गिरफ्तारी हुई और वह जेल गया। जेल से निकल कर उसने फिर एक लड़की पर जबरन दोस्ती करने का दबाव बनाया। आठ अन्य अपराधियों के साथ मिल कर वह उसके घर में घुसा और उसे जान से मारने का प्रयास किया। बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि राज्य में ऐसी वारदातें अप्रत्याशित रूप से बढ़ी हुई हैं। अभी गिरिडीह का मामला शांत भी नहीं हुआ था कि रामगढ़ में ऐसा दुस्साहस हुआ है। उन्होंने इस प्रकरण में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि केरला स्टोरी भले एक काल्पनिक फिल्म लगती हो, लेकिन झारखंड में बड़े पैमाने पर षड्यंत्र चल रहा है। यह बहुत ही गंभीर है। इसे रोकने की दिशा में पहल होनी चाहिए।

## भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ आशा लकड़ा की माता का निधन

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची रिम्स में इलाजरत भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री डॉ आशा लकड़ा की माता वीणा देवी का बुधवार रात करीब दो बजे निधन हो गया।अंतिम संस्कार गुमला के कोटाम स्थित पैतृक गांव चुहरू में किया जायेगा। उनके निधन पर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने गहरा शोक प्रकट किया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और कहा कि भगवान उनकी आत्मा को शांति तथा सभी परिजनों को धैर्य और साहस प्रदान करें। नेता विधायक दल बाबूलाल मरांडी ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि चंद दिनों के भीतर माता पिता को खोना यह दुखों का पहाड़ टूटने जैसा है। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय ने भी शोक व्यक्त किया है।

## विप्र फाउंडेशन ने किया हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा का स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुरुवार को विप्र फाउंडेशन जोन 6 झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष पवन शर्मा के नेतृत्व में हरियाणा से रांची पहुंचे विप्र फाउंडेशन के संरक्षक हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा का विप्र फाउंडेशन झारखंड की ओर से अंग वस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। विप्र फाउंडेशन जोन 6 के प्रदेश महामंत्री प्रमोद सारस्वत ने बताया कि भाई सुरेंद्र शर्मा जी के आगमन की सूचना पर हम सभी उनके स्वागत के लिए पहुंचे। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के द्वारा चलायी जा रही समाज कल्याण योजनाओ के विकास पर चर्चा हुई। इस दौरान



सुरेंद्र शर्मा ने कई सुझाव भी दिए। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष पवन शर्मा, महामंत्री प्रमोद सारस्वत, शशांक भारद्वाज, बबलू हरित, विद्याधर शर्मा भी उपस्थित थे।

## होटवार में चौथी राष्ट्रीय रैंकिंग रोलर रोड स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चौथी राष्ट्रीय रैंकिंग रोलर रोड स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता एक जून से 5 जून तक होटवार में खेली जायेगी। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के शुरू होने से पहले प्रतिभागियों के लिए अभ्यास सत्र 30 और 31 मई को रखा गया था। देश के सभी राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों से इस प्रतियोगिता में लगभग 1200 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।प्रतिभागियों के लिए अभ्यास सत्र अलग-अलग राज्यों के लिए अलग-अलग समय निर्धारित किया गया था। 30 और 31 मई को तड़के सुबह 5 बजे से 9 बजे तक झारखंड, आंध्र प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, केरेला, पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, बिहार और चंडीगढ़ के प्रतिभागियों ने अभ्यास सत्र में भाग लिया जबकि शाम 5 बजे से 9:30 बजे तक कर्नाटका, तेलांगना, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओड़िशा, तमिलनाडु, गोवा, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, पंजाब आदि राज्यों ने अभ्यास सत्र में भाग लिया।

केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट)
रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग
रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार
हेहल, राँची, झारखण्ड- 834005
प्लास्टिक्स इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कैरियर का अवसर
उत्कृष्ट प्लेसमेंट रेकॉर्ड
ADMISSION OPEN
पाठ्यक्रमः
डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी (DPMT)- Lateral
डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी (DPT)- Lateral
12वी (विज्ञान)/ITI* पास के लिए डिप्लोमा के दूसरे वर्ष में सीधा प्रवेश
Registration Link-
https://forms.gle/scLbJ7bDuS8oVxs66
8058128857, 9873453987, 7896083741
Email- ranchi@cipet.gov.in | Website: www.cipet.gov.in

## विधायक प्रदीप यादव के निजी सचिव देवेंद्र पंडित समेत पांच लोगों को इडी जारी करेगी समन, 100 करोड़ टैक्स चोरी मामले में होगी पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधायक प्रदीप यादव के निजी सचिव देवेंद्र पंडित समेत पांच लोगों को इडी समन जारी करेगी। समन जारी कर 100 करोड़ रुपये टैक्स चोरी मामले में पूछताछ की जायेगी। इडी के अधिकारियों ने देर रात तक कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव के आवास पर तलाशी ली और बरामद दस्तावेज के आधार पर सवाल जवाब किये।

इडी को जो महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं, उसके अनुसार 100 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी



का मामला सामने आया है। जल्द ही इस मामले में शिव कुमार, अजय झा, विनोद लाल, देवेंद्र पंडित, अजय अकेला, श्यामाकांत यादव से पूछताछ की जायेगी।

बता दें कि मंगलवार को इडी ने विधायक के रांची-गोड्डा आवास सहित उनके करीबियों के 16 ठिकानों पर छापेमारी की थी। उस दौरान वे गोड्डा में थे। उनकी अनुपस्थिति में छानबीन नहीं की गई, बल्कि उनके सरकारी आवास को सील कर दिया गया था। उन्हें रांची बुलाया गया था। मंगलवार को छापेमारी में दुमका के पीएचईडी के ठेकेदार अजय झा के आवास से 60 लाख रुपये जब्त किये गये थे।

### आयकर विभाग ने नवंबर 2022 में की थी छापेमारी

आयकर विभाग ने विधायक प्रदीप यादव के यहां चार नवम्बर 2022 को छापेमारी की कार्रवाई की थी? इसी दौरान आयकर विभाग की एक टीम उनके निजी सचिव देवेंद्र कुमार पंडित के यहां भी सर्च करने के लिए पहुंची थी। विधायक प्रदीप यादव के रोजमर्रा के फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन समेत तमाम गतिविधियों को देवेंद्र के द्वारा ही संचालित किया जाता था। ऐसे में आयकर विभाग की टीम इनकम टैक्स एक्ट की धारा-132 के तहत कार्रवाई करने देवेंद्र के घर गयी थी, लेकिन आयकर टीम जब मौके पर पहुंची, तब देवेंद्र कुमार पंडित घर पर नहीं मिले।

UNIVERSITY COLLEGE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY (UCET)
VINOBA BHAVE UNIVERSITY
Hazaribag - 825319 (Jharkhand)
Approved by UGC & AICTE
Ph.No.: 06546-261929 (0), Fax: 06546-261929, E-mail: vbuucet@gmail.com,
Website: www.ucetvbu.ac.in
ADMISSION NOTICE
Bachelor in AI & ML Programme (Session: 2023-26)
Admission open for three-years Full-Time Programme in Bachelor in Artificial Intelligence & Machine Learning course.
Intake: 60 seats only.
Note - Admission will be held by Entrance Test.
Admission form will be available online/offline mode from 17th April 2023 to 28th June 2023. Admission process will be held from 24th July to 31st July 2023.
Applications form may be obtained from the department by paying Rs. 1000/- (Rs. One Thousand only) through Challan (available in the Dept.) between 10:30 A.M. to 3:30 P.M. The duly filled in the application form must be submitted in the department on or before 28th June 2023.
For more information visit University website: www.vbu.ac.in/ www.ucetvbu.ac.in
For any enquiry, contact no.: 6206363923/9162523117/ 9430182008/
By order of the Vice-Chancellor
Sd/-
Registrar,
VBU, Hazaribag
UCET/AILML/014/2023
Dated : 27/05/2023

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 02 जून, 2023
www.azadsipahi.in



# लव जिहाद के खिलाफ हिंदू संगठनों का प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** गुरुवार को समाजसेवी और हिंदुवादी नेता भैरव सिंह के नेतृत्व में दिल्ली में साक्षी की बेरहमी से हत्या और मॉडल से लव जिहाद मामले को लेकर हिंदू संगठनों और महिलाओं ने प्लाजा सिनेमा के सामने प्रदर्शन किया। इस दौरान दोनों मामलों में आरोपी को जल्द से जल्द फांसी देने की मांग की गयी। भैरव सिंह ने सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से आयी महिलाओं का स्वागत पुष्प वर्षा कर किया। इसके बाद महिलाओं को फ्री में द केरला फाइल्स दिखायी गयी।

बता दें कि इससे पहले भी भैरव सिंह ने हिंदू महिलाओं को जागरूक करने के लिए पूरे सिनेमा हॉल को बुक करके फिल्म दिखायी थी। प्लाजा सिनेमा के सामने प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने कहा कि जागरूकता फैलाने के बाद भी हिंदू लड़कियां लव जिहाद में फंस जाती हैं। हम सभी समाज को जागरूक करने का काम करेंगे। लड़कियों और महिलाओं को यह फिल्म दिखाई जा रही है, ताकि उन्हें जागरूक किया जा सके। बताते चलें कि मुंबई में रहने वाली एक मॉडल ने रांची स्थित यश मॉडलिंग के संचालक तनवीर अख्तर खान पर कई गंभीर आरोप लगाये हैं।

वहीं दूसरी ओर दिल्ली की शाहबाद डेयरी इलाके की रहने वाली 16 वर्षीय साक्षी की साहिल नाम के युवक ने बेरहमी से हत्या कर दी। वहीं प्रदर्शन के दौरान भैरव सिंह ने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से एक विशेष धर्म के युवक हिंदू नाम रख कर हिंदू लड़कियों को प्रेम जाल में फसाते हैं और उनका जीवन बर्बाद कर देते हैं। अगर लड़कियां मना कर देती हैं तो घर में घुसकर दुमका के अंकिता की तरह पेट्रोल डालकर जला देते हैं। दिल्ली की साक्षी की तरह सरेआम बीच सड़क पर चाकू मारकर हत्या कर देते हैं। लड़कियों के टुकड़े-टुकड़े करके सूटकेस में या फिर फ्रीज में डाल देते हैं। कहा कि हमारी इस राज्य की सभी बहनों से विनती है कि ऐसे लोगों के जाल में फसने से बचें। आज हम सजग होंगे तभी कल हमारी सनातन संस्कृति सुरक्षित रहेगी।

# दुग्ध उत्पादक महासंघ ने मनाया विश्व दुग्ध दिवस




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक महासंघ और इंडियन डेयरी एसोशिएशन-झारखंड चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में ग्रुरुवार को मेधा डेयरी के होटवार में स्थित प्लांट के प्रांगण में विश्व दुग्ध दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पवन कुमार मारवाह और जेएमएफ के महाप्रबंधक जयदेव बिश्वास ने किया। अपने संबोधन में श्री मारवाहा ने आज के परिप्रेक्ष्य में पोषण तथा रोजगार के दृष्टिकोण से डेयरी की महत्ता को बताया। उन्होने झारखंड के किसानों को दूध से जुड़े व्यवसाय और खास कर मेधा डेयरी से जुड़ने का आह्वान किया। जयदेव बिश्वास ने श्वेत क्रांति में सहकारिता के महत्व को रेखांकित करते हुए उपस्थित जेएमएफके कर्मियों को बधाई दी और सभी को आश्वस्त किया कि आज जेएमएफ विकास की दिशा में अग्रेषित है। श्री बिश्वास ने 1 जून को विश्व दुग्ध दिवस मनाने के पीछे उद्देश्य बताया कि यह दिन दूध पर ध्यान केंद्रित करने और स्वस्थ आहार, जिम्मेदार खाद्य उत्पादन और सहायक आजीविका और समुदायों में डेयरी के हिस्से के बारे में जागरूकता बढ़ाने का अवसर प्रदान करना है। इस अवसर पर श्वेत क्रांति के जनक स्व. डॉ वर्गीज कुरिएन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और उन्हें याद किया गया। विश्व दुग्ध दिवस के अवसर पर जेएमएफ कर्मियों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेएमएफ के समस्त ग्रुप हेड और कर्मचारी उपस्थित थे।

# जून अंत तक सभी राज्य वंदे भारत ट्रेन सेवा से जुड़ जायेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन भारत की पहली सेमी हाई-स्पीड ट्रेन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 फरवरी 2019 को नयी दिल्ली और वाराणसी के बीच पहली वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखायी गयी थी। इन स्टेट ऑफ द आर्ट अत्याधुनिक सेमी हाई स्पीड ट्रेनों को स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया है और वर्तमान में इंटीग्रल कोच फैक्ट्री, चेन्नई में निर्मित किया जा रहा है। ये ट्रेनें रेल टक्कर बचाव प्रणाली (कवच) सहित सभी अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा और यात्री सुविधा से जुड़े मानकों को पूरा करती हैं। 180 किमी प्रति घंटे की गति से सफल परीक्षण के पश्चात वंदे भारत एक्सप्रेस अधिकतम 160 किमी प्रति घंटे की गति से चलायी जा रही है । गति, संरक्षा और सेवा के साथ वंदे भारत ट्रेन यात्रियों को पूरी तरह से नया यात्रा अनुभव प्रदान करना है। अब तक 18 अलग-अलग रूटों पर वंदे भारत ट्रेन की 36 सेवाएं शुरू हो चुकी हैं। इन ट्रेनों ने देश के 22 राज्यों और 100 से अधिक जिलों को जोड़ा है, जिससे यात्रियों और स्थानीय व्यापारीगण लाभान्वित हो रहे हैं। वर्तमान में वंदे भारत 99 स्टॉपेज के साथ लोगों की सेवा कर रही है। अब तक (21.05.2023 तक) वंदे भारत ट्रेनों ने 38.44 लाख किलोमीटर की दूरी तय की है, जो पृथ्वी के 95.64 चक्कर लगाने के बराबर है। वंदे भारत ट्रेन यात्रियों के मध्य आकर्षण का केंद्र है । 01.04.2023 से 30.05.2023 तक के आंकड़ों के अनुसार, वंदे भारत ट्रेनों की सभी सेवाओं में उच्च संरक्षण है। 36 सेवाओं में लगभग शत-प्रतिशत ऑक्युपेंसी रही है। कासरगोड-तिरुवनंतपुरम-कासरगोड वंदे भारत सेवा ने लगभग 190 प्रतिशत ऑक्युपेंसी हासिल की है। अगली वंदे भारत ट्रेन सेवा गोवा-मुंबई मार्ग के लिए निर्धारित है। जून 2023 के अंत तक सभी राज्य वंदे भारत ट्रेन सेवा से जुड़ जायेंगे।

# पुलिस एसोसिएशन के पदाधिकारी बैंड बाजे के साथ मुख्यमंत्री का आवास पहुंचे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** बुधवार को कैबिनेट के फैसले में झारखण्ड पुलिस सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा नियमावली 2016 को निरस्त किए जाने के बाद झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने गुरुवार को अपने एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों के साथ बैंड बाजे और फूल मालाओं के साथ मुख्यमंत्री आवास पहुंचे।

योगेंद्र सिंह ने कहा है कि झारखण्ड पुलिस सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा नियमावली 2016 को निरस्त कराने की मांग कर रहे थे और कैबिनेट की बैठक में जो प्रस्ताव पारित हुआ है यह स्वागत योग्य है , इस फैसले से झारखंड पुलिस एसोसिएशन के सभी पुलिसकर्मियों में खुशी की लहर है और इसके लिए झारखंड पुलिस एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कैबिनेट मंत्री , मुख्य सचिव, गृह-सचिव, महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखण्ड को भी आभार व्यक्त करते हैं। मुख्यमंत्री से मिलकर उनका आभार व्यक्त करेंगे।

इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, महामंत्री अक्षय राम,उपाध्यक्ष अखिलेश्वर पांडेय, उपाध्यक्ष अरविंद यादव, संयुक्त सचिव मो महताब, प्रक्षेत्रीय मंत्री धर्मेंद्र कुमार सिंह, श्रीकांत शर्मा, नरेंद्र कुमार, पुलिस पदाधिकारी और नरेंद्र कुमार सहित रांची जिला पदाधिकारी, लोहरदगा जिला पदाधिकारी सहित अन्य जिलों के पुलिस पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## स्क्रैप चोरी में लिप्त गिरोह के संचालकों का पर्दाफाश करे पुलिस: प्रतुल शाहदेव



**रांची (आजाद सिपाही)।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने लातेहार पुलिस से मांग की है कि वह अभिजीत प्लांट में स्क्रैप की लूट के पूरे षडयंत्र की तह तक पहुंचे। प्रतुल ने कहा की कड़ाई होने के बावजूद भी रोज लोहा चोर पकड़े जा रहे हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है की इन चोरों का मनोबल कितना बढ़ गया है। प्रतुल ने कहा की एक बड़ा गिरोह पूरे सिस्टम से इस चोरी में लगा हुआ है। मीडिया में स्क्रैप चोरी की खबर दर्जनों बार छप चुकी है। फिर भी यह चोरी का सिलसिला निरंतर जारी है। प्रतुल ने कहा चंदवा पुलिस आश्चर्यजनक रूप से चोरों को रिमांड में लेकर गहराई से पूछताछ नहीं कर रही। प्रतुल ने कहां की बताया जाता है कि आज जिस भरत उरांव की गिरफ्तारी हुई, अगर उससे गहराई से पूछताछ होती तो कई राज खुलते। ऐसा करने से शायद असली षड्यंत्रकारी और पर्दे के पीछे से चोरी करा रहे सफेदपोशों तक पुलिस पहुंच सकती है।

## भाजमो निकालेगा समाधान यात्रा

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची में जनता की परेशानियों को देखते हुए भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने समाधान यात्रा निकलने का निर्णय लिया है। इस यात्रा में वार्ड पार्षदों से मिलकर उनके क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी ली जायेगी। जन मुद्दों को सरकार तक पहुंचाने के लिए भारतीय जनतंत्र मोर्चा 6 जून से 1 माह तक 53 नगर निगम के वार्डो में दौरा करेगी और जो निवर्तमान पार्षद है, उनसे मिलकर छोटी और बड़ी सभी समस्याओं पर चर्चा करेगी। इसके बाद पार्टी जनता की आवाज बनकर नगर निगम के पदाधिकारियों से मिलेगी। इसके साथ ही समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए सरकार तक और विभागों तक अपनी बातों को पहुंचायेगी और जनता की परेशानियों को बतायेंगी।

# महेंद्र सिंह धोनी के घुटने की हुई सर्जरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की गुरुवार को घुटने की सर्जरी की गयी। यह सर्जरी मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में हुई। धोनी गुजरात के खिलाफ आईपीएल के पहले ही मैच में चोटिल हो गए थे। गुजरात की पारी के 19वें ओवर में दीपक चाहर की गेंद को रोकने के लिए धोनी ने डाइव लगाई जिसके बाद धोनी कराहते नजर आए। उन्होंने तुरंत ही अपना पैर पकड़ लिया था। वह किसी तरह खड़े हो गए। कुछ देर धोनी परेशान नजर आए। उसके बाद भी उन्होंने विकेट कीपिंग जारी रखी। बता दें कि आईपीएल के दौरान चेन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को बाएं घुटने में चोट लग गई थी। लेकिन इसके बावजूद धोनी चेन्नई के लिए फाइनल मैच में खेलने उतरे और टीम को एक बार फिर चैंपियन बना दिया। लेकिन घुटने की समस्या के चलते धोनी को सर्जरी करवानी पड़ी है। बताया जा रहा है कि आईपीएल का खिताब जीतने के बाद धोनी ने अगले ही दिन डॉक्टर से संपर्क किया था बाएं घुटने में चोट लगने के बाद धोनी को विकेटकीपिंग में काफी परेशानी हो रही थी। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने आराम नहीं किया और टीम को जीत दिलाने के लिए जी जान से लगे रहे।

# नमो क्रिकेट कैंप का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** गुरुवार से रांची में 10 दिवसीय नमो क्रिकेट कैंप का आयोजन किया गया है। कांके के बुकरू स्थित शारदा ग्लोबल स्कूल में लगे कैंप का उद्घाटन सांसद संजय सेठ और विधायक समरी लाल ने किया। सांसद ने कहा कि गर्मी छुट्टी में बच्चों के समय का सदुपयोग हो सके, इसी सोच के साथ कैंप का आयोजन किया गया है। रांची में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत है उसे मौका देने की। आज के समय में खेल का महत्व शहर से गांव तक बढ़ा है। गांव के बच्चे सुविधा के अभाव में अपनी प्रतिभा नहीं दिखा पाते हैं। गांव के बच्चों को भी शहर जैसी सुविधा मिले इसके लिए आने वाले दिनों में गांवों में भी प्रशिक्षण कैंप लगाया जाएगा। नमो क्रिकेट कैंप के संयोजक संजय पोद्दार ने बताया कि कैंप का संचालन भूतपूर्व रणजी खिलाड़ी प्रदीप खन्ना के निर्देशन में हो रहा है। नवोदित अंडर 17 क्रिकेटरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर में रांची के विभिन्न स्कूलों के 50 बच्चों का चयन किया गया है। प्रशिक्षण शिविर सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित किया जा रहा है।

# विश्व स्तर पर सोचें, स्थानीय रूप से कार्य करें: तपन कुमार शांडिल्य

**विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में 7 दिवसीय आयोजन का उद्घाटन समारोह**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पर्यावरण और जलवायु को केंद्रबिंदु में रखते हुए 1 से 7 जून तक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में कई कार्यक्रमों के आयोजन से संबंधित उद्घाटन सत्र गुरुवार पूर्वाह्न 11 बजे कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस सत्र की मुख्य वक्ता के तौर पर मुख्य वन संरक्षक, रांची, झारखंड, डॉ दीक्षा प्रसाद और विशिष्ट अतिथि के तौर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के पूर्व कुलपति डॉ सुरेश प्रसाद सिंह आमंत्रित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने पर्यावरण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान संदर्भ में तीन पी यानी पॉपुलेशन, पावर्टी और पॉल्यूशन पर्यावरण को अत्यधिक प्रभावित करते हैं। उन्होंने विशेष तौर पर पॉल्यूशन यानी प्रदूषण को वर्तमान संदर्भ में पर्यावरण के असंतुलन के लिए अत्यधिक जिम्मेदार माना। उन्होंने पर्यावरण को प्राचीनतम इतिहास के ग्रंथ ऋग्वेद से सामंजस्य दिखाते हुए कहा कि इस प्राचीनतम ग्रंथ में भी पर्यावरण संरक्षण को अति महत्वपूर्ण कारक माना गया है। उन्होंने कई धर्म और संस्कृति में वन, पौधों और जलवायु को देवी देवता का प्रतीक चिह्न मानने की बात कही। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संतुलन कायम रखने से ही जीव और मानव का विकास संभव है।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता, डॉ दीक्षा प्रसाद, मुख्य वन संरक्षक, रांची, झारखंड ने स्लाइड प्रेजेंटेशन के जरिए पर्यावरण से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर रोशनी डाली। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी जीवन शैली को इस प्रकार ढालने की बात कही ताकि प्रकृति से जुड़े संसाधनों का कम से कम दोहन हो। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के पूर्व कुलपति डॉ सुरेश प्रसाद सिंह ने पर्यावरण से जुड़े अपने कई महत्वपूर्ण अनुभवों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। इसके पूर्व द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। विषय प्रवेश डॉ गणेश चंद्र बास्की, धन्यवाद ज्ञापन डीएसडब्ल्यू डॉ एसएम अब्बास और मंच संचालन डॉ शुचि संतोष बरवार ने किया। कार्यक्रम के अंत में कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य के साथ उपस्थित अतिथि गण, शिक्षक और विद्यार्थियों ने पर्यावरण से सबंधित शपथ ली।

इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू डॉ एसएम अब्बास, डॉ गीतांजलि सिंह, डॉ शमा सोनाली सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के आइक्यूएसी, एनएसएस और एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## जॉर्ज इंस्टीट्यूट ऑफ ग्लोबल हेल्थ, न्यू दिल्ली और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि रांची के बीच एमओयू



**रांची (आजाद सिपाही)।** जॉर्ज इंस्टीट्यूट ऑफ ग्लोबल हेल्थ, न्यू दिल्ली और डीएसपीएमयू, रांची के मध्य शोध में सहभागिता के तहत समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। पांच वर्ष की अवधि वाले इस एमओयू में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, रांची के अलावा अन्य सात संस्थान शामिल हैं। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के बॉटनी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ गीतांजलि सिंह के अधीन इस वृहत प्रोजेक्ट का विषय भारत के जनजातीय समुदाय के खाद्य प्रणाली से सबंधित है। इस वृहत प्रोजेक्ट की कुल अनुदान राशि 9, 88,65,758 की है। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## जैविक खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन




**रांची (आजाद सिपाही)।** गैर आवासीय तीन दिवसीय जैविक खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जेएसएलपीएस रांची जिला के ओरमांझी प्रखंड सभागार में किया गया। इस दौरान जैविक खेती का प्रचार प्रसार करने के उद्देश्य से 40 आजीविका कृषक सखियों को तीन दिवसीय (29 मई से 31 मई 2023) प्रशिक्षण दिया गया। इसके अंतर्गत जैविक कृषि की वर्तमान में उपयोगिता और उसका भविष्य, बाजारीकरण के बारे में विस्तार से चर्चा की गयी। इसके अलावा जैविक खाद, जैविक दवा बनाने की विधि तथा प्रयोग करने की विधि, जैविक क्लस्टर बनाने की विधि, जैविक सर्टिफिकेट मिलने का तरीका भी विस्तार से बताया गया। राज्य कार्यलय से टीएसओ कुलदीप गुप्ता ने जीका के एसएचइपी परियोजना के बारे मे बताया और जैविक सब्जी के मार्केटिंग के बारे में भी बताया। बता दें कि अभी तक ओरमांझी की 178 महिला किसानों को जैविक प्रमाणपत्र मिल चुका है। इस साल पांच क्लस्टर बनाने का प्लान है। इस इस मौके पर बीपीएम मुकेश कुमार, बीपीओ प्रशांत कुमार, वाईपी विजेता टोप्पो, एफटीसी धनौती कुमारी, एफटीसी अनिता कुमारी और मोबिन खान का सराहनीय योगदान रहा।

# सीसीएल में विश्व पर्यावरण दिवस को समर्पित प्रतियोगिता आयोजित की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सीसीएल में आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जायेगा। इसी कड़ी में 1 जून को मुख्यालय के प्रकाश सभागार में सीसीएल एवं इंटीग्रेटेड रीजनल ऑफिस, रांची, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में ऑन स्पॉट चित्रकला, निबंध एवं स्लोगन लेखन तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्लास्टिक प्रदुषण के समाधान विषय पर दो सत्रों में आयोजित इस प्रतियोगिता के प्रथम सत्र में केवल सीसीएल में कार्यरत कर्मियों के लगभग 150 बच्चों ने भाग लिया। इसमें तीन आयु वर्ग - प्रेप से कक्षा 2 तक, कक्षा 3 से कक्षा 7 एवं कक्षा 8 से कक्षा 12 के बच्चों ने पर्यावरण को समर्पित रचनात्मक चित्रकला प्रस्तुत किये। बच्चों को मिशन लाइफ पर एक प्रेजेंटेशन दिखाया गया तथा शपथ दिलाया गया।

दूसरे सत्र में सीसीएल कर्मियों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर विशेष पर प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए विभागाध्यक्ष (पर्यावरण) श्री राज कुमार और संगीता उपस्थित थे। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 5 जून को आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस के कार्यक्रम में सम्मानित किया जायेगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में पर्यावरण विभाग के कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 02 जून, 2023
www.azadsipahi.in



# चुटूपालू घाटी में ट्रेलर ने 5 वाहनों को मारी टक्कर, एक की मौत, कई घायल

## घंटों रांची-पटना मुख्य मार्ग रहा जाम, पुलिस को करनी पड़ी काफी मशक्कत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत फोरलेन के चुटूपालू घाटी में ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित स्थान पर एक बार फिर बड़ा हादसा हुआ है। घटना के बाद रांची-पटना मुख्य मार्ग दोनों छोर वाहनों की लंबी कतार लग गई। घंटों मशक्कत के बाद करीब 5 घंटे के बाद यातायात सुचारू रूप से चालू हो सकी। जानकारी के अनुसार रांची की ओर से आ रही एक अनियंत्रित ट्रेलर ने अपने आगे चल रहे पांच वाहनों को टक्कर मारते हुये डिवाइडर से टकराकर सड़क के बीचों-बीच पलट गया। ट्रेलर के पलटने से एनएच 33 पूरी तरह से जाम हो गया। जबकि इस दुर्घटना में ट्रेलर की चपेट में आये एक बुलेट सवार युवक की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। जबकि टर्बो के चालक चतरा के टंडवा बरकुट्ठ निवासी 45 वर्षीय बलराम साव और कंडेर के मो मिन्हाज सहित कई लोग घायल हो गये। से सभी घायलों को विभिन्न निजी अस्पताल ले जाया गया।

दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कोई कारगर उपाय ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित चुटुपालू घाटी क्षेत्र काफी खतरनाक साबित हो रही है। पिछले 2 महीनों में अब तक यहां 5 लोगों की मौतें हो चुकी हैं। इसके बावजूद यहां पर दुर्घटना को रोकने के लिए एनएचएआई और जिला प्रशासन की ओर से कोई ठोस प्रबंध नहीं किये गए हैं। जिसके कारण लगातार यहां दुर्घटना हो रही है लोगों की जाने जा रही हैं।



### ट्रेलर पर लदा था सरिया

अनियंत्रित सरिया लदे ट्रेलर ने पलटने से पहले 5 गाड़ियों को टक्कर मारी है। सरिया लदे अनियंत्रित ट्रेलर ने मिनी टर्बो ट्रक संख्या जेएच 01 एवी 7113 को पहले टक्कर मारी, उसके बाद स्विफ्ट कार संख्या जेएच 24सी 4485 को टक्कर मारी और फिर एक-एक कर बुलेट संख्या जेएच 24सी 3901, ट्रेलर और फिर सीडी बाइक संख्या जेएच 01डीटी 5320 को टक्कर मारकर सड़क के बीचो-बीच जाकर पलट गया। जिस कारण ट्रेलर में लदा सरिया सड़क के दोनों और बिखर गया। जिसके कारण सड़क पर आवागमन 5 घंटे तक बाधित रहा।



### जाम ने घंटों फंसे वाहन, लगी लंबी कतार

5 घंटा तक एनएच 33 रहा जाम, 8 किलोमीटर तक वाहनों की लगी थी कतार दुर्घटना इतनी भीषण थी कि जाम हटाने में पुलिस को 5 घंटे लग गए। जबकि दुर्घटना स्थल के दोनो ओर करीब 8 किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लग गए थे। वहीं दुर्घटना के कारण लगे जाम से लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा।
जाम में घंटो फंसे कई एंबुलेंस दुर्घटना के बाद दोनों छोर करीब 8 किलोमीटर तक बड़े-छोटे वाहनों की कतार लग गयी थी। जिसमे कई मरीज भी फंसे थे। जिन्हें जाम खाली कराकर संबंधित स्थान भेजा।

### एनएचएआइ या जिला प्रशासन की है लापरवाही

सड़क सुरक्षा की बैठक में हर बार ब्लैक को चिन्हित कर इस और ध्यान देने को लेकर कई निर्देश दिये जाते हैं, बावजूद अब तक इस और किसी भी प्रकार की सकारात्मक पहल नही की जा रही है। जिसके कारण एक के बाद एक सड़क दुर्घटनाओं में लोग अपनी जान गवा रहे हैं। अगर अब भी इस सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में एनएचएआई या जिला प्रशासन ध्यान नहीं देती है तो निश्चित ही आने वाले समय में एक बड़ा दुर्घटना होने से इंकार नहीं की जा सकती है।

# अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान पहुंचे रांची, सीएम हेमंत सोरेन से करेंगे मुलाकात





आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पंजाब के सीएम भगवंत मान के साथ गुरुवार की रात रांची पहुंचे। केजरीवाल और भगवंत मान शुक्रवार को सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात करेंगे।

# चाईबासा में पुलिस ने 4 आइइडी बमों को किया बरामद, किया गया नष्ट

**रांची (आजाद सिपाही)।** सुरक्षा बलों ने गुरुवार को चाइबासा जिले के टोंटो थाना क्षेत्र में भाकपा माओवादी संगठन के नक्सलियों द्वारा पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाये 71 किलो के 4 अलग-अलग आइइडी बमों को बरामद किया। बरामद बमों में 50 किलो का एक, आठ-आठ किलो के दो और पांच किलो का एक आइइडी बम शामिल है। पुलिस ने सभी बमों को बम निरोधक दस्ते के सहयोग से जंगल में ही नष्ट कर दिया। बताया जा रहा है कि जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को गुरुवार को टोंटो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका के आसपास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में यह सफलता मिली। 71 किलो के इन 4 प्रेशर आइइडी बम एवं रास्ते में गड्ढा करके लोहे का रड और तीर को बरामद किया गया था। इस अभियान में चाईबासा पुलिस, झारखंड जगुआर, कोबरा 209, 203 बटालियन, सीआरपीएफ के 197, 193, 174, 157, 134, 60, 26, 07, 5. बम निरोधक दस्ता सीआरपीएफ 60 बटालियन और झारखंड जगुआर शामिल थे।

# साइबर अपराधी को सीआइडी ने किया गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** अकाउंट, पैन कार्ड अपडेट करने के नाम पर ठगी करने वाले साइबर अपराधी को सीआइडी ने गिरफ्तार किया हैं। साइबर अपराधी करण मंडल को सीआइडी की टीम ने जामताड़ा जिला के करमाटांड़ से गिरफ्तार किया हैं। उसके पास से चार मोबाईल फोन, चार सिम कार्ड, एक एटीएम और एक पासबुक बरामद किया है। सीआइडी के अधीन साइबर अपराध थाना में आइसीआइसीआइ बैंक के द्वारा विभिन्न खाताधारकों को अज्ञात साइबर अपराधियों द्वारा फिसिंग मैसेज भेजे जाने के आरोप में मामला दर्ज कराया गया था। साइबर अपराधियों के द्वारा भेजे मैसेज में लोगों को अकाउंट पैन कार्ड अपडेट करने के नाम पर एक फेक फाइल भेजा जा रहा है, जो प्रथम दृष्टया बैंक के इंटरनेट बैंकिंग से मिलता जुलता फेक एप्लीकेशन जैसा पाया गया। जिसमें लिखा रहता है : अलर्ट प्रिय ग्राहक आपका आईसीआईसीआई बैंक खाता आज ब्लॉक कर दिया गया है, कृपया तुरंत अपना पैन कार्ड अपडेट करें, कृपया आइमोबाइल एपीके फाइल डाउन साइड आपको दें, हम आपका केवाइसी पूरा करेंगे, आइसीआइसीआई टीम की ओर आप को धन्यवाद।

# यूजीसी की स्थायी समिति के अध्यक्ष बने झारखंड केंद्रीय विवि के कुलपति क्षिति भूषण

**रांची (आजाद सिपाही)।** उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ करने और नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से यूजीसी ने एक स्थायी कमेटी का गठन किया है। इस उच्च स्तरीय कमेटी का चेयरमैन झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास को बनाया गया है। नौ सदस्यीय टीम में प्रो. दास काफी अनुभवी हैं, जिसका लाभ पूरी कमेटी को मिलने की उम्मीद है। स्थायी समिति मुख्य तौर पर विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में शिक्षकों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए न्यूनतम योग्यता और उच्च शिक्षा मानकों का उल्लंघन ना हो, इस पर विशेष नजर रखेगी। स्थायी समिति एम-फिल या पीएचडी डिग्री अवार्ड के लिए न्यूनतम मानकों और प्रक्रियाओं पर यूजीसी विनियमों के उल्लंघन को नियंत्रित करने के उपायों पर भी सुझाव देगी।

# मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सिविल वाद का निष्पादन



### मध्यस्थ के प्रयास से उभय पक्षों के बीच समझौता कर वाद का निष्पादन

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार में प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के मार्ग दर्शन में प्राधिकार की सचिव श्रीमति प्रज्ञा बाजपेयी द्वारा मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला व सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा के अथक प्रयास से वर्ष 2017 के सिविल अपील के वादी और प्रतिवादी को समझौते के लिए मध्यस्था केन्द्र में बुलाया गया। इसके लिए अशोक साहु को मध्यस्थ अधिकृत किया गया। मध्यस्थ के प्रयास से उभय पक्षों के बीच समझौता कर वाद का निष्पादन किया गया। यह वाद वर्ष 2014 में सिविल जज के न्यायालय में दायर किया गया था।

## कोडरमा स्टेशन पर चलती ट्रेन से उतरी महिला को बचाने उतरा युवक

# ट्रेन की चपेट में आने से दो की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा गया रेलखंड स्थित कोडरमा स्टेशन पर गुरुवार की सुबह करीब 8:10 बजे धनबाद- देहरी ऑन सोन इंटरसिटी एक्सप्रेस की चपेट में आने से महिला और युवक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार ट्रेन धनबाद की तरफ से कोडरमा स्टेशन पर पहुंची और ट्रेन की स्पीड कम हो रही थी। इस दौरान ट्रेन में सवार महिला चलती ट्रेन से नीचे उतर गई। जिसके बाद महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह प्लेटफार्म और ट्रेन के बीच में चली गई। महिला को गिरता देख ट्रेन पर सवार युवक भी महिला को बचाने के लिए चलती ट्रेन से उतर गया। इस दौरान वह भी ट्रेन की चपेट में आ गया। घटना में युवक और महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची रेलवे सुरक्षा बल कोडरमा की टीम ने दोनों घायलों को तत्काल एंबुलेंस के जरिए इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया। घायल युवक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान कोडरमा जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के हीरोडीह निवासी 26 वर्षीय दिनेश कुमार के रूप में हुई है। वहीं सदर अस्पताल कोडरमा में इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल महिला चतरा निवासी ममता देवी (उम्र 34 वर्ष, पति अजय कुमार सिंह) की मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल युवक की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को दी गयी जिसके बाद शवों का अंत्यपरीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।



# मसमोहना ग्राम समिति के अध्यक्ष बने श्याम और सचिव संगीत

### सर्वसम्मति से ग्राम समिति का गठन किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकाकाना।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले)की बैठक ग्राम मसमोहना में आयोजित की गयी।

बैठक की अध्यक्षता श्याम बेदिया व संचालन टिकेन्द्र बेदिया ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के रामगढ़ जिला अध्यक्ष गोविंद बेदिया उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान सर्वसम्मति से ग्राम समिति का गठन किया गया। उपस्थित लोगों ने ग्राम समिति के अध्यक्ष के रूप में श्याम बेदिया, सचिव संगीत बेदिया, कोषाध्यक्ष मोहन बेदिया और सदस्य के रूप में संजय बेदिया, प्रदीप बेदिया, मदन बेदिया, बिहारी बेदिया, विजय बेदिया, गोविंद बेदिया, दशरथ बेदिया, बालेश्वर बेदिया, मोहन बेदिया को बनाया गया।

मौके पर सविता देवी, ममता देवी, सुशीला देवी, भजन देवी, गायत्री देवी, विजय बेदिया, महावीर बेदिया, दिनेश बेदिया, कर्मा बेदिया, कौलेश्वर बेदिया सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## ओपी जिंदल कॉलेज पतरातू में अंतरराष्ट्रीय कैंपस प्लेसमेंट संपन्न

# 100 में से 62 छात्रों का किया गया चयन

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज पतरातु के तत्वावधान में गुरुवार को जिंदल शॉ लिमिटेड, अबुधावी के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज पतरातू द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्रों और उत्तीर्ण छात्रों के लिए दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन हुआ। इसमें 31 मई व 1 जून को कंपनी जिंदल शॉ लिमिटेड आबूधाबी (इनफिनिटी मैनेजिंग एण्ड ऑपरेटिंग फॅक्टरीज सोल प्रॉपराइटर एलएलसी) द्वारा आईटीआई छात्रों और विगत वर्ष के उत्तीर्ण छात्रों का साक्षात्कार किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में लगभग 100 छात्रों ने भाग लिया। जिंदल शॉ लिमिटेड के अधिकारियों ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता और छात्रों की तारीफ करते हुये 62 चयनित छात्रों की सूची जारी की है। चयनित छात्रों को 15 दिन के बाद सभी आवश्यक नियम शर्तों को पुरा कर ज्वाइनिंग के लिए अबुधावी प्रस्थान करना होगा। इसके पूर्व कॉलेज के प्राचार्य अजय पांडेय, जेएसपी पतरातू सीएसआर प्रमुख रवि निवास ने संयुक्त रूप से प्लेसमेंट कैम्प का उद्घाटन किया। छात्रों को संबोधित करते हुये प्राचार्य अजय पांडेय ने कहा हमारा संस्थान निरंतर गुणवत्ता पूर्ण व्यवसायिक प्रशिक्षण देता आ रहा है, जिसके कारण जिंदल शॉ जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां हमारे संस्थान से प्रतिवर्ष छात्रों का चयन करती है। वर्तमान में हमारे संस्थान के 50 छात्र जिंदल शॉ अबुधावी में कार्यरत हैं। इसके लिए उन्होंने अपने प्रशिक्षकों, सहकर्मियों को धन्यवाद दिया और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य श्री पांडेय ने बताया विगत वर्षों में ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज पतरातू से उत्तीर्ण शत प्रतिशत छात्रों का भारत के बड़ी कंपनियां जैसे टाटा स्टील, जिंदल स्टील, मारुती सुजुकी हीरो मोटर आदि में चयन किया गया है। छात्रों में अंतरराष्ट्रीय कैंपस द्वारा रोजगार प्राप्त करने के कारण खुशी और उल्लास व्याप्त था।




# किसान की मौत भूमि विवाद में हत्या की आशंका

**चतरा (आजाद सिपाही संवाददाता)।** किसान विजय प्रजापति की मौत संदेहास्पद स्थिति में हो गयी। मृतक किसान हंटरगंज प्रखंड के ढेबो गांव का रहने वाला है। मृतक के पुत्र भोला प्रजापति ने बताया कि वह और उसका मृतक पिता दोनों मिलकर अपने खेत की समतलीकरण करा रहे थे। इस कार्य के लिए जेसीबी और टैक्टर को लगाया गया था। इसी बीच विजय प्रजापति पानी लाने के लिए अपना घर अपने पुत्र भोला प्रजापति को भेजा। जब पुत्र भोला कुछ देर बाद पानी लेकर लौटा तो अपने पिता को मृत अवस्था में पडा देखा। मृतक पिता का बायां हाथ भी टुटा हुआ था। वहां टैक्टर चालक भी गायब था और जेसीबी अपना कार्य कर रहा था। जेसीबी चालक ने इस घटना के बारे में अनभिज्ञता जाहिर किया। मृतक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया। जिसे पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। भूमि विवाद के कारण हत्या की आशंका जतायी जा रही है।

# दिगवार में भंडारे के साथ महायज्ञ संपन्न



**कुजू (आजाद सिपाही)।** दिगवार में सात दिनों से चल रहे श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ गुरुवार को पूणार्हुति व अटूट भंडारे के साथ भव्य समापन हो गया। महायज्ञ कार्यक्रम के अंतिम दिन मांडू विधायक जेपी पटेल और हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल शामिल हुये। इस दौरान जेपी पटेल और मनीष जायसवाल ने शिव मंदिर में माथा टेककर क्षेत्र के लिए सुख - समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात यज्ञ समिति के सदस्यों ने अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत किया। वही, सातवें दिन यज्ञाचार्य विकास पांडेय, उपाचार्य प्रवीण पांडेय, ओमकार पांडेय, प्रकाश पांडेय, सुमन वत्स, शशि तिवारी, शुभम शास्त्री, नीरज शास्त्री, सत्यजीत पांडेय, कृपाचार्य मिश्रा, दीपू शास्त्री ने यजमान बने रामकिशुन प्रसाद, खेमलाल महतो, विनोद कुमार कुशवाहा, हरिनारायण कुशवाहा, सीताराम कुशवाहा, विनोद प्रसाद, सुखदेव महतो, कैलाश प्रसाद, अर्जुन महतो, बालो महतो, नंदलाल महतो, जागो महतो, सुखदेव प्रसाद, शशि प्रसाद सपत्नीक को यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कई धार्मिक अनुष्ठान कराये गए। साथ ही, मंडप में पूणार्हुति, आरती, पुष्पांजलि, प्रसाद वितरण के साथ-साथ अटूट भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में शामिल धर्म प्रेमियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर यज्ञ समिति के सदस्य के अलावे बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मैट्रिक और इंटर के 30 उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को मुखिया ने किया सम्मानित

## बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए हरसंभव सहयोग की कोशिश करूंगी: अनिता देवी

आजाद सिपाही संवाददाता

मांडू। मैट्रिक एवं इंटर के 30 उत्कृष्ट छात्र- छात्राओं को मांडू चट्टी पंचायत मुखिया अनीता देवी द्वारा गुरुवार को सम्मानित किया गया। पंचायत सचिवालय आयोजित सम्मान समारोह में बच्चों को सम्मानित किया गया। समारोह को सफल बनाने में समाज सेवी छोटेलाल भुइयां का सराहनीय भूमिका रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सावित्री बाई फुले और फातिमा शेख के फोटो पर माल्यार्पण करके तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

**30 बच्चों को मिला सम्मान, उत्साहित दिखे छात्र-छात्राएं :** कार्यक्रम में मैट्रिक और इंटर के 30 छात्र और छात्राओं को वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शील्ड, मेडल, माला और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। जिसमे इंटर में प्रथम सुमन कुमारी (86.6%), द्वितीय कनिका कुमारी (84.2%) और तृतीय अर्चिका रानी (84.2%) तथा मैट्रिक में प्रथम रागिनी कुमारी (95.4%), द्वितीय रिमिल हांसदा (91.4%) और तृतीय हिमांशु पटेल (91.%) है । कौन कौन थे उपस्थित मौके पर शिक्षक रेणु गुप्ता, राजा अली खान, राजेश हांसदा, चंद्रशेखर प्रसाद, रंजित प्रसाद, रश्मि बेसरा, नेहरू लाल, भीम कुमार शर्मा, अंजू अग्रवाल, वीणा सिन्हा, ललिता देवी, सज्जाद जहीर, मुख्तार अंसारी, त्रिभुवन गुप्ता, अनिल रजक, रविंद्र कुमार, मंजू सिंह, अमित कुमार, दीपनारायण गुप्ता, उजाला सिंह, अनीता देवी, शर्मिला देवी, शिवनारायण गुप्ता, मनीष कुमार, अभिषेक कुमार सहित बड़ी संख्या लोग उपस्थित थे।



### बच्चे अपनी मेहनत जारी रखें, हर संभव होगा सहयोग

कार्यक्रम में मुखिया अनीता देवी कहा कि बच्चे अपनी अग्रेत्तर पढ़ाई जारी रखे और आगे की पढ़ाई में किसी तरह का बाधा होती है, तो पंचायत स्तर पर कभी भी संपर्क करे, इनके द्वारा निदान करने का आश्वासन दिया गया। शिक्षकों, अभिभावकों, छात्र - छात्राओं से आग्रह किया, कि आप कड़ी मेहनत करके मांडू चट्टी पंचायत का नाम रौशन करे। ताकि इस तरह का कार्यक्रम भविष्य में और बेहतर रूप से करते रहेंगे।

# नीरज कुमार सिन्हा बने सीसीएल कुजू के नये जीएम



**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र से स्थानांतरण हुये जीएम नीरज कुमार सिन्हा ने गुरुवार को सीसीएल कुजू क्षेत्र के नए जीएम के रुप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान जीएम चन्द्रशेखर तिवारी से पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि प्रभावितों व विस्थापितों के कल्याण के लिए कई कार्य किये जायेंगे। बताते चले कि गत 29 मई को सीसीएल रांची मुख्यालय के अधिकारी स्थापना विभाग द्वारा सीसीएल कुजू क्षेत्र जीएम सहित छः अधिकारियों का तबादला किया गया है। जिसमे कुजू जीएम चंद्रशेखर तिवारी का तबादला रांची मुख्यालय स्थित एचओडी महाप्रबंधक (फॉरेस्ट एंड इन्वायरमेंट) के पद पर तबादला किया गया है। चंद्रशेखर तिवारी शुक्रवार को मुख्यालय में योगदान ।

# नौ साल में क्या खोया, क्या पाया

मोदी सरकार के इन नौ वर्षों पर एक नजर डालें तो कुछ बातें बिल्कुल स्पष्ट नजर आती हैं। 2014 में जब पहली बार बीजेपी के पूर्ण बहुमत वाली एनडीए सरकार बनी, उसके बाद से पार्टी ने असाधारण विस्तार देखा है। 2014 में बीजेपी सिर्फ 7 राज्यों में सरकार में थी। पांच राज्यों में उसके मुख्यमंत्री थे जबकि दो राज्यों में वह जूनियर पार्टनर के तौर पर सरकार में शामिल थी। आज 2023 में 15 राज्यों/केंद्र शासित क्षेत्रों में या तो उसकी सरकार है या वह सरकार में शामिल है। इसके अलावा एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि पूरा नॉर्थ ईस्ट उसके प्रभाव की जद में आ चुका है, जबकि 2014 तक वहां उसकी बिल्कुल भी मौजूदगी नहीं थी। देश के पॉलिटिकल लैंडस्केप को नया रूप देना निश्चित रूप से एक ऐसी बात है, जिसे मोदी सरकार अपनी एक बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश करना चाहेगी। विदेश नीति की बात करें तो भारत का रुतबा इन नौ वर्षों में काफी बढ़ा है। खासकर, यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत ने जिस तरह से अपनी स्वतंत्र नीति बनाये रखते हुए सभी खेमों को साधे रखा, वह शीत युद्ध की समाप्ति और गुटनिरपेक्ष आंदोलन के लगभग अप्रासंगिक हो जाने के बाद के दौर में बिलकुल नयी चीज है और वैश्विक स्तर पर भारत की साख बढ़ने का स्पष्ट प्रमाण है। डिजिटल इकॉनमी और इन माध्यमों के जरिये आम लोगों तक सेवाओं की डिलिवरी में सरकार का काम बेहद सराहनीय है। खासतौर पर यूपीआइ जैसी पहल, जो अंतरराष्ट्रीय पहचान बना चुकी है। अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में भी मोदी सरकार के कार्यकाल में तेज प्रगति हुई है। जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में सरकार वैश्विक स्तर पर अगुआई कर रही है। सोलर अलायंस के रूप में उसने कार्बन एमिशन घटाने के लिए अंतरराष्ट्रीय पहल की है। हालांकि चीन से लगती सीमा पर तनाव सरकार के लिए चुनौती बनी हुई है। घरेलू मोर्चे पर भी नोटबंदी जैसे फैसले से सरकार जो हासिल करना चाहती थी, वह नहीं कर पायी। कोरोना महामारी से उपजी कठिनाइयों से देश काफी हद तक उबर चुका है, लेकिन बेरोजगारी और डिमांड में कमी जैसी चुनौतियां बरकरार हैं, जिनसे अभी निपटना है। इकॉनमी की बात करें तो कोरोना महामारी से पहले ही आर्थिक विकास दर सुस्त पड़ने लगी थी। इसके बावजूद भारत आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इस दशक के खत्म होने से पहले वह तीसरी बड़ी इकॉनमी बन जायेगी। आने वाले वक्त में इसके लिए सबसे बड़ा इम्तहान आगामी लोकसभा चुनाव होंगे।

**2014 में बीजेपी सिर्फ 7 राज्यों में सरकार में थी। पांच राज्यों में उसके मुख्यमंत्री थे जबकि दो राज्यों में वह जूनियर पार्टनर के तौर पर सरकार में शामिल थी। आज 2023 में 15 राज्यों/केंद्र शासित क्षेत्रों में या तो उसकी सरकार है या वह सरकार में शामिल है।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

पर्यावरण दिवस समारोह के विषय को जानने के लिए, हमारे पर्यावरण को किस प्रकार सुरक्षित रखा जाये तथा हमारे उन सभी बुरी आदतों के बारे में जानने के लिए जिससे पर्यावरण को हानि पहुंचता है, हम सभी को इस मुहिम का हिस्सा बनना चाहिए। पर्यावरण में वह सभी प्राकृतिक संसाधन शामिल हैं, जो कई तरीकों से हमारी मदद करते हैं तथा चारों ओर से हमें घेरे हुए हैं।

# पर्यावरण : जन-जागरूकता की आवश्यकता



**प्रो (डॉ) तपन कुमार शांडिल्य**



पृथ्वी पर जीवन बनाये रखने के लिए हमें पर्यावरण के वास्तविकता को बनाये रखना होगा। पूरे ब्रम्हांड में बस पृथ्वी पर ही जीवन है। वर्षों से प्रत्येक वर्ष 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए तथा साथ ही पर्यावरण स्वच्छता और सुरक्षा के लिए दुनिया भर में मनाया जाता है। पर्यावरण दिवस समारोह के विषय को जानने के लिए, हमारे पर्यावरण को किस प्रकार सुरक्षित रखा जाये तथा हमारे उन सभी बुरी आदतों के बारे में जानने के लिए जिससे पर्यावरण को हानि पहुंचता है, हम सभी को इस मुहिम का हिस्सा बनना चाहिए। पर्यावरण में वह सभी प्राकृतिक संसाधन शामिल हैं, जो कई तरीकों से हमारी मदद करते हैं तथा चारों ओर से हमें घेरे हुए हैं। यह हमें बढ़ने तथा विकसित होने का बेहतर माध्यम देता है, यह हमें वह सब कुछ प्रदान करता है जो इस ग्रह पर जीवन यापन करने हेतु आवश्यक है। हमारा पर्यावरण भी हमसे कुछ मदद की अपेक्षा रखता है, जिससे की हमारा लालन पालन हो, हमारा जीवन बना रहे और कभी नष्ट न हो। तकनीकी आपदा के वजह से दिन प्रति दिन हम प्राकृतिक तत्व को अस्वीकार रहे हैं।

हम ऐसी दुनिया में रहते हैं, जिसमें प्राकृतिक संसाधन सीमित हैं। जल, वायु, खनिज, तेल, जंगल, घास के मैदान, सागर, कृषि और मवेशियों से मिलने वाली वस्तुएं- ये सभी हमारी जीवन रक्षक व्यवस्थाओं के अंग हैं। जैसे-जैसे हमारी जनसंख्या बढ़ेगी और हममें से हर एक व्यक्ति द्वारा संसाधनों का उपयोग भी बढ़ेगा, तो पृथ्वी के संसाधनों का भंडार निश्चित रूप से कम होगा। यह आशा नहीं की जा सकती कि पृथ्वी संसाधनों के उपयोग के इस बढ़ते स्तर का भार उठा पायेगी। इसके अलावा संसाधनों का दुरुपयोग भी होता है। इसके साथ ही अपशिष्ट और प्रदूषण की बढ़ती मात्रा सभी के जीवन की गुणवत्ता के लिए एक खतरा बन चुका है। इस स्थिति में सुधार तभी होगा जब हममें से हर व्यक्ति रोजमर्रा के जीवन में ऐसे कार्य करे जो हमारे पर्यावरण के संसाधनों के संरक्षण में सहायक हों।

**प्रदूषण आज के युग की सबसे भयानक समस्या है, क्योंकि पर्यावरण विनाश इसी तरह चलता रहा, तो मानव जीवन संकटग्रस्त हो जायेगा।**

संसार की सबसे पुरानी पुस्तक ऋग्वेद की प्रारंभिक ऋचाओं में ही ऋषि, पवन, सूर्य पृथ्वी, वनस्पतियों अर्थात प्रकृति (पर्यावरण) के मुख्य कारकों को प्रणाम करता है। वैदिक आचार्य पृथ्वी, नदी और वनस्पतियों को मां और पुत्री की तरह सम्मान देता है। अथर्ववेद का ऋषि वनस्पतियों को सुपूजित मानता है। मनुस्मृति का आचार्य नृपों को पर्यावरणीय संरक्षण का निर्देश देता है। उपनिषद्, पुराण और मानस में पृथ्वी, जल, वायु और आकाश से जीवन की उत्पत्ति मानी गयी है। जैन धर्म में हरे वृक्ष में लगे फल-फूल तोड़ना भी निषिद्ध माना गया है। इस्लाम में भी जल को गन्दा करनेवालों के लिए सख्त सजा का प्रावधान है। आधुनिक वैज्ञानिक भी इस तथ्य को स्वीकृत करते हैं कि युगों पूर्व पर्यावरण के मौलिक तत्व जल, नाइट्रोजन, अमोनिया, मीथेन, कार्बन डाइ ऑक्साइड, सल्फर डाइ-ऑक्साइड तथा पिघले हुए खनिज पदार्थों के मध्य उच्च तापमान पर रासायनिक क्रिया हुई, जिसके फलस्वरूप जल से जीवों की उत्पत्ति हुई जिसका करोड़ों वर्ष पूर्व जैविकीय विकास हुआ। परिवर्तित पर्यावरण के अनुरूप जीवों की संख्या और आकार फैलता और सिकुड़ता गया। अभी तक के ज्ञात शोधों के आधार पर कहा जा सकता है कि इस नीले ग्रह (पृथ्वी) पर ही जीवन है। इस ग्रह की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां पर्यावरण कुछ इस ढंग से संतुलित हुआ जिससे जीवों का व विकास हो सका, किंतु वर्तमान में औद्योगिक विकास, वैज्ञानिक अनुसंधान और आर्थिक प्रगति के नाम पर युगों से सन्तुलित पर्यावरण, औद्योगिक क्रान्ति के बाद विगत कुछ समय में ही पर्यावरण अवनयन, संसाधन ह्रास, पारिस्थितिकी असंतुलन से पर्यावरणीय समस्याएं एवं संकट उत्पन्न हो रहे हैं। प्रकृति में ही परिवर्तन होता तो सहनीय है किंतु मनुष्यों के कार्यकलापों से प्रकृति में किये गये हस्तक्षेप से जीवन के अस्तित्व पर संकट आ पहुंचा है। पर्यावरण अवनयन विश्व की प्रमुख समस्याओं में से एक है। एकमात्र जीवंत गृह की जीवंत समस्या पर्यावरण अवनयन है। पर्यावरण ह्रास की यदि यह गति रही तो मानव जीवन पर भयंकर संकट उपस्थित हो सकता है। वर्तमान विश्व की आज प्रमुख तीन समस्याएं हैं- (1) जनसंख्या (2) गरीबी (3) प्रदूषण

प्रदूषण आज के युग की सबसे भयानक समस्या है, क्योंकि पर्यावरण विनाश इसी तरह चलता रहा, तो मानव जीवन संकटग्रस्त हो जायेगा। निःसंदेह उच्च तकनीक के कौशल से विश्व की पोषण क्षमता में अद्भुत वृद्धि हुई। पृथ्वी पर मानव का निवास विगत 10 लाख वर्षों से हैं, परंतु जितनी जनसंख्या की वृद्धि 10 लाख वर्षों से नहीं हुई उससे अधिक विगत 100 वर्षों में हो गयी। स्वास्थ्य सुविधा में बढ़ोत्तरी ने औसत उम्र में बढ़ोत्तरी की और मृत्यु-दर घटी। स्थिर जन्म-दर के कारण जनसंख्या में वृद्धि हुई। इस जनसंख्या की आवश्यकता की पूर्ति हेतु कृषि, वन, खनिज, पशु संसाधनों में दोहन के स्थान पर उच्च तकनीक के कारण शोषण प्रारम्भ हुआ, जिससे संसाधन ह्रास और पारिस्थितिक असन्तुलन एवं प्रदूषण जैसी समस्याएं खड़ी हो गयी। प्लास्टिक बैग का उपयोग नही करना चाहिए तथा कुछ पुराने चीजों को फेकने के बजाय नये तरीके से उनका उपयोग करना चाहिए। धरती पर जीवन के लालन पालन के लिए पर्यावरण प्रकृति का उपहार है। वह प्रत्येक तत्व जिसका उपयोग हम जीवित रहने के लिए करते हैं वह सभी पर्यावरण के अन्तर्गत आते हैं जैसे- हवा, पानी प्रकाश, भूमि, पेड़, जंगल और अन्य प्राकृतिक तत्व।

हमारे देश में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता जन जागरूकता के एक बड़े अभियान से ही आ सकती है। इसके अनेक साधन हैं इलेक्ट्रॉनिक माध्यम, प्रेस, विद्यालय, महाविद्यालयी शिक्षा और वयस्क शिक्षा। ये सब एक-दूसरे के पूरक हैं। छोटी-छोटी स्थानीय पहल से ही बढ़ कर हरित आंदोलन सरकार के सामने पर्यावरण की सुरक्षा की पैरवी करनेवाला प्रमुख कारक बन सकता है। पर्यावरण की सुरक्षा पर जोर देनेवाले मतदाताओं का एक पर्याप्त बड़ा समूह हो, तभी नीति-निर्माता पर्यावरण की सुरक्षा के लिए कार्य करेंगे। पर्यावरणमुखी मुद्दों को पेश करने के लिए संचार माध्यमों को प्रवृत्त करना एक महत्वपूर्ण काम है।

यहां तक की इसने अपना बुरा प्रभाव मनुष्य, जानवर, पेड़ तथा अन्य जैविक प्राणी पर दिखाना शुरू भी कर दिया है। कृत्रिम रूप से तैयार खाद तथा हानिकारक रसायनों का उपयोग मिट्टी की उर्वरकता को नष्ट करता है, तथा हम जो रोज खाना खाते है उसके माध्यम से हमारे शरीर में एकत्र होता जाता है। औद्योगिक कंपनियों से निकलने वाला हानिकारक धुंआ हमारी प्राकृतिक हवा को दुषित करती है, जिससे हमारा स्वास्थय प्रभावित होता है, क्योंकि हमेशा हम सांस के माध्यम से इसे ग्रहण करते हैं। प्रदूषण में वृद्धि, प्राकृतिक स्त्रोत में तेजी से कमी का मुख्य कारण है, इससे न केवल वन्यजीवों और पेड़ों को नुकसान हुआ है, बल्की इनके द्वारा ईको सिस्टम को भी बाधित हुआ है। आधुनिक जीवन के इस व्यस्तता में हमें कुछ बुरे आदतों को बदलना आवश्यक है, जो हम दैनिक जीवन में करते हैं।

यह सत्य है कि नष्ट होते पर्यावरण के लिए हमारे द्वारा किया गया छोटा प्रयास बड़ा सकारात्मक बदलाव कर सकता है। हमें अपने स्वार्थ की पूर्ति तथा विनाशकारी कामनाओं के लिए प्राकृतिक संसाधनों का गलत उपयोग नहीं करना चाहिए। सच तो यह है कि विश्व का कोई भी नागरिक पर्यावरण से संबंधित प्रश्नों से उदासीन नहीं रह सकता। इसलिए यह आवश्यक है कि पर्यावरण का अध्ययन शिक्षा-प्रक्रिया का एक अभिन्न अंग बने।

**(लेखक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# 2.03 एकड़ जमीन को कराया गया कब्जा मुक्त



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले में सरकारी जमीन और वन विभाग के जमीन पर अंतर अधिकारियों ने कार्रवाई तेज कर दी है। गुरुवार को टाटा- कांड्रा मुख्य मार्ग पर मंगलम सिटी का मुख्य गेट और बाउंड्री वॉल को कब्जा मुक्त कराया गया। कड़ी सुरक्षा के बीच प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी की मौजूदगी में अंचल कार्यालय का बुल्डोजर गरज उठी और बड़ी कार्रवाई कर दी। इस दौरान कुल 2.03 एकड़ जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया। इससे पूर्व अंचल प्रशासन के द्वारा बिल्डर को नोटिस देकर उक्त भूखंड को खाली करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन मेसर्स मंगलम अपार्टमेंट के द्वारा भूखंड पर कब्जा जारी रखा गया था, जिसके बाद अंचल प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए गुरुवार को कार्रवाई की। हालांकि इस दौरान सोसाइटी के लोगों ने विरोध भी किया, लेकिन पुलिस प्रशासन के आगे उनकी नही चली। अधिकारियों के द्वारा पूरी तरह से अतिक्रमणित भूखंड को कब्जा मुक्त करा लिया गया।

# एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते क्लर्क को किया गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



जमशेदपुर। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल के क्लर्क शंभु कुमार को एसीबी की टीम ने पांच हजार घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गुरुवार को उसे चाईबासा से जमशेदपुर लाया गया। जहां पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बताया जा रहा है टोंटो प्रखंड के बड़ा झींकपानी निवासी ने एसीबी से शिकायत की थी। शिकायत की जांच पर सही पाया गया। एसीबी के डीएसपी के अनुसार 10 दिसंबर 2022 को सहायक विद्युत अभियंता को ग्रामीण क्षेत्र में होलर मशीन और आटा चक्की चलाने की जानकारी नहीं होने के कारण गलत टैरिफ में ऑनलाइन के माध्यम से 81,100 रुपये सेक्यूरिटी मनी जमा करवाया गया था। ग्रामीण के द्वारा वापसी के लिए शंभू कुमार को आवेदन दिया था। शंभू कुमार ने वापसी के लिए 5000 रुपये की मांग की थी।

# डीडीसी ने पीएम आवास के लाभुकों के साथ की बैठक

## 30 जून तक कार्य पूर्ण करने पर बनी सहमति

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सरायकेला।** सरायकेला प्रखंड के ईटाकुदर पंचायत अंतर्गत बुंडू गांव के गुमानडीह टोला में प्रधानमंत्री आवास के लिए लाभुक दिवस का आयोजन किया गया। गुरुवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरायकेला खरसावां के उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गगराई उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास के सभी लंबित आवासों को पूर्ण करने के लिए 30 जून 2023 की तिथि निर्धारित की गई। इसके लिए प्रत्येक गुरुवार को विशेष अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास के लिए लाभुक दिवस का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में वैसे लाभुक जिनके आवास लंबित हैं वे उपस्थित रहे। उनके साथ कारणों पर चर्चा की गयी। लाभुकों की समस्याओं को जानकर उप विकास आयुक्त ने उपस्थित पदाधिकारियों को समस्या का समाधान अविलंब करने का निर्देश दिया। वही लाभुकों ने कहा निजी कारणों से आवास बड़ा बनाने के कारण राशि खर्च हो गयी। उपस्थित पदाधिकारी ने उन्हें आश्वस्त किया कि आवास का कार्य पुनः चालू करें ताकि अगली किस्त की राशि दी जा सके। उधर गुमानडीह टोला निवासी श्रीमती मोगली सरदार के आवास निर्माण कार्य का प्रारंभ उप विकास आयुक्त, प्रखंड विकास पदाधिकारी और मुखिया के द्वारा कुदाल चलाकर किया गया। लाभुकों ने सकारात्मक पहल करने और समय पर आवास पूर्ण करने का आश्वासन दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने ग्रामीणों से अन्य समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने तालाब का जीर्णोद्धार,सड़क मरम्मत के लिए पदाधिकारियों को अवगत कराया। जानकारी मिलने पर यथाशीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला समन्वयक सत्यवान, जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) प्रधानमंत्री आवास योजना बसंत साहू, प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास योजना सरायकेला राकेश महतो, पंचायत सचिव और अन्य उपस्थित रहे।

# सोसायटी के लोगों ने किया सांसद का अभिनंदन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सदन में सर्वाधिक प्रश्न पूछने और सबसे ज्यादा उपस्थिति दर्ज करने वाले में लोकसभा क्षेत्र के सांसद विद्युत वरण महतो प्रथम स्थान मिलने और सांसद रत्न मिलने की खुशी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गुरुवार को सोनारी एफ जी रोड सामुदायिक विकास भवन कमिटी और सोसाइटी के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनके चित्र वाला मोमेंटो और गुलदस्ता देकर सांसद बिद्युत बरन महतो को सम्मानित किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार,मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार और कमिटी के अध्यक्ष गौतम बोस और श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव शामिल रहे। मौके पर सोसायटी के प्रतिनिधियों ने क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सांसद को अवगत कराया। वही भवन के चारदीवारी,भवन का विस्तारीकरण और जूस्को द्वारा बिजली आपूर्ति की मांग की गई। इस पर सांसद विद्युत वरण महतो ने सभी समस्याओं का निवारण जल्द कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन पूर्व मंडल अध्यक्ष विरेंद्र प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार, पूर्व मंडल अध्यक्ष निपेन्दर सिन्हा, कमिटी के सचिव चंद्रमोहन चौधरी, गौतम सिन्हा,श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव, नाराण प्रसाद, किशोर साहू, संजय रजक, रमेश प्रसाद साहू, काजल मुखर्जी, बिराज दै, जयप्रकाश प्रसाद, विजय कुमार, संत कुमार सहित सेंकड़ौ पूरुष और महिलाएं शामिल रहे।

# आइसक्रीम पार्लर में हुई चोरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** मानगो आजाद नगर के समीप अल सफा आइसक्रीम पार्लर में चोरों ने बीती रात लाखों रुपए के सामान पर हाथ साफ कर लिया। जानकारी मिलते ही पुलिस ने मामले की छानबीन में जुट गई। बताया जा रहा है कि आइसक्रीम पार्लर में चोरों ने दूसरी बार घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने सीसीटीवी कैमरा और डीवीआर सहित कयी महंगे सामान, नकद रुपिया चोरी कर ली। दुकान के मालिक मोहम्मद शकील अनवर ने कहा कि लगभग एक लाख से अधिक मूल्य का सामान और नकद चोरी होने का अनुमान लगाया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मानदेय बढ़ने से वार्ड सदस्य और उप मुखिया में खुशी की लहर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** हेमंत सरकार के पहल पर राज्य में वार्ड सदस्य और उप मुखिया के मानदेय में बढ़ोतरी होने पर बागबेड़ा क्षेत्र में खुशी का लहर है। गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर वार्ड सदस्य सह उप मुखिया सुनील गुप्ता ने राज्य के मुख्यमंत्री और पंचायती राज्य मंत्री आलमगीर आलम के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा यह वार्ड सदस्य और उप मुखिया संघ की लंबी लड़ाई की जीत है। उन्होंने कहा वार्ड सदस्य को 200 से बढ़ाकर 500 और उप मुखिया का 500 से बढ़ाकर 1200 किए जाने पर मुख्यमंत्री और पंचायती राज्य मंत्री आलमगीर आलम को बधाई दी। सुनील गुप्ता ने कहाव बीते कई वर्षों से वार्ड सदस्य और उप मुखिया के सम्मानजनक मानदेय को लेकर विधायक से लेकर मंत्री तक मांग पत्र सौंपे थे। इसके लिए कई बार आंदोलन के साथ कई महीनों से संघर्षरत रहे। उसी का नतीजा है वार्ड सदस्य एवं उप मुखिया का मानदेय में बढ़ोतरी हुई है। यह बढ़ोतरी वार्ड सदस्य और उप मुखिया के आंदोलन की जीत है।

# पारंपरकि वस्त्र पहन कर ही मंदिर में प्रवेश की अनुमति मिले : ब्राह्मण युवा शक्ति संघ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** ब्राह्मण युवा शक्ति संघ के संयोजक अप्पू तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर देश की सभ्यता और संस्कृति बचाने की कवायद शुरू कर दी है। गुरुवार को ब्राह्मण युवा शक्ति संघ का एक प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय परिधानों में पूजा पाठ हेतु पुजारी संग समन्वय स्थापित कर नयी शुरूआत करते हुए अभियान चलाने की जानकारी दी। अप्पू तिवारी ने बताया अन्य धर्मों से सनातनियो को भी सीख लेनी चाहिए। इसमें आगे बढ़कर पहल करनी होगी। साथ ही जिस तरह से भगवा गमछा का प्रचलन शहर में युवाओं के बीच एक नई पहचान बन गयी है वैसे ही धोती और कुर्ता अथवा साड़ी या सूट में मंदिर में प्रवेश करे। अन्यथा असमाजिक वेशभूषा जैसे कटी-फटी जिंस, स्कर्ट, शार्ट कपड़े उत्तेजक असभ्य अशोभनीय वस्त्र पहनकर मंदिर में प्रवेश पर रोक लगनी चाइए। तभी धर्म और धर्म सभ्यता की रक्षा संभव हो पाएगी।

महत्वपूर्ण न्यूज

## कांडी प्रखंड कार्यालय सभागार में किसान गोष्ठी का आयोजन



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार तिवारी तथा संचालन बीटीएम रंजित कुमार सिंह ने किया। बीडीओ मनोज कुमार तिवारी ने किसान गोष्ठी में मोटे अनाज की पैदावार करने को लेकर प्रोत्साहित किया। बीटीएम रंजित कुमार सिंह ने पशुओं के गोबर से गोबर गैस बनाकर उपयोग करने की बात कही तथा गोबर खाद किसानों को उपयोग करने की सलाह दी। किसानों को यूरिया खाद से बचने की सलाह दी गयी। यूरिया खाद तथा डीएपी से होने वाली बिमारियों पर प्रकाश डाला। मौके पर किसान मित्र बिजय कुमार पाण्डेय, नीरज कुमार द्विवेदी, राकेश कुमार, मनोज पासवान, कमलेश कुमार सिंह, राजीव तिवारी के अलावे सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

## बाहर कमाने गये कांडी के युवक की नागपुर में मौत, शव घर आने पर पूरे गांव में पसरा मातम



**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बलियारी पंचायत के भीलमा गांव निवासी दिनेश पाल का 20 वर्षीय पुत्र उपेंद्र पाल की मौत हो गई। घटना 30 मई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह इंद्रपुर में मजदूरी करने गया था, जहां अज्ञात बिमारी के सक्रंमण में उसके पैर में सूजन होने लगा। इलाज भी हुआ, परंतु स्वस्थ नहीं हो सका। उसके पश्चात वह अपना घर आ रहा था। वह नागपुर पहुंचा ही था कि उसकी तबियत अत्यधिक खराब हो गई। उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहां से उसका शव पैतृक आवास पर पहुंचना भी मुश्किल हो गया, चूंकि वह अत्यंत निर्धन परिवार से था। उसके गांव में ग्रामीणों ने सहयोग के रूप में अपने सामर्थ्य के अनुसार चंदा एकत्रित किया। तब शव को गुरुवार की सुबह में एम्बुलेंस से घर पर लाया गया। शव पहुंचने की सूचना पाकर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ लग गई। परिजन दहाड़ मार-मार कर रोने लगे। पूरा गांव गमगीन हो गया। बता दें कि उपेन्द्र ही अपने घर में एक कमाऊ युवक था, जो अपने पूरे परिवार का भरण पोषण करता था। झारखण्ड में काम नहीं मिलने के कारण कामगर, मजदूर, युवकों को प्रवासी मजदूर बनना पड़ता है। अपने परिवार के भरण पोषण हेतु दो वक्त की रोटी नसीब हो सके इसलिए लोग अन्य राज्यों में जाते हैं और अक्सर यह देखने को मिलता है कि वहां से शव लौटता है।

## पुलिस पदाधिकारियोंऔर जवानों ने तंबाकू सेवन नहीं करने की ली शपथ



**मेराल (आजाद सिपाही)।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर बुधवार को मेराल थाना के पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों ने तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ ली। थाना परिसर में आयोजित कार्यक्रम में थाना प्रभारी नीतीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों ने तंबाकू का सेवन नहीं करने की शपथ ली। इस मौके पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार द्वारा तंबाकू के साथ-साथ धूम्रपान और मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों को इसके प्रति जागरूक किया गया।

# 20 दिन की नवजात बच्ची को एक मां दूसरी महिला को सौंप कर हुई फरार

**स्थानीय पुलिस को सूचना दिये जाने के बाद प्रशासन की पहल पर उक्त बच्ची को बाल कल्याण समिति को सौंपा गया**

आजाद सिपाही संवाददाता





**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर परिसर में एक महिला अपनी 20 दिन की नवजात बच्ची को एक दूसरी महिला के हवाले कर फरार हो गयी। नवजात बच्ची को छोड़े जाने को लेकर अस्पताल में तैनात महिला चिकित्सक प्रियंका कुमारी द्वारा स्थानीय पुलिस को सूचना दिए जाने के बाद प्रशासन की पहल पर उक्त बच्ची को बाल कल्याण समिति को सौंप दिया गया।

बताते चलें कि अहले सुबह हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के कवलदाग निवासी कुंती देवी (47) पति शिवनाथ पासवान अपनी पतोहु को डिलेवरी कराने भवनाथपुर सीएचसी आयी थी। उन्हीं को उक्त अज्ञात महिला ने अपनी 20 दिन की नवजात बच्ची को देते हुए कहा कि मैं फ्रेश होकर आ रही हूं तब तक मेरी बेटी को संभाल कर रखिएगा, मैं थोड़ी देर में आ रही हूं। परंतु पांच घंटे बीत जाने के बावजूद उक्त महिला अपनी बच्ची को लेने वापस नहीं आयी। फलस्वरूप कुंती देवी ने बच्ची को लेकर अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी को बच्ची के बारे में बताया। इसकी सूचना मिलते ही भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय एवं सहदेव साह ने उक्त बच्ची को बरामद कर डॉक्टर प्रियंका कुमारी के द्वारा स्वास्थ्य जांच के उपरांत सकुशल एवं स्वस्थ हालत में बाल कल्याण समिति के सदस्य रॉबर्ट कच्छप भवनाथपुर को सुपुर्द कर दिया गया।

## झामुमो युवा अध्यक्ष ने जाना आदिम जनजातियों का हाल



**बुनियादी सुविधाओं से लैस करने की प्रतिबद्धता दुहराई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका प्रखंड अंतर्गत कटरा पंचायत के वार्ड नं. 5 में आदिम जनजाति बहुल गांव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के रंका युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी ने युवा टीम को लेकर दौरा किया और ग्रामीण जनता की बुनियादी सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर युवा टीम ने वहां के लोगों की समस्याओं से अवगत होकर समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ग्रामीणों को शिक्षा, सड़क, बिजली, पानी, राशन, पेंशन, आवास आदि सरकार एवं मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी और लाभ उठाने की अपील की। साथ ही ग्रामीणों के द्वारा मांगी गई सुविधाओं को अविलंब पूरा करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, सदस्य संतोष कुमार रवि, अंसारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## गढ़वा के चार खिलाड़ी नेशनल प्रतियोगिता के लिए चयनित



आजाद सिपाही संवाददाता

**66वीं नेशनल स्कूली टेबल टेनिस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी भोपाल में लेंगे भाग**

**टेबल टेनिस संघ के कोषाध्यक्ष सह प्रशिक्षक कमलेश दुबे का टीम कोच के रूप में हुआ चयन**

**गढ़वा।** 66वीं नेशनल स्कूली प्रतियोगिता के अंडर-19 बालक एवं बालिका वर्ग के लिए दस सदस्यीय झारखंड राज्य टीम की घोषणा झारखंड राज्य टेबल टेनिस संघ के सचिव समर जीत सिंह ने की। स्कूली नेशनल टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए गढ़वा जिले के चार खिलाड़ियों अनिल कुमार मेहता, अमल कुमार ठाकुर, आयुषी कुमारी पांडेय और अंजली कुमारी का चयन किया गया है। गढ़वा जिले के चार खिलाड़ी और संघ के कोषाध्यक्ष सह प्रशिक्षक कमलेश दुबे का चयन टीम कोच के रूप में किए जाने पर गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के पदाधिकारी और खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

झारखंड टीम के चयन के लिए मेगास्पोर्ट्स कंप्लेक्स, होटवार, रांची में राज्य स्तरीय 'खुली चयन प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 31.05. 2023 को किया गया था। जिसमें गढ़वा जिले के टेबल टेनिस संघ ने अपने छह खिलाड़ियों को शामिल कराया था, जिसमें से चार खिलाड़ियों का चयन किया गया। 66वीं नेशनल स्कूली प्रतियोगिता मध्य प्रदेश के भोपाल में दिनांक 10.06. 2023 से 13.06. 2023 तक आयोजित की गई है, जिसमें उक्त खिलाड़ी भाग लेंगे। खिलाड़ियों को बधाई देते हुए संघ के संरक्षक अलख नाथ पांडेय ने कहा कि टेबल टेनिस संघ का सपना जिले से ओलंपिक खिलाड़ी तैयार करने का है। संघ खिलाड़ी और अभिभावक के साथ मिलकर काम कर रहा है।

नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे खिलाड़ियों को अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, अशोक कुमार दुबे, सियाराम शरण वर्मा, नन्दकुमार गुप्ता, विनोद कमलापुरी, सिस्टर रौशना, सुशील केशरी, दीपक अमित सिंह, संजय सोनी, सचिव आनन्द सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, अशोक विश्वकर्मा, मोजीबुद्दीन खान, प्रवीण मिश्रा, अजय कुमार ठाकुर, चंद्रभूषण सिन्हा, सुधीर पाठक, आमोद कुमार पाण्डेय, नवनीत शुक्ला, मिथिलेश सिंह, नागेन्द्र चौधरी, पंकज सोनी, अभय कुमार आदि ने टीम में शामिल सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## युवक ने जहर खाकर आत्महत्या का किया प्रयास

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** केतार थाना क्षेत्र के चांदडीह गांव निवासी भोलू सिंह चेरो के पुत्र उपेंद्र कुमार सिंह ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि घरेलू कामकाज को लेकर उपेंद्र कुमार सिंह को उसके पिता ने डांट-फटकार लगायी थी। इससे गुस्से में आकर उपेंद्र कुमार सिंह ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी तबीयत बिगड़ने पर स्वजनों ने आनन फानन में उसे सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया। सदर अस्पताल में इलाजरत उपेंद्र की हालत स्थिर बनी हुई है।

## सड़क दुर्घटना में महिला घायल

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** डंडई थाना क्षेत्र के बैलाझखड़ा गांव निवासी इम्तियाज अंसारी की पत्नी अफसाना बीबी सड़क दुर्घटना में घायल हो गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि अफसाना बीबी अपने पति के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर से गढ़वा आ रही थी। इस दौरान के विडंडा के समीप चलते हुए मोटरसाइकिल में अफसाना बीवी का दुपट्टा फंस गया। इससे अफसाना बीबी मोटरसाइकिल से गिरकर घायल हो गई।

## ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण समिति का पुनर्गठन

**मनीष कुमार गुप्ता अध्यक्ष, ममता देवी सचिव और सविता देवी बनीं कोषाध्यक्ष**



**केतार (आजाद सिपाही)।** बलीगढ़ पंचायत के ग्राम बलिगढ़ में मुखिया ललिता कुमारी की अध्यक्षता में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति का पुनर्गठन हुआ। जिसमें 21 सदस्यीय समिति का चयन हुआ। इस समिति में सदस्य के रूप में ग्राम के वार्ड सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि, सखी मंडल की महिलाएं, स्वास्थ्य सहिया, जल सहिया एवं स्थानीय ग्रामीण को मिलाकर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें मनीष कुमार गुप्ता अध्यक्ष, ममता देवी सचिव, सविता देवी कोषाध्यक्ष एवं सदस्य बनाए गए। समिति का गठन के लिए आए पर्यवेक्षक स्वास्थ्य विभाग से बीटीटी अनुज कुमार ने बताया कि ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति का गठन किए हुए नौ साल हो गया था। जिसको लेकर अब इसे हर जगह पुनर्गठन किया जा रहा है। मौके पर स्वास्थ्य सहिया संगीता देवी, ममता देवी, उषा देवी, संगीता देवी, बीडीसी प्रतिनिधि कामेश्वर सिंह, पुरुषोत्तम प्रसाद, अशोक ठाकुर, मनोज गुप्ता, रमेश राम, रीना देवी, सविता देवी, मंजू देवी व कई महिलाएं उपस्थित थीं।

**कार्यक्रम :** विधायक भूषण बाड़ा ने गोंडवाना समाज के समर कैंप सह युवा सम्मेलन को जम कर सराहा, कहा

# गोंडवाना समाज के लोगों को सशक्त बनाने का किया जायेगा प्रयास

**इस आयोजन से समाज के बच्चे अपने समाज के संस्कार, भाषा-संस्कृति, रहन-सहन को बारिकी से जान रहे हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिमडेगा।** केरसई प्रखंड के कोनसकेली में 9वां गोंडवाना समर कैम्प सह युवा सम्मेलन गुरुवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। गुरुवार को विधायक भूषण बाड़ा और जिप सदस्य जोसिमा खाखा मुख्य रूप से शामिल हुई। विधायक ने कहा कि गोंड़ जनजाति समाज द्वारा लगातार नौ वर्षों से आयोजित गोंडवाना समर कैंप सह युवा सम्मेलन काबिले तारिफ है। इस आयोजन से समाज के बच्चे अपने समाज के संस्कार, भाषा-संस्कृति, रहन-सहन को बारिकी से जान रहे हैं। इस सम्मेलन से वे बहुत कुछ सीख कर जा रहे हैं। लगातार सात दिनों तक बच्चों को शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास के साथ-साथ संस्कारयुक्त शिक्षा देने की पहल की चर्चा दूर प्रदेशों में हो रही है। अन्य समाज को भी गोंडवाना जनजाति समाज से सीखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गोंडवाना समाज की जितनी प्रशंसा की जाये कम है। समाज के लोग संगठित हैं। उन्होंने कहा कि गोंडवाना समाज के लोगों को सशक्त बनाने का प्रयास किया जाएगा। समाज के लोगों की सेवा के लिए वे हर पल तत्पर हैं। समाज के लोग अपनी समस्या बताने में झिझक न करें। समाज के उत्थान की दिशा में कार्य किया जाएगा।

### युवा समाज के दर्पण हैं : जोसिमा खाखा

जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि युवा समाज के दर्पण और बुढ़ापे की लाठी के समान होते हैं। युवाओं की सही दिशा ही समाज को ऊंचाई तक ले जाती है। आप लोगों को आगे आकर समाज की जिम्मेदारी को अपने कंधे में लेना होगा। आधुनिकता और पारंपरिक चीजों को एक साथ कदमताल कराते हुए समाज को आगे ले जाना होगा। उन्होंने आयोजन समिति को इस भव्य आयोजन के लिए धन्यवाद भी दिया और कहा कि गोंडवाना समाज अन्य आदिवासी समाज के लिए दर्पण है आपसे लोगों को सीखना चाहिए।

मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा, जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, मुखिया सह विधायक प्रतिनिधि मूंश खेस, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू खान, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष संदीप नायक, अजय दान कुजूर, हर्षित मिंज, कृष्णा मांझी, भिंसेंत कुल्लू, गोंडवाना समाज के पदाधिकारी कमलेश्वर मांझी, रामचंद्र मांझी, प्रदुमन प्रधान, भुनेश्वर बेसरा, अजय मांझी, गजेंद्र मांझी, राजेश्वर प्रधान, अनुज बेसरा, नरेश बेसरा, वैशाली धुर्वे, मनीष मरावी, मनोज प्रधान सहित अन्य लोग शामिल थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,**
**भवन प्रमंडल सं0-2, रॉंची**

**निविदा रद्द सूचना**

एदद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के संबन्धित श्रेणी में निबन्धित संवेदकों को सूचित किया जाता है, कि P.R. No. 298427 Building (22-23):D से प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना, सं0-09/2023-24, जिसका परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि 17.06.2023 है। जिसमें क्रमांक-(1) के कार्य "मत्स्य कॉलोनी स्थित जिला मत्स्य पदाधिकारी के आवास का जीर्णोद्धार कार्य ,Doranda,Ranchi" को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमंडल सं0-2, रॉंची

PR298848 (Building)23-24*D

**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।**

ज्ञापांक .................. दिनांक ..................

इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI) सूचना संख्या 07/2023-24

मेदिनीनगर नगर निगम के गाँधी उद्यान में निर्मित Cafeteria संचालित किया जाना है। जिसके लिए इच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। Cafeteria, Hotel & Restaurant इत्यादि का अनुभव रखने वाले इच्छुक व्यक्ति मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में निविदा/कोटेशन दिनांक 07.06.2023 को 1:00 बजे अपराह्न तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शूल्क मो0 5,000/- रू0 एवं सुरक्षित जमा राशि मो0 50,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा। निविदा शूल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन उसी दिन अपराह्न 2:00 बजे नगर निगम कार्यालय में procurement समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधित नियम एवं शर्तें निगम सूचना पट पर कार्यालय अवधि में देखी जा सकती है।

ह0/-
नगर आयुक्त
-सह- प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 298819 District(23-24)D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-2, रॉंची**
**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-10/2023-24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0-2, रॉंची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 21.06.2023 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 22.06.2023 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 22.06.2023 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0-2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा। 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0-2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉंची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0-2, रॉंची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | अग्रधन की राशि (रू०) | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डोरण्डा, रॉंची स्थित जिला मत्स्य कार्यालय के भवन संख्या-2 का जीर्णोद्धार कार्य | 24,98,500.00 | 5000.00 | 50,000.00 | Three Months |

नोट :निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

PR 298852 Building(23-24)D

कार्यपालक अभियन्ता
भवन निर्माण विभाग भवन प्रमण्डल संख्या-2, रॉंची

**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, Ramgarh**

**VERY SHORT TENDER e-Procurement Notice**

**Tender Reference No. DWSD/RMG/RRP/04/2023-24 (1st Call)** **DT : 31.05.2023**

| Sl. No. | Particular | Details | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Changing of Rotten Riser Pipe in I.M-II Drilled Tube Well with 32 mm Medium Class G.I Riser Pipe and Connecting Rod for Drilled Tube Well in Different Blocks of Ramgarh District on "TURNKEY BASIS" under D.W.&S. Division, Ramgarh for the Year 2023-24 | | | | |
| | Group No. | Qty. | Estimate Cost | Earnest Money | Cost of BOQ(Rs.) | Time of Completion |
| | RMG/RAMGARH/DULMI/CHITARPUR RRP-01 | 43 Nos. | 6,27,542/- | 12,600/- | 1,250/- | 02 Months |
| | RMG/GOLA/RRP-02 | 60 Nos. | 8,75,640/- | 17,600/- | 1,250/- | 02 Months |
| | RMG/MANDU/RRP-03 | 64 Nos. | 9,34,016/- | 19,000/- | 1,250/- | 02 Months |
| | RMG/PATRATU/RRP-04 | 56 Nos. | 8,17,264/- | 16,500/- | 1,250/- | 02 Months |
| 2 | Date of Tender Uploading in Website | 03.06.2023 at 5:00 PM | | | | |
| 3 | Last Date / Time for Submission of online Tender Documents | 09.06.2023 up to 5:00 PM | | | | |
| 4 | Last Date & Time of Receiving EMD/Cost of BOQ (Hard Copy) | 10.06.2023 up to 3:00 PM In the Office of - Executive Engineer, D.W.&S. Division, Ramgarh | | | | |
| 5 | Date of Opening Tender | 12.06.2023 at 5:00 PM | | | | |
| 6 | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ramgarh (Jharkhand) | | | | |
| 7 | Name & Address of Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ramgarh (Jharkhand) | | | | |
| 8 | Contact No. of Procurement Office | +91-8809999672, +91-9931972161 or 06541-253273 | | | | |
| 9 | Helpline No. of e-Procurement Cell | 0651-2480345 | | | | |

- Further details can be seen on & official website http://jharkhandtenders.gov.in.
- Estimated cost may increase or decrease.
- Undersign reserves the right to amend or withdraw any of the terms & conditions contained in the tender document or to accept or reject any or all the tenders without assigning any notice or reason thereof. The decision of the undersigned in this regard shall be find & binding on all.

PR 298828 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

Executive Engineer
D.W.&S. Division, Ramgarh

## वॉलीबॉल शिविर के लिए खूंटी के छह खिलाड़ियों का चयन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी के छह वॉलीबॉल खिलाड़ियों का चयन स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के शिविर के लिए हुआ है। इनमें आकाश कुमार गुप्ता, विवेक कुमार गुप्ता, गौतम राय, सुभाष कुमार और हर्ष कुमार शामिल हैं। खूंटी जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा के नेतृत्व में खिलाड़ियों और संघ के लोगों ने केक काटकर खुशी जताई। खिलाड़ियों के चयन पर अध्यक्ष दिलीप मिश्रा, सचिव पीटर मुंडू, गौतम, अरविंद मिश्रा, मनोज राय, वाटसन स्वांसी, राजकुमार गुप्ता, राजेश चोडे, विकास मिश्रा आदि ने शुभकामनाएं दी। दिलीप ने बताया कि रांची के खेलगांव में बुधवार को वॉलबॉल का ट्रायल गेम हुआ था। मैनेजर विक्की गुप्ता के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था।

### सेरेंगहातू से सवारी लेकर खूंटी आ रही कार को नयी चेचिस ने मारी थी ठोकर, दो घायल

# दो वाहनों की टक्कर में पिता-पुत्र की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** सायको थाना क्षेत्र के रोंगो के सीमा क्षेत्र तजना नदी के पास गुरुवार की दोपहर हुई सड़क दुर्घटना में रिश्ते में पिता-पुत्र की मौत हो गई। जबकि वाहन पर सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार अड़की के सेरेंगहातू से सवारी लेकर खूंटी आ रही फोर्स क्रूजर को नयी चेचिस लेकर जा रेहे चालक ने पीछे से ठोकर मार दी। इसके बाद उसे करीब 20 मीटर तक घसीटकर ले गई, जिससे तजना नदी के पास फोर्स गाड़ी पलट गई।इस दौरान उसी वाहन के नीचे दबकर वाहन चालक भरत मल्हार (45) और उसके पुत्र अभिराम मल्हार (20) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बतातें चलें कि भरत महतो खुद अपनी गाड़ी चलाता था और उसका बेटा खलासी का काम करता था। गुरुवार को भरत सवारी लेकर सेरंगहातू से खूंटी जा रहा था। सवारी उठाने के लिए उसने सड़क किनारे अपनी गाड़ी रोकी थी, तभी नयी चेचिस ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।इस घटना में पिता-पुत्र की मौत होने के साथ ही वाहन में सवार दयाल हस्सा और उसकी पत्नी सोम्बारी हस्सा घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि वाहन में सवार छह महीने के एक बच्चे को खरोंच तक नहीं आई। वाहन का एक अन्य खलासी भी सुरक्षित है। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।




मृतक भरत और अभिराम मल्हार की फाइल फोटो।



घायल दयाल हस्सा।

## पांच हजार रिश्वत लेते खूंटी का राजस्व कर्मचारी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** एसीबी रांची की टीम ने गुरुवार को खूंटी तहसील कार्यालय के कर्मचारी और राजस्व उप निरीक्षक अरविंद बिहारी दास को पांच हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपित कर्मचारी ने हूटार गांव निवासी काली महतो से किसी कार्य के लिए पांच हजार रुपये की मांग की थी। उसके बाद काली महतो ने इसकी जानकारी एसीबी को दी। एसीबी की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित राजस्व कर्मचारी को घूस की रकम के साथ गिरफ्तार कर लिया।



## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने किया बेकरी दुकान का औचक निरीक्षण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के निर्देश पर गुरुवार को जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार ने मुरहू प्रखंड के गोड़ाटोली स्थित ब्रेड एवं बेकरी दुकान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पाया कि दुकान के संचालक द्वारा बिना फूड लाइसेंस के व्यवसाय किया जा रहा है। साथ ही बिक्री किये जाने वाले मालपुआ ब्रेड, बर्फी, बालूशाही सहित अन्य सामग्रियों पर मैन्यूफैक्चरिंग डेट, एक्सपाइरी डेट, फुड लाइसेंस नंबर अंकित नहीं थे। मौके पर मालपुआ, ब्रेड और बर्फी के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। साथ ही चेतावनी दी कि एक सप्ताह के अंदर फूड लाइसेंस बनवा लें। दुकानदार को निर्देशित किया गया कि जिन उत्पादों पर फूड लाईसेंस नंबर, मैन्यूफैक्चरिंग डेट और एक्सपाइरी डेट अंकित हो, उन्हीं की बिक्री की जानी चाहिए, अन्यथा एफएसएसएआई एक्ट 2006 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस एक्ट के तहत दोषी के विरुद्ध जुमार्ना और सजा का प्रावधान है।

## मांगे पूरी नहीं हुई तो करायेंगे बचरा साइडिंग बंद : इस्लाम अंसारी

**असंगठित मजदूरों की मांगों को लेकर सीटू ने पिपरवार में किया विरोध प्रदर्शन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिपरवार।** श्रमिक संगठन एनसीओईए सीटू की ओर से बचरा साईडिगं में कार्यरत अंसगठित मजदूरों की विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। बचरा साईडिंग में काम करने वाले अंसगठित मजदूरो ने सीटू के एरिया सचिव इस्लाम अंसारी के नेतृत्व में पिपरवार जीएम ऑफिस के समक्ष प्रदर्शन करते हुए प्रबंधन को तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में बचरा साईडिगं में काम करने वाले मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी का भुगतान करने, पूर्व की तरह भुगतान स्लीप देने और फार्म ई में मजदूरों की हाजिरी बनाने की मांग की गई है। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान उपस्थित मजदूर और यूनियन के लोगों ने प्रबंधन और कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस संबंध में सीटू के एरिया सचिव इस्लाम अंसारी ने बताया कि बचरा साईडिगं में काम करने वाले मजदूरों को पूर्व मे यह सभी सुविधा मिलती थी, लेकिन अब नयी कंपनी द्वारा साईडिंग का काम लिया गया है। कंपनी द्वारा मजदूरों की सुविधा में कटौती की जा रही है। बचरा साईडिंग में हाई पावर कमेटी के नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। प्रबंधन और कंपनी मजदूरों का शोषण कर रही है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी प्रबधंन को तीन सूत्री मांग पत्र सौंपा गया है। यदि मांगे पूरी नहीं हुई तो 15 जून से बचरा साईडिगं को बंद कराया जाएगा। इसके बाद भी मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने सभी मजदूरों से एकजुट होकर संघर्ष को तेज करने का आह्वान किया। इस मौके पर इस्लाम अंसारी, गुरूदयाल सिंह, शमशुल होदा, रूखसार आलम, मुंशी महतो, हैदर अली, दिलीप चौधरी, सुरैश गोप, लटन महतो, चैता महतो और गोविंद महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।



पिपरवार में विरोध प्रदर्शन करते सीटू कार्यकर्ता व मजदूर।

## खूंटी में किशोर ने फांसी लगा कर की खुदकुशी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** थाना क्षेत्र के खूंटी टोली में 19 वर्षीय किशोर ने बुधवार की रात अपने घर में फंसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान राज महतो के रूप में हुई है। उसके पिता अपने परिवार वालों के साथ एक शादी समारोह में दतिया गांव गए थे। घर में और कोई नहीं था। इसी का लाभ उठाकर राज महतो ने अपने कमरे में पंखे के सहारे साड़ी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। जब राज की पत्नी ने कमरे का दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, तो कोई जवाब नहीं मिला। तब उसने खिड़की से झांकी तो पति को पंखे से लटका देखकर शोर मचाना शुरू कर दिया। उसकी चीख पुकार सुनकर गांव वाले वहां जमा हो गये और दरवाजे की कुंडी तोड़कर अंदर घूसे और राज को फंदे से उतार कर सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर खूंटी प्रखंड के उप प्रमुख और सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कश्यप भी राज के घर पहुंचे और परिवार वालों को सांत्वना दी। राज की चार माह की एक बेटी भी है। घटना के बाद राज की पत्नी बार-बार बेहोश हो जा रही थी। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया। इस दौरान जितेंद्र कश्यप ने कहा कि राज की पत्नी को विधवा पेंशन और अन्य सुविधा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।



## बुंडू बड़ा तालाब पहुंच कर आजसू नेताओं और कार्यकर्ताओं ने लगाया सौंदर्यीकरण में घटिया सामग्री इस्तेमाल करने का आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बुंडू।** आजसू की रांची जिला कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा के नेतृत्व में गुरुवार को पार्टी के तमाड़ विधानसभा के केंद्रीय, जिला, प्रखंड एवं नगर स्तर के पदाधिकारियों व सैकड़ो सक्रिय कार्यकर्ता बुंडू बड़ा तालाब पर पहुंचे। वहां बुंडू नगर पंचायत की ओर से निविदा निकाल कर किये जा रहे सौंदर्यीकरण कार्य में घोर अनियमितता बरतने का आरोप लगाया। वहीं, कथित रूप से कनिंय अभियंता विनीता कुमारी ने भी स्वीकार किया कि इस्तेमाल की जा रही सामग्री बहुत ही घटिया स्तर की है, जिसे नहीं लगना चाहिए। साथ ही कनिंय अभियंता ने यह भी स्वीकार किया कि वे साइड में नहीं आई थीं। उक्त बातों को लेकर आजसू की ओर से बुंडू नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को एक मांग पत्र सौंपा गया, जिसकी प्रतिलिपि बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी, रांची डीसी, झारखंड सरकार के मुख्य सचिव एवं नगर विकास सचिव को भी सौंपा गया गया है। मांग पत्र में बुंडू बड़ा तालाब सौंदर्यीकरण में इस्तेमाल हो रहे घटिया पत्थर को रोकने और कार्य की गुणवत्ता की जांच आजसू कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कराया जाने के साथ ही विभागीय अभियंता के दिशा निर्देश एवं निरीक्षण स्थल पर सुनिश्चित किया जाने की मांग की गयी। साथ ही चेताया गया कि मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया तो आजसू जन आंदोलन करेगी। इस मौके पर जिप सदस्य परमेश्वरी शांडिल, गुंजल इकिर सिंह मुंडा, रमेश मुंडा, श्याम महतो, ताराचंद मुंडा, हरिहर महतो, शुभम कुमार, आशुतोष महतो, अभिषेक गोराई और भयभंजन महतो आदि थे।




## सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य ने किया सीएचपी सीपीपी परियोजना का निरीक्षण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिपरवार।** सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य सह जनता मजदूर संघ (जमसं) के सचिव रविंद्रनाथ सिंह ने गुरुवार को पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी/सीपीपी परियोजना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कोयला खनन के कार्य में आउटसोर्सिंग कंपनियों में कार्यरत कोयला कामगारों का एचपीसी वेजेज, सिक, लीव एवं रेस्ट का भुगतान करने सहित मजदूरों की सुविधा को लेकर कई जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इएल की अविलंब भुगतान करने, सभी स्टीच्यूटरी फार्म एबीडीई भरने और एचपीसी वेजेज के 25 दिनों का भुगतान का निर्देश दिया। साथ ही सीएमपीएफ राशि की कटौती, सीएमपीएफ विभाग में वाउचर वेरिफिकेशन करने, कोयला कामगारों के वेलफेयर कार्यों को करने को लेकर प्रशिक्षण देने एवं परियोजना में वेलफेयर अधिकारी की नियुक्ति करने का निर्देश दिया। सभी स्थानों पर अग्निशामक यंत्र एवं उसके चालन को लेकर कामगारों को प्रशिक्षण देने की भी सलाह दी। साथ ही भीषण गर्मी को देखते हुए सीएचपी/सीपीपी परियोजना में कार्यरत कोयला कामगारों को शुद्ध पेयजल व्यवस्था कराने की मांग की। निरीक्षण के दौरान पिपरवार एरिया सेफ्टी ऑफिसर मुकेश तोषण, सीएचपी परियोजना सेफ्टी ऑफिसर रवि कुजूर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## ऑल इंडिया छात्र एसोसिएशन का प्रथम सम्मेलन संपन्न, निकाला गया एकजुटता मार्च




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** ऑल इंडिया छात्र एसोसिएशन का जिला सम्मेलन गुरुवार को गांधी सेवा सदन हाल में संपन्न हुआ। जिसका शुभारंभ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया गया। सम्मेलन में खुला सत्र रखा गया। जिसको कॉ केपी अजीत, कॉ लालदीप गोप और कॉ रमेश सोरेन ने संबोधित किया। सम्मेलन में 21 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष के रूप में गोविंद बास्की और सचिव ज्ञानोदय गोर्की को चुना गया। इससे पूर्व अंबेडकर चौक से रणधीर वर्मा चौक तक छात्र एकजुटता मार्च निकाला गया। इस दौरान नई शिक्षा नीति वापस लो, सीयूईटी वापस लो,खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू करो,सभी छात्रों को छात्रवृत्ति किताब देने की गारंटी करो,कॉलेजों में छात्रसंघ चुनाव जल्द कराओ जैसे नारे लगाए गए। मार्च के बाद झंडोतोलन कर शहीदों की याद में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर भाकपा माले के जिला सचिव कार्तिक प्रसाद, नगर सचिव राज्य कमेटी सदस्य कृष्णा सिंह, नगर सचिव नकुल देव सिंह और आरवाईए के राज्य परिषद सदस्य बिमल कुमार रवानी उपस्थित थे।

### सूकर पालक किसानों के लिए आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

# व्यावसायिक रूप सें सूकर पालन कर आत्मनिर्भर बनें किसानः जयान कुजूर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** खूंटी, अड़की और मुरहू प्रखंड के 30 प्रशिक्षणार्थियों का 10 दिवसीय सुकर पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम बैंक ऑफ इंडिया, आर सेटी खूंटी में किया गया। इसका समापन गुरुवार को हुआ। सिमडेगा से आये प्रशिक्षक निकोलस बरजो ने सुकर पालक किसानों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने भारत में पाऐ जानें वाले विभिन्न प्रकार के सुकरों की नस्लों के बारे में जानकारी दी। साथ ही उनमें होने वाली बीमारियों और इलाज के बारे में भी बताया गया। सुकर पालन से जुड़ी सरकारी योजनाओं, सुकर पालन के उपकरण और उनके रख रखाव, दवा और सुकर पालन से जुड़े व्यावसायिक पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान निदेशक आर सेटी जयान कुजूर ने बैंकिंग से जुड़ी बातों को भी विस्तार से बताया, जिनमें विभिन्न प्रकार के खाते, ऋण और बीमा की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को क्षेत्र भ्रमण के लिए बिरसा महाविद्यालय कांके ले जाया गया, जहां उन्हें सुकर पालन से संबंधि व्यावहारिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के अंत में नेशनल अकादमी ऑफ रुड्सेटी, रांची से आये निरीक्षक रघुनंदन कुमार और उमेश प्रकाश सिन्हा ने प्रशिक्षण का मूल्यांकन और प्रमाणीकरणी किया। प्रशिक्षण के दौरान संकाय सुशिल कुमार ने उद्यमी के गुणों के बारे में प्रशिक्षुओं को बताया। अग्रणी जिला प्रबंधक बिनय कुजूर, निदेशक आरसेटी जयान कुजूर, संकाय सुशील कुमार, संकाय संजय कुमार, सहायक सतनाम कंडुलना, सहायक निर्मल हेमरोम और जितेंद्र महतो आदि उपस्थित थे। जशन कुजूर ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद स्वरोजगार से जुड़कर अपने कार्यक्षेत्र में मेहनत कीजिये और अपने गांव और जिले के विकास में हाथ बटाएं। इस दौरान सभी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। निदेशक ने प्रशिक्षुओं को बताया कि आर सेटी आपलोगों को अगले दो साल तक स्वरोजगार स्थापित करने में सहयोग करेगी। यदि किसी को पूंजी की कमी है, तो ऋण की सुविधा भी मुहैया कराने में भी सहयोग करेगी।



सूकर पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित प्रशिक्षक।

## बिहार कोलियरी कामगार यूनियन की बैठक में राज्यस्तरीय रैली प्रदर्शन में भाग लेने का निर्णय

**खलारी (आजाद सिपाही)।** बिहार कोलियरी कामगार यूनियन (सीटू) की बैठक गुरुवार को डकरा स्थित दूर्गा मंडप में हुई। जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष इरफान खान ने की। बैठक में मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा की गयी। साथ ही निर्णय लिया गया कि सीटू झारखंड राज्य कमेटी के निर्णय के अनुसार छह जून को रांची में श्रम भवन के सामने 14 सूत्री मांगों और केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ राज्य स्तरीय विशाल रैली प्रदर्शन में एनके एरिया से बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। जोनल अध्यक्ष रतिया गंझू ने बताया कि 14 सूत्री मांगों में ठेका मजदूर,अस्थायी आउटसोर्स एवं अनुबंधित कामगारों का नियमितीकरण समान काम के लिए समान वेतन, जिआईजी वर्कर्स एवं प्रवासी मजदूर के लिए कानूनी व सामाजिक सुरक्षा, अस्थायी काम के ठेकाकरण पर रोक आदि मांगे शामिल हैं। बैठक में जोनल अध्यक्ष रतिया गंझू, एनके एरिया अध्यक्ष इरफान खान, महेश मुण्डा, जावेद खान, धनंजय, मनोज गोप, सुनील मुण्डा, सोहराई गंझू, मेहदी खान आदि शामिल थे।

## पत्नी ने पति पर प्रताड़ित करने का लगाया आरोप, मामला जनता दरबार तक पहुंचा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रामनगर गुमला निवासी अंबिका देवी ने अपने पति वीरेंद्र महली एवं उनके परिवार के द्वारा प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में अंबिका देवी के द्वारा गुमला के उपायुक्त सुशांत गौरव से जनता दरबार में गत दिन मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने उपायुक्त को दिए गए पत्र में लिखा है कि पूर्व में महिला थाना गुमला, पुलिस अधीक्षक गुमला और एसडीपीओ ऑफिस गुमला में शिकायत पत्र देकर वीरेंद्र महली के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई थी। लेकिन वीरेंद्र महली के खिलाफ पुलिस प्रशासन के द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की गयी। जिसके कारण मुझे न्याय नहीं मिल पा रहा है। मेरे पति के द्वारा मुझे एवं बच्चे को बहन सुबन देवी, करियो देवी के बहकावे में आकर मारपीट एवं गाली-गलौच एवं खाना-पीना के लिए भी प्रताड़ित करते हैं। उन्होंने पत्र में लिखा है कि मेरे पति आर्मी से रिटायर होकर वर्ष 2017 में घर आ गए हैं और कुछ दिन ही साथ में ठीक से रहने के बाद अपने दोनों बहनों के बहकावे में मारपीट और गाली गलौज किया जा रहा है। मेरे तीन बच्चे हैं। जिनकी परवरिश का जिम्मा अब मेरे ऊपर है। मेरे पति के द्वारा बच्चों की देखभाल एवं पढ़ाई के लिए कोई भी खर्च नहीं दिया जा रहा है।

# पड़हा व्यवस्था हमारी सामाजिक व सांस्कृतिक विरासत है : चमरा लिंडा



### चनगनी दरहा मरचा टांड़ में 29वां सात पड़हा जतरा समारोह में पड़हा पत्रिका का विमोचन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बेड़ो।** पड़हा व्यवस्था की सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए हमें एकजुट होकर आगे आना होगा। यह हमारी धरोहर है। उक्त बातें विधायक चमरा लिंडा ने कहीं। वे सात पड़हा, सौंसे खेखेल राजी आदिवासी परदाना खोड़हा व चाला अखरा खोड़हा के संयुक्त तत्वावधान में बेड़ो प्रखंड स्थित चनगनी गांव के दरहा मरचा टांड़ में आयोजित 29वां समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस दौरान विधायक समेत दर्जनों पड़हा समाज के लोगों ने पड़हा पत्रिका का विमोचन किया। साथ ही पड़हा व्यवस्था की सामाजिक, सांस्कृतिक व आर्थिक पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लिया। समारोह में 5,7,8,10,21 और 24 पड़हा के लोगों ने सराहनीय योगदान दिया। इस दौरान सात पड़हा राजा जीतु उरांव के समेत अन्य लोगों की अगुवाई में पड़हा निशान लकड़ी के बने हाथी, ढोल, ढाक, मांदर, नगाड़ा व झण्डा के साथ पड़हा समाज के लोगों ने शोभायात्रा निकाली। जो दरहा मरचा टांड़ की परिक्रमा करने के बाद एक समारोह में बदल गया। साथ ही विभिन्न गांवों से आई 36 खोड़हा की टीमों ने समारोह में परंपरागत नाच गान प्रस्तुत किया।

समारोह में विधायक चमरा लिंडा, समाजसेवी जगरे उरांव, डॉ बांदे उरांव व सौंसे खेखेल राजी आदिवासी परदाना खोड़हा के अध्यक्ष सुका उरांव समेत दर्जनों लोगों ने अपने विचार रखे। समारोह को सफल बनाने में पड़ा जतरा संचालन समिति के अध्यक्ष बिरसा उरांव, सचिव मंगरा उरांव, कोषाध्यक्ष संतोष उरांव, दिलीप, प्रकाश, बुधुवीर,पेरो, बासु व लछु उरांव आदि ने सराहनीय योगदान दिया। वहीं समारोह की अध्यक्षता सात पड़हा राजा जीतु उरांव, संचालन डा बांदे उरांव, विकास उरांव व धन्यवाद ज्ञापन मंगरा उरांव ने किया।

## बेड़ो के बारीडीह में 34वां वार्षिक पड़हा जतरा को सफल बनाने को लेकर बैठक आयोजित



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बारीडीह जतरा टांड़ में गुरुवार को तीन जून को इक्कीस पड़हा व बारह पड़हा के नेतृत्व में आयोजित 34वां वार्षिक पड़हा जतरा समारोह को सफल बनाने के लिए केंद्रीय पड़हा संचालन समिति के संरक्षक डॉ दिवाकर मिंज की अध्यक्षता बैठक की गई। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार, अंचल अधिकारी सुमंत तिर्की, थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम व नीलमणी भगत उपस्थित थी। बैठक का संचालन केंद्रीय पड़हा समिति के अध्यक्ष जुगेश उरांव ने किया। जहां जानकारी देते हुए बताया कि तीन जून पड़हा जतरा में इस वर्ष मुख्य अतिथि कला संस्कृति खेलकूद विभाग के मंत्री झारखण्ड सरकार हफीजुल हसन अंसारी, विशिष्ट अतिथि परिवहन एवं अनु जनजातीय मंत्री चम्पई सोरेन, लोहरदगा के सांसद सुदर्शन भगत व शिक्षाविद डॉ दिवाकर मिंज होंगे। बैठक में पदाधिकारियों ने कई बिंदुओं पर विचार विमर्श कर के सफल संचालन के लिए रणनीति बनायी। जहां थाना प्रभारी ने कहा कि जिला से पर्याप्त पुलिस बल मंगाया जाएगा। पदाधिकारियों ने शराब की बिक्री पर पूर्णतः पाबन्दी लगाने का निर्देश दिया। मौके पर 12 पड़हा राजा चरवा उरांव, मुख्य संरक्षक नीलमणी भगत, संचालन समिति के सचिव धनंजय कुमार रॉय, भौवा उरांव, एतवा उरांव, बंधना उरांव, राकेश भगत, देवनिश तिग्गा, भीखा उरांव, विनोद प्रधान व सोमरा भगत सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## जविप्र दुकानदार संघ के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में डीलरों ने खाद्य सचिव को ज्ञापन सौंपा

बेड़ो : झारखण्ड राज्य लक्षित जन वितरण प्रणाली दुकानदार संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार साहू के अगुआई में गुरुवार को जगन्नाथ मंदिर, धुर्वा रांची के समीप एक बैठक आहूत कर अपनी समस्याओं को खाद्य आपूर्ति सचिव को अवगत कराने के संबंध में चर्चा की गई। जिसमें पांच बिंदुओं पर चर्चा हुई। कोरोना काल में जब जुट की बोरी का उत्पादन बंद था तब सभी जन वितरण प्रणाली दुकानदारों से जूट की बोरियां 23.00 रुपये प्रति बोरी की दर से ली गई थी। परंतु आज तक उस बोरी का भुगतान नहीं किया गया है। गोदाम से खाद्यान एवरेज में मिलने से उन्हें प्रति बोरी 01 से 03 किग्राम खाद्यान काम मिलता है तथा प्रति बोरी 800 ग्राम बोरी का भी वजन होता है। डीएसडी के माध्यम से मिलने वाले अनाज के लिए मोटिया का खर्च भी दुकानदारों को वहन करना पड़ता है। इसके रोक थाम केलिए दुकानदारों ने कहा की गोदाम को भी ऑनलाइन किया जाय और वहां धर्मकांटा की व्यवस्था की जाय। माह जनवरी से लाभुकों के बीच मुफ्त खाद्यान्न का वितरण सरकार द्वारा तय किया है, जिसके एवज में जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को कमीशन के रूप में प्रति माह 01 (एक रूपया) प्रति किग्रा देना तय किया है। लेकिन दुकानदारों के प्रति सरकार और अधिकारी उदासीन दिख रहे हैं। हमें प्रति माह कमीशन की राशि नहीं मिलने से दुकानदारों में भुखमरी की नौबत आ गई है। अतः हमें कमीशन की राशि प्रति माह समय से उपलब्ध कराई जाय। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 18 महीने का बकाया कमीशन का भुगतान भी जल्द से जल्द कराई जाय। आगे संघ के प्रदेश महासचिव नृपेंद्र कृष्ण महतो ने कहा की अगर हमारी समस्याओं का समाधान नहीं होने पर हम विभागीय मंत्री और मुख्यमंत्री का घेराव तथा प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। बैठक के बाद प्रतिनिधि मंडल ने प्रोजेक्ट भवन में खाद्य आपूर्ति सचिव को अपनी मांग पत्र सौपा। सचिव ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया की उनकी समस्याओं पर जरूर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में भास्कर वर्मा, बिपिन बिहारी मिश्रा, मनोज वर्मा, बिंदु देवी, आशामुनि, राजेश, पंकज, अजित कुमार समेत सैकड़ों दुकानदार उपस्थित थे।

**मोदी सरकार के नौ साल बेमिसाल : विकास तीर्थ यात्रा का किया गया शुभारंभ**

# मोदी सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता : आदित्य प्रसाद साहू

### मोदी सरकार के नौ साल की उपलब्धियों को त्योहार के रूप में मना रही भाजपा : रामकुमार पहान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अनगड़ा।** राज्यसभा सांसद व भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काम के नौ साल पूरे हो गये हैं। इस बेमिसाल नौ साल को लेकर भाजपा बूथ स्तर तक कार्यक्रम आयोजित करेगी जिसमें घर-घर जाकर लोगों को इस नौ साल की उपलब्धियों को गिनाने का काम किया जाएगा। वे गुरुवार को प्रखंड के साल्हन गांव में भाजपा जिला ग्रामीण द्वारा आयोजित विकास तीर्थ कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में भाजपा के नेतृत्व में प्रधानमंत्री पद की कमान संभाली थी और उसके बाद 2019 में दूसरी बार प्रधानमंत्री बने। इन नौ वर्षों में भारतीय राजनीति और देश के विकास में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए। मोदी सरकार के द्वारा कई पहल की गई, जिसमें जन-धन योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत अभियान, नोटबंदी, जीएसटी, घर-घर बिजली, हर घर नल, आत्मनिर्भर भारत, जल जीवन मिशन, 370 धारा को समाप्त करना, तीन तलाक से निजात, सड़कों का निर्माण, नए संसद भवन का निर्माण, नई शिक्षा नीति, भव्य राम मंदिर का निर्माण, आर्थिक सुधारों की पहल सहित अनेंको उपलब्धियों को हासिल किया है। उन्होंने 30 मई से 30 जून तक चलने वाले भाजपा के जनसंपर्क अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता को शिद्दत के साथ इन कार्यक्रमों को सफल बनाने का आहवान किया।

मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने भाजपा कार्यकर्ताओं को रघुवर दास के नेतृत्व की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आहवान किया। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में देश को कंगाल बना दिया। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर थी, पर जब से मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी। भ्रष्टाचारी जेल की सलाखों में पहुंच गये।

मौके पर शिक्षाविद डॉ रिझू नायक, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो, पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, नरेन्द्र कुमार, अनुराधा मुण्डा, अमरनाथ चौधरी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, संचालन युवा नेता सुनील कुमार महतो तथा धन्यवाद ज्ञापन जगेश्वर महतो ने किया। बाद में सांसद आदित्य प्रसाद साहू, पूर्व विधायक रामकुमार पहान एवं भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो ने संयुक्त रूप से साल्हन पुल से विकास तीर्थ यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में मंडल प्रभारी रोहित कुमार साहू, प्रभुदयाल बड़ाईक, राजू प्रमाणिक, रामसाय मुण्डा, नरेश साहू, सिकंदर अंसारी, अगमलाल महतो, कामेश्वर महतो, विक्रांत तिवारी, शिबु मुण्डा, हरिलाल महतो, बंधन मुण्डा, धनीराम महतो, दुर्गा महतो, गौरीशंकर सिंह मुण्डा, जयशंकर मुण्डा, रामपद चौधरी, विक्रम बैठा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

# बेड़ो में महिलाओं ने शराब बंदी अभियान को सफल बनाने का लिया संकल्प

### शराब मानव समाज के समग्र विकास में बाधक : सुबोध लकड़ा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बेड़ो।** प्रखंड के नहरटोली गांव में गुरुवार को 10 पड़हा के बैनर तले पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत 10 पड़हा अध्यक्ष सुबोध लकड़ा की अध्यक्षता में पड़हा समाज के लोगों की एक बैठक हुई। जिसमें पड़हा समाज की सहमति व आह्वान पर महिलाओं ने जनहित में चलाए जा रहे शराब बंदी अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में जरिया पंचायत के नहरटोली गांव में 10 पड़हा के तत्वावधान में सर्वसम्मति से पड़हा समाज के लोगों के व्यापक कल्याण, उत्थान और प्रगति के लिए शराब बंदी करने का निर्णय लिया गया। नहरटोली गांव में शराब बनाने व शराब बेचने पर पाबंदी लगाई गई। साथ ही यहां शराब बनाते व शराब बेचते हुए पकड़े जाने पर सामाजिक दंड के रूप में पांच हजार की राशि का निर्धारण किया गया। वहीं इसका उल्लंघन करने पर जुर्माना की अतिरिक्त राशि बढ़ाने पर बल दिया गया। इस दौरान गांव के चौराहे पर सामूहिक रूप से एक बोर्ड लगाया गया। मौके पर 10 पड़हा अध्यक्ष सुबोध लकड़ा ने कहा कि पड़हा समाज की सहमति से जनहित में शराब बंदी अभियान को सफल बनाने का बीड़ा महिलाओं ने उठाया है। शराब मानव समाज के समग्र विकास में बाधक रहा है। यह मानव समाज के तन, मन और धन को निचोड़कर मानव जीवन को तबाह कर रहा है। आज महिलाएं सजग होकर अपना घर व परिवार की रक्षा के लिए स्वयं आगे आ रही हैं। जो स्वागत योग्य है। उन्होंने ग्रामीणों से इस अभियान को सफल बनाने की अपील की। जिससे मानव समाज व मानवता की रक्षा हो सके। बैठक में इस अभियान को सफल बनाने के लिए आठ महिला समूहों में क्रमशः जीविका स्वयं सहायता समूह, अनुराधा सखी मंडल, प्रगति महिला समूह, ज्योति महिला समूह, लक्ष्मी महिला स्वयं सहायता समूह, श्रद्धा सखी मंडल, राधा सखी मंडल व उज्जवल महिला समूह ने सराहनीय योगदान दिया। इस दौरान महिलाओं ने शराब बंदी अभियान को लेकर जमकर नारेबाजी करते हुए अपने जोश, जुनून और जज्बे का प्रदर्शन किया। वहीं इसे सफल बनाने के लिए सर्वसम्मति से महिलाओं का एक समिति का गठन कर पदाधिकारियों व सदस्यों का चयन किया गया। वहीं मौके पर 10 पड़हा अध्यक्ष सुबोध लकड़ा, मुखिया कुंवारी खलखो, पंसस विशेश्वर उरांव, ग्राम प्रधान पेरो उरांव, पंचू उरांव, पंचम उरांव, वार्ड सदस्य अभय महली, जयमंगल खाखा, वन संरक्षक समिति के अध्यक्ष जोन कच्छप व जगरनाथ टाना भगत समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। बैठक का संचालन संजय लकड़ा और धन्यवाद ज्ञापन बुधनाथ उरांव ने किया।

**तैयारी : बीएयू में पहली बार प्लेसमेंट मेला व बीएयू इंडस्ट्री मीट 2023 का हो रहा आयोजन**

# बीएयू के कृषि संकाय में प्लेसमेंट मेला का उद्घाटन आज

### समारोह के मुख्य अतिथि मंत्री सत्यानंद भोक्ता तथा विशिष्ट अतिथि नाबार्ड, रांची के महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह होंगे

**सुनील कुमार गुप्ता**

**कांके।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह की पहल पर बिरसा कृषि विवि (बीएयू) में पहलीबार दो दिवसीय प्लेसमेंट मेला एवं बीएयू इंडस्ट्री मीट 2023 का आयोजन किया जा रहा है। बीएयू स्टूडेंट काउंसीलिंग एंड प्लेसमेंट सेल एवं आईसीएआर - राष्ट्रीय कृषि उच्चतर शिक्षा परियोजना (नाहेप) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बीएयू अधीन सभी महाविद्यालयों के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राएं हिस्सा ले सकेंगे।

बीएयू के मीडिया प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह 2 जून को प्रातः 11 बजे बीएयू के कृषि संकाय स्थित प्रेक्षागृह में होगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि सत्यानंद भोक्ता, मंत्री श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास विभाग, झारखंड सरकार तथा विशिष्ट अतिथि नाबार्ड, रांची के महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह होंगे। इसकी अध्यक्षता कुलपति डॉ ओंकार सिंह करेंगे।

विश्वविद्यालय समन्वयक (यूनिवर्सिटी स्टूडेंट काउंसीलिंग एंड प्लेसमेंट सेल) डॉ बीके झा ने बताया कि कार्यक्रम में फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स की सहभागिता की भी रहेगी।

मीट के माध्यम से विश्वविद्यालय में उद्योगों को अपने उत्पादों और सेवाओं को पहली बार प्रदर्शित करने और गुणवत्तापूर्ण मानव संसाधन के नियोजन का अवसर मिलेगा। मेला में 10 से अधिक कंपनियां भाग लेंगी। इनमें एक कंपनी केवल स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को प्लेसमेंट देगी।

इसके अलावा छात्र-छात्राओं के लिए बीएयू एलुमनाई के साथ अंतरमिलन, विशेषज्ञों के साथ कृषि एवं संबद्ध विषयों के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों हेतु नियोजन की संभावनाएं विषय पर पैनल चर्चा, विशेषज्ञों द्वारा छात्रों का संवेदीकरण एवं संस्थानों द्वारा परामर्श कार्यक्रम भी रखे गये हैं।



### कार्यक्रम विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए मिल का पत्थर साबित होगा : कुलपति

कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। इस कार्यक्रम से कृषि विश्वविद्यालय और उद्योगों के बीच सहयोग, समन्यवय एवं सबंध को मजबूत बनाने और विवि के छात्र-छात्राओं के लिए निजी एवं एनजीओ क्षेत्र में रोजगार के अवसर को बढ़ावा देने पर बल मिलेगा। कुलपति ने कहा कि इस कार्यक्रम में एग्रीकल्चर, वेटनरी, फॉरेस्ट्री, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग, फिशरीज, हॉर्टिकल्चर, डेयरी टेक्नोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी एवं एमबीए समेत विश्वविद्यालय के सभी महाविद्यालयों के अंतिम वर्ष के स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं भाग ले सकेंगे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## राज्यपाल से मिली भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर के नेतृत्व में भाजपा ग्रामीण का एक प्रतिनिधिमंडल राजभवन पहुंचा, जहां महामहिम राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शिष्टाचार भेंट की और कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर एक ज्ञापन सौंपा। वहीं गंगोत्री कुजूर ने मांडर विधानसभा क्षेत्र की वर्तमान परिस्थिति से अवगत कराया। राज्यपाल के समक्ष मुख्य रूप से मांग रखी कि रांची विश्वविद्यालय रांची के द्वारा अंगीभूत ग्रामीण क्षेत्र के महाविद्यालयों में बंद हुई इंटरमीडिएट की पढ़ाई को पहले की तरह जारी रखा जाए। वर्तमान में माध्यमिक पास विद्यार्थियों के लिए ग्रामीण क्षेत्र में इंटरमीडिएट की शिक्षा हेतु समुचित वैकल्पिक व्यवस्था का नहीं होना अत्यंत चिंताजनक व गंभीर विषय है। मौके पर जगरनाथ भगत, राजीव रंजन अधिकारी, नीरज कुजूर, बलराम सिंह, आकाश रक्षित, विक्रम कुमार महतो मौजूद थे।

## विहिप व बजरंग दल ने बैठक कर सरना सनातन धर्म की रक्षा के लिए एकजुटता पर की चर्चा



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लालगंज के काली मंदिर प्रांगण में विहिप व बजरंग दल की बैठक गुरुवार को समाजसेवी शंकर साहू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सरना सनातन धर्म की रक्षा के लिए एकजुटता पर चर्चा हुई। 13 जून को दानेकेरा बाजार टाड़ में सरना सनातन सम्मेलन का आयोजन किया गया है। उसके मुख्य अतिथि विहिप प्रदेश संरक्षक जगरनाथ भगत, विहिप खूंटी जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सोनी, प्रखंड अध्यक्ष वैध बंधन सिंह खेरवार होंगे। बैठक के दौरान लालगंज में दो लोगों की असमय मौत पर काली मंदिर परिसर में उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। विहिप सदस्य चरकु साहू की माता 60 वर्षीय फूलो देवी और एलआईसी एजेंट सह समाजसेवी फूलचंद साहू की 16 वर्षीय पुत्री संध्या कुमारी की असमय मौत हो जाने से विहिप लापुंग ने शोक व्यक्त किया और मृतक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। मौके पर लखन साहू, विहिप कार्यकारी अध्यक्ष रामप्रसाद साहू, उपाध्यक्ष किश्वर साहू, सत्यनारायण महतो, जगरनाथ उरांव, चरकु साहू, फूलचंद साहू, जलेश्वर महतो, कुलेश्वर महतो, अभिमन्यु महतो, योगेंद्र महतो के अलावे दर्जनों लोग शामिल हुए।

## उपभोक्ता संरक्षण विभाग के केंद्रीय सचिव ने पौधरोपण कर दिलायी जल संचय की शपथ



**इटकी (आजाद सिपाही)।** उपभोक्ता संरक्षण मामले की केंद्रीय सचिव निधि खरे ने गुरुवार को प्रखंड के सेमरा गांव का भ्रमण किया। इस दौरान सचिव खरे ने गांव में भूमि संरक्षण से संबंधित किये गये तालाब जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण भी किया। तालाब परिसर में पौधरोपण के अलावा ग्रामीणों को जल संचय व संरक्षण की शपथ दिलायी गयी। अधिकारियों ने गांव के एक किसान सुनील तिर्की के बिरसा हरित आम बागवानी का भी अवलोकन किया। बाद में ग्रामीणों के साथ बातचीत में सचिव खरे ने तालाब से हो रहे फायदों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। दौरे के क्रम में उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, वैज्ञानिक सुधांशू कुमार मोहंती, बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, सीओ रश्मि लकड़ा, उप प्रमुख परवेज आलम, मुखिया रमेश महली, भूमि संरक्षण अभियंता आलोक कुमार, बीटीएम सुमन बारला, बीपीओ संजय कुमार सिंह, जेएसएलपीएस की बीपीएम सुजाता सोनी, रीतेश कुमार, मेरी प्रतिभा टुड्डू, मजाज अहमद सहित अन्य शामिल थे।

## चैनपुर थाना क्षेत्र में गो तस्करी के मामले में एक गिरफ्तार, आठ गायें बरामद



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के तिगावल गांव के पास से पुलिस ने गुरुवार दोपहर लगभग 1:00 बजे गुप्त सूचना के आधार पर एक तस्कर को गौ तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया है। साथ ही तस्करी की जा रही आठ गोवंश को जब्त कर थाना ले आई है। चैनपुर पुलिस गौ तस्करी के खिलाफ लगातार छापेमारी कर रही है। इसी क्रम में गुरुवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि तिगावल गांव के रास्ते गोवंश की तस्करी की जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम ने छापामारी कर तिगावल गांव के पास से आठ गोवंश को हांकते हुए ले जा रहे एक तस्कर को धर दबोचा। साथ ही तस्करी की जा रही सभी आठ गोवंश को जब्त कर थाना लाकर रखा गया है। चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि गौ तस्करी के खिलाफ लगातार छापेमारी की जा रही है। गौ तस्करों को बख्शा नहीं जाएगा। आपको बता दें कि बीती रविवार देर रात पुलिस ने लालगंज गांव के पास एक बोलेरो कार में तस्करी की जा रही छह गोवंश समेत बोलेरो जब्त किया था, पर अंधेरे का फायदा उठाते हुए तस्कर फरार हो गए थे।

## पलामू एसीबी की बड़ी कार्रवाई : शिकायत मिलने के बाद दो दिनों से जाल बिछाये हुए थे अधिकारी

# विश्रामपुर नप के प्रधान सहायक रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**विश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय पर लगते रहा है भ्रष्टाचार का आरोप**

**कई बार हुई जांच, अनियमितता की पुष्टि के बाद भी नहीं हुई कोई कार्रवाई**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने के बाद पिछले दो दिनों से एसीबी की टीम प्रधान सहायक अनिल कुमार को गिरफ्तार करने की फिराक में थी। एसीबी की टीम बुधवार को भी नप कार्यालय के आस पास देखी गई थी। एसीबी की टीम अनिल कुमार को रंगे हाथों गिरफ्तार करने का अवसर तलाश रही थी, जो गुरुवार को मिल गया। प्रधान सहायक अनिल कुमार, संवेदक ओमकार सिंह से जैसे ही काम के एवज में 10 हजार रुपये रिश्वत लिये वैसे ही एसीबी की टीम ने उन्हें दबोच लिया। हालांकि मामला भांपते ही अनिल कुमार ने रुपया नप के एक चालक जितेंद्र बहेलिया को थमा कर खुद को बचाने का प्रयास किया। लेकिन उसकी यह चालाकी कोई काम नहीं आई। वहीं, उनके इस शातिराना हरकत से चालक जितेंद्र बहेलिया बेवजह फंस गया। बताते चलें कि नगर परिषद कार्यालय पर भ्रष्टाचार का आरोप कोई नया नही है, बल्कि हमेशा लगता रहा है। नगर परिषद कार्यालय, कर्मियों और पदाधिकारियों पर पहले भी कई गंभीर आरोप लगे हैं। भ्रष्टाचार का आरोप आम लोगों से ज्यादा नप प्रतिनिधि ही लगाते रहे हैं। कई बार जांच भी हुई। जांच में अनियमितता की पुष्टि भी हुई। बावजूद इसके किसी पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जिस कारण नप प्रतिनिधियों सहित आम लोगों में काफी रोष था। गुरुवार को एसीबी की टीम ने विश्रामपुर नगर परिषद के प्रधान सहायक अनिल कुमार को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। साथ ही एक चालक जितेंद्र बहेलिया को भी उसका सहयोग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। उधर, एसीबी की कार्रवाई की खबर लगते ही नप प्रतिनिधियो व आम लोगों में खुशी देखी गई। नप प्रतिनिधियों सहित आम लोग इसे सत्य की जीत बता रहे हैं।



एसीबी की गिरफ्त में नप प्रधान सहायक और चालक।

# राजनीतिक हिस्सेदारी के लिए जातीय गोलबंदी से गूंजा बिहार : अविनाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बिहार ने कई मामले में निर्णायक बिगुल फूंका है। जहां से राजनीति का रास्ता निकला और संसद तक पहुंचा। गांधी जी का चंपारण, जेपी का आंदोलन, सहजानंद सरस्वती का किसान आंदोलन, भोजपुर के नक्सलबाड़ी की चिंगारी सहित अनेको ऐसे उदाहरण है जो बिहार ने दुनिया में लोहा मनवाया। उक्त बातें माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने कही। वे बिहार पटना के बापू सभागार में कुम्हारों द्वारा आयोजित राजनैतिक जागृति सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बिहार राजनीति का प्रयोगशाला रहा है। आज बिहार के 90 लाख कुम्हारों को किसी राजनीतिक दलों ने उचित सम्मान नहीं दिया। सभी राजनीतिक पार्टियां सिर्फ वोट के लिए उनका इतेमाल किया। बिहार के कुम्हारों ने इन्हीं सवालों पर बापू सभागार पटना में एक राजनैतिक जागृति महासम्मेलन का आयोजन किया। जिस में बिहार सरकार के मंत्री सहित युवा नेता कन्हैया कुमार ने शिरकत किया। बिहार कुम्हार (प्रजापत्ति) समन्वय समिति के बैनर से बापू सभागार में जमा हुए कुम्हारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करा बिहार सरकार के आये अतिथि मंत्रियों को बोध करा दिया कि अगर हमारी मांगे नहीं मिली तो हम सभी सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे और आडवाणी के रथ की तरह राजनीति का चक्का रोक देंगे। उन्होंने कहा कि सरकार से हमारी गुजारिश है माटीकला बोर्ड का गठन, अनुसूचित जाति में शामिल और राजनीतिक भागीदारी में शामिल करते हमारी हिस्सेदारी देने की कृपा करें, क्योंकि यह हमारा संवैधानिक अधिकार है। बिहार कुम्हार (प्रजापत्ति) समन्वय समिति के आह्वान पर आए कुम्हारों ने अपनी मांगों को मिलने तक यह चट्टानी एकता बनाये रखने की एकमुश्त हामी भरी। कहा कि जरूरत पड़ी तो गांधी मैदान भर देंगे लेकिन अपना हक नहीं छोड़ेंगे। इस राजनैतिक जागृति महासम्मेलन में झारखंड, उत्तर प्रदेश और दिल्ली सहित अन्य राज्यों के नेताओं का आगमन हुआ। कहा कि यह लड़ाई सिर्फ बिहार के कुम्हारों की नहीं, बल्कि देश भर के कुम्हारों की है। सुशासन बाबू (मुख्यमंत्री नितिश कुमार), गरीबों की आवाज लालू जी व महागठबंधन के सरकार से विनम्र आग्रह है कि जितना जल्द हो सके उपरोक्त मांगों को देने का कष्ट करें।



# केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना गांव कस्बों के लिए बेहद लाभकारी: डॉ एसबीपी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जेएसएलपीएस की ओर से गुरुवार को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना को लेकर स्थानीय नगर भवन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे, डीडीसी रवि आनंद, पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, सहायक समाहर्ता श्रीकांत विसपुते, डीपीएम विमलेश शुक्ला और सांसद प्रतिनिधि ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान बेहतर कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उदय कुमार, लालमणि देवी, वंदना देवी, मोहम्मदगंज प्रखंड के बीपीएम दीपक सिंह, नौडीहा बाजार प्रखंड के बीपीएम प्रदीप खलखो, बीपीएम अरविंद कुमार को प्रशस्ति पत्र दिया गया। ये सभी दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत जेएसएलपीएस के माध्यम से अधिक संख्या में लोगों को प्रशिक्षण दिलवाकर रोजगार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यशाला में डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना एक महत्वकांक्षी योजना है जो पूरे देश में लागू है। इसके तहत जिले में 3000 दीदियों को प्रशिक्षण देना है। डीसी ने कहा कि जो व्यक्ति खेती व रोजी-रोटी से जुड़ा हो आप उसका प्रशिक्षण ले, ताकि अपना व अपने घर-गृहस्थी का विकास कर सकें।



# जिसने बहुत पुण्य किया हो, वही शिक्षक बन सकता है: इंदर सिंह नामधारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सतबरवा/पलामू।** बलवंत सिंह नामधारी कॉलेज सतबरवा की प्राचार्या ज्योति सिन्हा के कार्यकाल पूरे होने पर महाविद्यालय में गुरुवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के संस्थापक सह सचिव इंदर सिंह नामधारी उपस्थित रहे। इस दौरान सबसे पहले महाविद्यालय की छात्राओं ने इंदर सिंह नामधारी के स्वागत में स्वागत गान प्रस्तुत किया। इसके बाद शिक्षिकाओं ने बारी-बारी से प्राचार्य के साथ बिताए कार्यकाल को साझा किया। कहा कि प्राचार्या ज्योति सिन्हा हमें समय-समय पर मार्गदर्शित करती रही हैं। उनका विदाई महाविद्यालय से हो रहा है हमारे मन से नहीं। वहीं शिक्षकों ने सचिव से कॉलेज में बीए की पढ़ाई शुरू कराने की मांग की। वहीं अपने संबोधन में इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि सतबरवा से हमारा गहरा नाता रहा है। यहां के बच्चों को पढ़ाई के लिए बाहर ना जाना पड़े इसके लिए हमने यहां बालिका उच्च विद्यालय और इंटर कॉलेज बनवाया। उन्होंने महाविद्यालय की प्राचार्या ज्योति सिन्हा को बुके और शॉल देकर सम्मानित किया। कहा कि आज इनका कार्यकाल पूरा हो गया, इन्होंने अपना बहुमूल्य 23 वर्ष महाविद्यालय को दिया। जुलाई 2000 में इनकी नियुक्ति हुई थी। इनका कार्यकाल बहुत ही काबिल-ए-तारीफ रहा। लेकिन आज इनको महाविद्यालय छोड़कर जाना पड़ रहा है। क्योंकि यह सरकारी नियम है, जिनका 60 साल पूरा हो जाता है उन्हें संस्थान छोड़कर जाना पड़ता है। शिक्षा देना किसी पूजा से कम नहीं है। जो बहुत पुण्य किये हो वहीं शिक्षक बन सकता है। आज से यहां के नए प्राचार्य अजय साहू को नियुक्त किया जाता है। कहा कि यहां बीए की पढ़ाई जल्द ही शुरू की जाएगी। साथ ही सतबरवा बलवंत सिंह नामधारी कॉलेज को सबसे अव्वल बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर भोला मेहता, सुदामा साहू, शिक्षक उपेंद्र सर, शिक्षिका प्रतिमा कुमारी, वंदना सिंह, निकिता कुमारी,किरण कुमारी, कविता कुमारी, बिहारी प्रसाद, विनय प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## हुसैनाबाद की अमृता बनी इंटर आर्ट्स में अनुमंडल टॉपर

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड अधिविद परिषद की ओर से जारी इंटर आर्ट्स परीक्षा में प्लस टू बालिका उवि की छात्रा अमृता कुमारी अनुमंडल टॉपर रही। वह 439 अंक लाकर अनुमंडल में प्रथम व पलामू जिला टॉप 10 में दूसरा स्थान प्राप्त करने में सफल रही। अमृता कुमारी मूल रूप से नगर पंचायत क्षेत्र के संगत मुहल्ला निवासी धनंजय ठाकुर व अनिता देवी की पुत्री है। उसके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। मां अनिता देवी गृहिणी व पिता नाई का काम कर बच्चों का परिवरिश करते हैं ।वह अपने तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ी है। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दी है। अमृता ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर ईमानदारी पूर्वक कार्य करने से ही सफलता मिलती है। वह आईएएस की तैयारी करना चाहती है। आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने के बाद भी वह अध्ययन के बलबूते इसकी तैयारी के प्रति दृढ़ संकल्पित है। वहीं, उसके पिता अपनी बेटी की सफलता पर गौरवाविंत हैं। कहते हैं कि किसी भी स्थिति में आगे की शिक्षा जारी रखेंगे। उसकी इस सफलता पर प्लस टू बालिका के प्रधानाध्यापक प्रेम प्रकाश सिंह, पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार, उषा देवी, रामेश्वर राम, पूर्व नपं उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी आदि ने बधाई दी।




# विद्यार्थी परिषद ने डीएसडब्ल्यू और परीक्षा नियंत्रक का पुतला फूंका

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विद्यार्थी परिषद की मेदिनीनगर इकाई की ओर से नगर सह मंत्री नीतीश दुबे की अध्यक्षता में गुरुवार को नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक और डीएसडब्ल्यू का पुतला दहन किया गया। अभाविप के सैकड़ों छात्र छात्राओं के साथ जीएलए कॉलेज गेट से ही विश्वविद्यालय प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध मार्च निकाला। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन पर पहुंचकर डीएसडब्ल्यू और परीक्षा नियंत्रक का पुतला जलाकर जमकर बवाल काटा। इसके बाद विद्यार्थी परिषद के एक प्रतिनिधिमंडल ने डीएसडब्ल्यू को ज्ञापन भी सौंपा। जिसके माध्यम से मांग की कि सत्र 2018-21 और 2019-22 के वैसे विद्यार्थी जिनका जेनेरिक पेपर 2 की परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा नहीं लिया गया था और अब 5 साल बाद फिर से एक पेपर की परीक्षा लेने की तैयारी की जा रही है। लेकिन बहुत सारे ऐसे विद्यार्थी हैं जो अपने जीविकोपार्जन के लिए किसी दूसरे शहर में जाकर काम कर रहे हैं। ऐसी परिस्थिति में सभी विद्यार्थी का परीक्षा में शामिल होना इतने कम समय में संभव नहीं है। इस परिस्थिति को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जानी चाहिए, ताकि कोई भी विद्यार्थी परीक्षा देने से वंचित ना रहे। साथ ही स्नातकोत्तर सत्र 2022-24 में कई विद्यार्थी अभी भी नामांकन नहीं ले पाए हैं। ऐसी परिस्थिति को देखते हुए फिर से चांसलर पोर्टल ओपन कर इच्छुक विद्यार्थियों को नामांकन का एक और मौका विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दिया जाना चाहिए। इस मौके पर अभाविप के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे ने कहा कि विश्वविद्यालय की गलती के कारण जेनेरिक पेपर 2 की परीक्षा नहीं ली गई थी। अब 5 साल बाद विश्वविद्यालय अपनी गलती सुधारने का प्रयास कर रहा है, जबकि सभी विद्यार्थियों का परीक्षा में शामिल होना संभव नहीं लगता है। ऐसी परिस्थिति को देखते हुए विश्वविद्यालय को बीच का रास्ता निकालते हुए ऑनलाइन परीक्षा आयोजित करानी चाहिए। वहीं, अभाविप के जिला स्टूडेंट्स फॉर सेवा संयोजक सुमित पाठक ने कहा कि सत्र 2022-24 स्नातकोत्तर में अभी भी बहुत बड़ी संख्या में विद्यार्थी नामांकन से वंचित हैं। अभी किसी अन्य विश्वविद्यालय में उनका नामांकन भी नहीं हो सकता है। ऐसी परिस्थिति को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन को शत-प्रतिशत नामांकन हो ऐसा सुनिश्चित करना चाहिए। साथ ही चांसलर पोर्टल ओपन करके विद्यार्थियों को एक और मौका नामांकन के लिए देना चाहिए। इस मौके पर रोहित देव, जिला कला मंच संयोजक अंकित लाल, निशांत पांडे, गीतांजलि कुमारी, सुप्रिया कुमारी, हिमांशु तिवारी, देवाशीष कुमार, उज्जवल सिंह, अमन जयसवाल, उज्जवल सिंह, लव कुमार, रकिब, राहुल कुमार, मनोज कुमार, लवकुश कुमार मेहता, आर्यन कुमार सिन्हा, विक्रांत कुमार ओझा, अंकित कुमार लाल, अब्दुल लाडले, निशांत पांडे आदि उपस्थित थे।



## स्पोर्ट्स



पूर्व चैंपियन नोवाक जोकोविच और वर्ल्ड नंबर एक कार्लोस अल्कारेज अपने-अपने मुकाबले जीतकर फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। जोकोविच ने हंगरी के मार्टन को दूसरे दौर में 7-2 (2), 6-0, 6-3 से हराया।

## फाइनल में पेनल्टी शूटआउट पर गोल कर रोमा को हराया, मोरिन्हो ने फेंका सिल्वर मेडल

# सेविला ने 7वीं बार जीता यूरोपा लीग का खिताब

**एजेंसी।**

**नई दिल्ली।** स्पेन के क्लब सेविला ने बुधवार को फाइनल मुकाबले में इटली के क्लब रोमा को हराकर सातवीं बार इयूएफए यूरोपा लीग का खिताब जीता। बुडापेस्ट में एक्स्ट्रा टाइम के बाद भी मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहने के बाद पेनल्टी शूट आउट में सेविला ने 4-1 से जीत दर्ज की। सेविला की टीम सातवीं बार फाइनल में पहुंची थी, वहीं रोमा का यह दूसरा फाइनल मुकाबला था। रोमा की टीम 1991 के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची थी। पिछली बार भी उसे हार का सामना करना पड़ा था।

### रोमा के मैनचिनी ने किया ओन गोल

**ओन गोल :** मैच में रोमा के लिए पाउलो डाइबाला ने पहला गोल 34वें मिनट में किया। दूसरे हाफ में रोमा के अनुभवी खिलाड़ी जिआनलुका मैनचिनी ने 55वें मिनट में ओन गोल कर दिया। गेंद को अपने ही गोलपोस्ट में डाल दिया। उनके इस गोल की बदौलत सेविला ने मैच में वापसी कर ली और स्कोर 1-1 की बराबरी पर आ गया। सेविला लीग की सबसे सफल टीम है। उनसे सबसे ज्यादा सात बार टाइटल जीता है। सेविला साल 2006, 2007, 2014, 2015, 2016, 2020 और 2023 में चैंपियन बनी।

### सेविला के गोलकीपर ने टीम को दिलाई जीत

निर्धारित 90 मिनट तक मैच जब 1-1 की बराबरी पर छूटा। मुकाबला एक्स्ट्रा टाइम में चला गया। वहां भी कोई गोल नहीं हुआ। ऐसे में मैच शूटआउट में पहुंच गया। पेनल्टी शूटआउट में सेविला के गोलकीपर यासिन बूनो ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने दो सेव किया। अर्जेंटीना के गोंजालो मोंटिएल ने सेविला के लिए विनिंग पेनल्टी किया। मोंटिएल ने पिछले साल के अंत में भी अर्जेंटीना के लिए फीफा वर्ल्ड कप में विनिंग पेनल्टी किक की थी। रोमा के लिए जियानलुका मेनसिनी और रोजर इबानेज गोल करने में नाकाम रहे।

### मोरिन्हो ने फेंका सिल्वर मेडल

हार के बाद रोमा के मैनेजर जोस मोरिन्हो काफी निराश दिखे। उन्होंने सेविला के खिलाफ हार के बाद मिले सिल्वर मेडल को स्वीकार नहीं किया और उसे क्राउड की ओर फेंक दिया।

## जूडो में 66वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया खेलो के लिए बोकारो में 7 बच्चों का चयन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** रांची के ताना भगत इंडोर स्टेडियम खेलगांव में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार की ओर से कराए गए ओपन ट्रायल में बोकारो के सात बच्चों का चयन 66वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफ) खेलो के लिए हुआ है, जो मध्य प्रदेश के भोपाल में छह से 12 जून तक आयोजित होने जा रही है। बोकारो जूडो संघ के सचिव राजीव कुमार सिंह ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों में प्रिंस कुमार ओपन 90केजी वर्ग, राजवीर सिंह 50 केजी वर्ग, आयुष प्रथम 81 केजी वर्ग, आदिति सिंह 52 केजी वर्ग, जयश्री 36 केजी, इसीका 40 केजी एवं तनु 48 केजी वर्ग के लिए चयनित किया गया है।

# जोकोविच फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में वर्ल्ड नंबर 1 कार्लोस अल्कारेज भी जीते

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पूर्व चैंपियन नोवाक जोकोविच और वर्ल्ड नंबर-1 कार्लोस अल्कारेज अपने-अपने मुकाबले जीतकर फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। जोकोविच फिलिप-चैटरियर कोर्ट में बुधवार को हंगरी के मार्टन फुकसोविक्स को दूसरे दौर में 7-6 (2), 6-0, 6-3 से हराकर फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में पहुंचे। जोकोविच और फुकसोविक्स के बीच पहला सेट एक घंटा, 30 मिनट तक चला।



### अल्कारेज ने जापान के डेनियल को हराया

इससे पहले, कोर्ट फिलिप-चैटरियर पर ही खेलते हुए अल्कारेज ने लगातार तीसरे साल फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में जगह बनाया। शुरूआती सेट जीतने के बाद टॉप सीड खिलाड़ी अल्कारेज को टैरो डेनियल के खिलाफ दूसरे सेट में हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, 20 साल के खिलाड़ी ने वापसी करते हुए जापानी स्टार को 6-1, 3-6, 6-1, 6-2 से हराया। वहीं पांचवीं वरीयता प्राप्त ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास ने स्पेन के रॉबटरे कारबॉल्स बेना पर 6-3, 7-6, 6-2 से जीत के साथ तीसरे दौर में पहुंच गए।

### चोट के कारण टूर्नामेंट से हटे मोनफिल्स

पहले दौर के मुकाबले में पांच सेट में मिली जीत का असर गेल मोनफिल्स पर पड़ा है और वह बाईं कलाई में चोट के कारण फ्रेंच ओपन टेनिस टूनामेंट से बाहर हो गए। मोनफिल्स के हटने से छठे नंबर के खिलाड़ी होल्गर रूने ने तीसरे दौर में प्रवेश किया। फ्रांस के 36 साल के मोनफिल्स ने बताया कि उनकी बाईं कलाई में चोट है और वह टूनामेंट में आगे नहीं खेल सकते।

# नर्सिंग होम और निजी अस्पताल का क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत निबंधन कराना अनिवार्य : सिविल सर्जन



**नियम नहीं मानने पर 50 हजार से पांच लाख तक का जुर्माना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में गुरुवार को क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट पर प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने किया। इस कार्यशाला में सभी प्राइवेट अस्पताल, नर्सिंग होम संचालकों व पैथोलॉजी संचालकों को एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। साथ ही एक्ट के अनुरूप औपचारिकताएं पूरी करने को कहा गया। यह भी कहा गया कि सभी प्राइवेट अस्पताल, नर्सिंग होम व पैथोलॉजी संचालक सभी औपचारिकताएं पूरी कर लें। ऐसा नहीं करने वालों पर विभागीय कार्रवाई होगी। एक्ट 2010 के तहत सभी को निबंधन व नवीकरण कराना आवश्यक है। इसके साथ ही बायोमेडिकल वेस्ट, प्रदूषण, अग्निशमन आदि विभागों का सभी प्रमाणपत्र अनिवार्य तौर पर होने चाहिए।

## अब नहीं चलेगी नर्सिंग होम और निजी अस्पताल की मनमानी

प्रशिक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने कहा कि जिले में अब नर्सिंग होम और निजी अस्पताल मनमानी नहीं कर पाएंगे। उनको सेवा का प्रकार, चिकित्सक, नर्स और अन्य कर्मियों का पूरा ब्योरा सार्वजनिक करना होगा। नर्सिंग होम और निजी अस्पताल का क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत निबंधन कराना अनिवार्य होगा। निबंधन के बाद सभी इकाइयां सरकार के नियंत्रण में रहेंगी और नियमों की अनदेखी करने वालों पर 50 हजार से पांच लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकेगा। जुर्माना नहीं देने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, एसीएमओ डॉ एचके मिश्रा ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने एवं बिना पंजीकरण अस्पताल के संचालन पर पहले अपराध के लिए 50 हजार, दूसरे अपराध के लिए दो लाख और इसके बाद पांच लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकेगा। गैर पंजीकृत संस्थानों पर 25 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकेगा। जुर्माना नहीं देने पर भू-राजस्व बकाया के रूप में यह धनराशि वसूली जाएगी। साथ ही बताया कि प्रत्येक अस्पताल अपनी सेवाओं की कीमत सरकार द्वारा निर्धारित सीमाओं के भीतर ही ले सकेंगे। इसके अलावा अस्पतालों को स्वास्थ्य सुविधाओं के एवज में ली जा रही कीमत को अंग्रेजी और स्थानीय भाषा में छपवाकर करना होगा। इस एक्ट से जुड़े प्रावधानों का उल्लंघन करने पर अस्पताल का रजिस्ट्रेशन रद्द करने से लेकर, उन पर जुमार्ने लगाने तक का प्रावधान है।

## क्या कहता है अधिनियम (एक्ट)

एक्ट के अनुसार अस्पताल आने वाले हर मरीज का इलेक्ट्रॉनिक और मेडिकल हेल्थ रिकॉर्ड अस्पताल प्रशासन के पास सुरक्षित होना चाहिए। इस एक्ट के मेटरनिटी होम्स, डिस्पेंसरी क्लिनिक्स, नर्सिंग होम्स, एलोपैथी, होम्योपैथी और आयुर्वेदिक से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं पर समान रूप से लागू होता है। हर अस्पताल, क्लिनिक का खुद का रजिस्ट्रेशन भी जरूरी है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि वो लोगों को न्यूनतम सुविधाएं और सेवाएं दे रहे हैं। इस एक्ट के तहत प्रत्येक स्वास्थ्य सुविधा देनेवाले संस्थानों का यह कर्तव्य है कि किसी रोगी के इमरजेंसी में पहुंचने पर उसको तुरंत स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाएं, जिससे रोगी को स्थिर किया जा सके। मौके पर डॉ एन पी सिंह, डॉ सेलिना टुडू, नोडल कंचन कुमारी, डीपीएम, प्रदीप श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

## बोकारो से विदा हुए नवनियुक्त सेल अध्यक्ष



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** नव-नियुक्त सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश बोकारो से दिल्ली के लिए प्रस्थान किएये उन्होंने बतौर सेल अध्यक्ष 31 मई को अपना योगदान दिया था। इस्पात भवन परिसर में बीएसएल अधिकारियों और कर्मियों की उपस्थिति में सीआइएसएफ जवानों द्वारा प्रकाश को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। सेल अध्यक्ष ने प्रस्थान करने से पूर्व उपस्थित अधिकारियों व कर्मचरियों से मुलाकात की, उनका उत्साहवर्धन किया और बोकारो स्टील प्लांट की प्रगति के सिलसिले को बनाए रखने और इसे उत्कृष्टता के शिखर पर ले जाने का आह्वान किया।

### 13 मई को हुई घटना को लेकर बाघमारा पुलिस की कार्रवाई, 6 अपराधियों ने दिया था घटना को अंजाम

# लूटकांड का उद्भेदन, चार गिरफ्तार

**आरोपितों से पूछताछ कर अन्य का पता लगाने में जुटी पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता

बाघमारा/कतरास। मांदरा के समीप फुलवारटांड़ कोलियरी में कार्यरत बोकारो जिला निवासी सुधीर मांझी पर विगत 13 मई की रात छह अज्ञात अपराधियों ने मारपीट कर बुरी तरह घायल कर उसके पास से 2500 रुपये और बाइक लूट ली थी। उक्त मामले का उद्भेदन बाघमारा पुलिस ने कर लिया है। इसकी जानकारी बाघमारा डीएसपी निशा मुर्मू ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर दी। उन्होंने कहा कि सुधीर मांझी के लिखित आवेदन के आधार पर बरोरा पुलिस ने कांड संख्या 30/23,भादवी की धारा 395 अंकित किया गया था। उक्त कांड के उद्भेदन के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक की ओर से बाघमारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में बरोरा एवं बाघमारा थाना से एक संयुक्त टीम का गठन किया गया था। अनुसंधान के क्रम में 31 मई को संयुक्त टीम ने छापामारी कर घटना में शामिल चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही लूटी हुई बाईक को भी बरामद कर लिया है। इस दौरान गिरफ्तार आरोपितों की पहचान नीरज चौहान, छोटू चौहान, चंदन सिंह, राहुल कुमार वर्णवाल और प्रमोद प्रसाद वर्णवाल के रूप में हुई है। वहीं नीरज चौहान, छोटू चौहान व राहुल कुमार वर्णवाल का पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है। संयुक्त छापामारी टीम में बरोरा थाना प्रभारी नंदू पाल, बाघमारा थाना पुअनि नीतिश अश्विनी, बरोरा थाना आनंद कुमार रवि, बरोरा थाना कुमार सच्चिदानंद, बाघमारा थाना शरद कुमार शामिल थे।



पकड़े गए आरोपितों की जानकारी देती बाघमारा की डीएसपी निशा मुर्मू व अन्य।

# सभी ग्रामीणों का ऐसे स्थान पर पुनर्वास हो कि भविष्य में कोई परेशानी ना हो : अपर्णा



**पुनर्वास सहित अन्य मुद्दों को लेकर निरसा विधायक और मुगमा जीएम के बीच हुई वार्ता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** ईसीएल कापासारा कोलियरी के समीप बिहार-बंगाल धौड़ा में रहने वाले 102 परिवारों को पुनर्वास की उम्मीद जगी है। निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने उक्त मुद्दे पर गुरुवार को ईसीएल मुगमा क्षेत्रीय कार्यालय में जीएम डीके नायक समेत अन्य अधिकारियों के साथ वार्ता की। उन्होंने जीएम से कहा कि सभी परिवारों का पुनर्वास एक ही स्थान पर किया जाए। ऐसी जगह की व्यवस्था होनी चाहिए, जहां भविष्य में ग्रामीणों को कोई परेशानी नहीं उठानी पड़े। साथ ही चेतावनी दी कि कापासारा आउटसोर्सिंग प्रबंधन ग्रामीणों को धमकाना बंद करे। वहीं, वार्ता के दौरान जीएम डीके नायक ने कहा कि बिहार-बंगाल धौड़ा के लोगों के पुनर्वास के लिए ईसीएल के बोर्ड ने प्रत्येक परिवार को 40 हजार रुपए नकद व ट्रांसपोर्टेशन खर्च देने का निर्णय लिया है। सभी विस्थापितों का एक ही स्थान पर पुनर्वास संभव नहीं है। उन्हें दो-तीन स्थानों पर बसाया जाएगा। वार्ता में प्रबंधन की ओर से जीएम के अलावा डीजीएम डी रामा, बाबूलाल पांडेय, कौशिक भौमिक, पीके सिंह, जबकि विधायक अपर्णा सेनगुप्ता के साथ भूपेन्द्र सिंह, रंजीत मोदी, अर्जुन सिंह, सोमेन सिंह, श्रीराम बारी, शशिकांत दुबे व बिहार-बंगाल धौड़ा के ग्रामीण शामिल थे।

# बाधित पेयजलापूर्ति और विद्युत कटौती से परेशान होकर मजदूरों ने दिया धरना

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** कुमारधुबी कोलियरी के मजदूरों ने गुरुवार को बिहार कोलियरी कामगार यूनियन और इंटक के संयुक्त तत्वाधान में पेयजलापूर्ति व बिजली कटौती के विरोध में कुमारधुबी भाग्यलक्खी खदान के समक्ष गेट जाम कर धरना दिया। मजदूरों ने बताया कि कोलियरी में जलापूर्ति का पंप बार-बार खराब होता है। जिससे पिछले चार महीने से मजदूर परेशान है। मोटर को चालू करते समय बिजली काट दी जाती है जिससे क्वाटर में अंधेरा हो जाता है। इसकी सूचना पाकर धरनास्थल पर बीसीकेयू के महामंत्री सह पूर्व विधायक व जेबीसीसीआई सदस्य अरूप चटर्जी, यूनियन के केंद्रीय सचिव सह मुग्मा क्षेत्रीय अध्यक्ष आगम राम और इंटक के शशिभूषण नाथ आदि मौके पर पहुंचे और कार्मिक प्रबंधक बिमल कुमार भौमिक, कोलियरी अभिकर्ता प्रबंधक और क्षेत्रीय असैनिक अभियंता के साथ वार्ता की। जिसमें प्रबंधन ने आश्वस्त किया कि एक सप्ताह के अंदर समस्या का समाधान कर लिया जाएगा। अभी तक तीन टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जायेगी। बिजली की समस्या के निदान के लिए 1.2केबी एवं 11केबीए का अलग से तार लगाया जायेगा। जिसके बाद दोपहर एक बजे धरना समाप्त हुआ। इस मौके पर रामजी यादव, दिलीप सिंह, अमरेश चक्रवर्ती, मांतोस यादव, रामानंद राजभर, सुभम, रोशन मिश्रा, कालीचरण, माणिक गोराई, दीनानाथ रविदास, अमरेस चक्रवर्ती, नानटू गोस्वामी, विनय सिंह, जितेंद्र सिंह, शिवानी दास, अंजू चटर्जी, अजय राम, जयप्रकाश, मनोज, विक्की टिंकू राम आदि उपस्थित थे।



### वाहन रिकवरी एजेंट सुशील की पत्नी ने प्रेस वार्ता कर झरिया पुलिस पर लगाये गंभीर आरोप

# चार दिन पहले पति को ले गयी पुलिस, तब से नहीं मिल रही कोई सूचना

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/धनसार।** मेरे पति कहां है। आखिर झरिया पुलिस उन्हें किस मामले में ले गई। कहां रखी है। वे जिंदा भी है या नहीं, इसकी जानकारी थाना के किसी पदाधिकारी नहीं दे रहे है। मुझे मेरे पति के साथ अनहोनी होने की आशंका है। उक्त बातें वाहन रिकवरी एजेंट सुशील सिंह की पत्नी विजय लक्ष्मी ने कही। वो गुरुवार को अपने आवासीय कार्यालय सिंहनगर में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान बोल रही थी। उसने बताया कि 29 मई की सुबह 11 बजे झरिया पुलिस ने मेरे पति को फोन कर थाने बुलाया। कहा कि किसी मामले में सिंदरी डीएसपी बातचीत करेंगे। मेरे पति आधा घंटा के बाद अपनी बाइ से झरिया थाना ले गयी। देर रात 2.39 बजे उन्हें हथकड़ी लगाकर पुलिस घर लेकर पहुंची। घर की तलाशी लेने के बाद वापस उन्हें लेकर अपने साथ चली गई। इस बात को चार दिन बीत गये, लेकिन उनका पता नहीं चल पा रहा है कि आखिर वह कैसे और किन परिस्थिति में है। इस बाबत सिंदरी डिएसपी से फोन पर बात की पर उन्होंने वरीय पदाधिकारी से बात करने को कहते हुए पल्ला झाड़ लिया। उसने कहा कि अगर मेरे पति पुलिस के पास हैं तो उन्हें कहीं छिपा कर रखा गया है और उनको टार्चर कर किसी झूठे मामले में फंसाने की साजिश रची जा रही है। कहा कि अगर पुलिस ने उन्हें इंसाफ नहीं दिलाया तो न्यायालय का दरवाजा खटखटायेंगें। इस मौके पर मिनाक्षी श्रीवास्तव, स्वाति सिंह और शोभा देवी आदि उपस्थित थी।




**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114
Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

**ई० प्रोक्योरमेन्ट अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (2nd Call)**

Tender Notice No.- DWSD/GAR/SVS-23/2022-23 Dated – 01.06.2023

| Sl. No. | Name of Work | Group No. | No. of Schemes | Estimated cost (in Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **Tiwari Marhatia,** SVS under Garhwa Block. | Gar-01 | 19 Nos | 2,11,25,488.00 | 4,23,000.00 | 10,000.00 | 06 Months |
| | Date & time of Tender Uploading on Website | 03.06.2023/12:30 P.M. | | | | | |
| | Date & time of Pre-bid Meeting | 05.06.2023/12:30 P.M. Office of the Rigional Chief Engineer, D.&S.D. Ranchi Zone, Ranchi. | | | | | |
| | Last date & time of Bid Submission | 10.06.2023/05:00 P.M. | | | | | |
| | Last date & time of Submission Cost of BOQ and EMD (in Hard copy) | 12.06.2023/ 10:30 AM to 05:00 P.M. (i) Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. (ii) Office of the Superintending Engineer, Drinking Water & Sanitation, Circle, Medininagar (iii) Regional Chief Engineer Drinking Water & Sanitation Dept. Ranchi Zone, Ranchi. | | | | | |
| | Date & time of Opening Tender | 13.06.2023/05:00 P.M. | | | | | |
| | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. | | | | | |
| | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Garhwa. | | | | | |
| | Contact No. of Procurement office | 9973003856 | | | | | |
| | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 | | | | | |

नोट– (i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR 298883 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

**जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत, अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा संख्या – 01/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक – 31.05.2023

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा | RWD/ GARHWA/ 01/2023-24 | ग्राम उड़सुगी में पी0डब्ल्यू0डी0 रोड से श्री शम्भुनाथ दूबे के घर तक पी.सी.सी. पथ निर्माण। | 24.155 | चौबीस लाख पन्द्रह हजार पाँच सौ रूपये। | 5000 | 49000 | तीन महीना |
| 2 | गढ़वा | RWD/ GARHWA/ 02/2023-24 | अग्निशमन केन्द्र, गढ़वा से सी0आर0पी0एफ0 कैम्प तक पी.सी.सी. पथ एवं नाली निर्माण। | 62.148 | बासठ लाख चौदह हजार आठ सौ रूपये। | 10000 | 125000 | तीन महीना |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 12.06.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 19.06.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. कार्यालय प्रकोश्ठ गढ़वा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ–पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समयः– 21.06.2023 को 03:30 अपराह्न तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 22.06.2023 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0वि0वि0 (ग्रा0का0मामले), कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0:–9431586961
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/खाता से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 298842Rural Work Department(23-24)#D

**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह– उपायुक्त, चतरा।**
Phone- 06541-253994 E-mail-election-chatra@jharkhandmail.gov.in

**प्रेस विज्ञप्ति**

**फोटो मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम–2024**

चतरा जिला के आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग नई, दिल्ली द्वारा दिनांक–01.01.2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटो मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम–2024 निम्न प्रकार निर्धारित हैः–

| S No | Activity | Period |
|---|---|---|
| | **Pre-Revision activities** | |
| 1 | Training of EROs/AEROs/BLOs etc on all laws and guidelines related to ER, including training on the latest IT applications and systems | Form 01-06-2023 (Thursday) To 20-07-2023 (Thursday) |
| 2 | (i) House to House verification by BLOs | 21-07-2023 (Friday) to 21-08-2023 (Monday) |
| | (ii) Rationalization/Re-arrangements of Polling Stations (iii) Removal of discrepancies in Electoral Roll/EPICs (iv) Improvement of image quality ensuring good quality photographs, by replacing blurred, poor quality a nd not to specification and non -human images in roll, wherever necessary. (v) Recasting of Section/Parts and Finalization of Proposed restructuring of section/part boundaries location of polling stations and getting approval of list of polling stations. (vi) Identification of the Gaps and finalizing the strategy a nd timeline to bridge such gaps, and (vii) Updation of Control table | 22.08.2023 (Thursday) to 29.09.2023 (Monday) |
| 3. | (i) Preparation of Format 1 to 8 (ii) Preparation of Supplements and integrated draft roll with reference to 01.10.2024 as the qualifying date | 30.09.2023 (Saturday) To 16.10.2023 (Monday) |
| | **Revision activities** | |
| 4. | Publication of Integrated draft Electoral roll | 17.10.2023 (Tuesday) |
| 5. | Period for filing claims & objections | 17.10.2023 (Tuesday) To 30.11.2023 (Thursday) |
| 6. | Special campaign dates | Two Saturdays and Sundays within claims and objection period to be decided/fixed by the CEO. |
| 7. | Disposal of claims and objections | By 26.12.2023 (Tuesday) |
| 8. | (i) Checking of health parameters and obtaining Commission's permission for final publication | By 01.01.2024 (Monday) |
| | (ii) Updating database and printing of supplements | |
| 9. | Final publication of Electoral roll | By 05.01.2024 (Friday) |

उक्त क्रम में भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक–23/2023-ERS(Vol.III), दिनांक–29.05.2023 के द्वारा दिनांक–01.01.2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटो मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम (SSR, 2024) के संचालन के संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश दिए गए हैं। उक्त के अनुसार 01 जनवरी सहित वर्ष (मतदाता सूची का प्रकाशन वर्ष) के आगामी अहर्त्ता तिथियाँ यथा 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टुबर को अहर्त्ता तिथि मानते हुए वार्षिक संक्षिप्त पुनरीक्षण का संचालन किया जायगा। आवेदक जो 01 जनवरी एवं आगामी अर्हता तिथियाँ अर्थात 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टुबर को पंजीकरण हेतु पात्र हो जाते हैं, वे मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन की तिथि से प्रपत्र–6 में दावा समर्पित कर सकते हैं।

मतदाता सूची में दर्ज मतदाताओं का आधार **Link** हेतु प्रपत्र–6ख (**6B**), मतदाता सूची से नाम विलोपन हेतु प्रपत्र–7 तथा प्रविष्टियों के शुद्धिकरण/स्थानान्तरण/**Duplicate Epic** एवं दिव्यांग मतदाता को चिन्हित करने हेतु प्रपत्र–8 के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। सभी प्रकार के दावा एवं आपत्ति हेतु प्रपत्र जिला निर्वाचन कार्यालय, चतरा, निर्वाचक निबंधन कार्यालय, चतरा/सिमरिया, सभी सहायक निर्वाचक निबंधन कार्यालय, चतरा जिला एवं बी0एल0ओ0 से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। उक्त प्रपत्र मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के वेबसाईट से **http://ceo.jharkhand.gov.in/** से online डाउनलोड किया जा सकता है।

उपरोक्त सभी प्रकार के आवेदन **https://nvsp.in/, https://voterportal.eci.gov.in/** एवं **Voter Helpline App** के माध्यम से भी Online किया जा सकता है। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता के लिए **Toll Free No. 1950** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, चतरा।

PR 298879 Election(23-24)D

### धर्मेंद्र प्रधान ने सिंगापुर स्थित नानयांग प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का दौरा किया

# विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग की संभावनाओं पर डाला प्रकाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**भुवनेश्वर/ नयी दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को नानयांग प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय सिंगापुर का दौरा किया। मंत्री ने भारतीय छात्रों के साथ बातचीत की और उच्च शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार, उद्यमिता और कक्षा से बाहर सीखने के रोडमैप पर जानकारी प्राप्त की। सभा को संबोधित करते हुए श्री प्रधान ने एनईपी और ज्ञान सहयोग और द्विपक्षीय गतिशीलता के लिए अपार अवसरों के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि भारतीय विश्वविद्यालय और नानयांग प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय वैश्विक अवसरों का लाभ उठाने के साथ-साथ हमारे दोनों देशों के कल्याण के लिए विशेष रूप से एआई, फिनटेक, स्थिरता, जलवायु के क्षेत्रों में भागीदार बन सकते हैं। प्रधान ने जोर देकर कहा कि 21वीं सदी भारत की सदी बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि विश्व स्तरीय वैश्विक विश्वविद्यालयों, जैसे एनटीयू और भारतीय विश्वविद्यालयों को 21वीं सदी को प्रेरित करने के लिए नए मॉडल बनाने की खातिर सहयोग करना चाहिए और अपने संबंधों को गहरा करना चाहिए। श्री प्रधान ने सिंगापुर के विदेश मंत्री महामहिम श्री विवियन बालाकृष्णन से भी मुलाकात की। मंत्रियों ने भारत-सिंगापुर ज्ञान साझेदारी को मजबूत करने और कौशल विकास और शिक्षा में बहुमुखी द्विपक्षीय सहयोग को ऊंचाइयों तक ले जाने पर उपयोगी बातचीत की। बैठक के दौरान श्री प्रधान ने कहा कि भारत और सिंगापुर मजबूत ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंध साझा करते हैं। आज हमारी दोस्ती पारस्परिकता, आपसी विश्वास और सम्मान पर आधारित है। उन्होंने कहा कि ज्ञान, कौशल और सीमांत क्षेत्रों में साझेदारी को बढ़ाने से हमारी दीर्घकालिक मित्रता में नए आयाम जुड़ेंगे। दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी और दृढ़ मित्रता को ध्यान में रखते हुए दोनों मंत्री पारस्परिक लाभ के लिए शिक्षा और कौशल विकास में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के साथ-साथ वैश्विक मांगों और काम की दुनिया की चुनौतियों का समाधान करने पर सहमत हुए। श्री प्रधान ने वरिष्ठ मंत्री और सामाजिक नीतियों के समन्वय मंत्री महामहिम श्री थरमन शनमुगरत्नम से भी मुलाकात की। श्री थरमन शनमुगरत्नम कई वर्षों तक उप प्रधान मंत्री और वित्त मंत्री के रूप में सेवा करने के बाद मई 2019 से सिंगापुर में वरिष्ठ मंत्री हैं। श्री थरमन ने 'स्किल्सफ्यूचर' कार्यक्रम का नेतृत्व किया, जिसे 2014 में सिंगापुरवासियों के बीच जीवन भर सीखने और नौकरी को बढ़ाने के व्यापक अवसरों के विकास के उद्देश्य से लॉन्च किया गया था। बाद में दिन में श्री प्रधान ने तकनीकी शिक्षा संस्थान सिंगापुर का भी दौरा किया, जो शिक्षा मंत्रालय, सिंगापुर के तहत पोस्ट सेंकडरी इंस्टीट्यूशन है। श्री प्रधान ने संबोधित करते हुए कहा कि करने और अनुभव करने के द्वारा समग्र शिक्षा पर ध्यान देने के साथ, आईटीई छात्रों और वयस्क शिक्षार्थियों के लिए रोजगार और आजीवन सीखने के लिए कौशल, ज्ञान और मूल्य प्राप्त करने के अवसर पैदा कर रहा है। अनिवार्य उद्योग इंटर्नशिप, काम और अध्ययन के बीच गतिशीलता और मजबूत उद्योग-शिक्षा संपर्क आईटीई के महत्वपूर्ण पहलू हैं।

# सात स्टेशनों पर 19 ट्रेनों के ठहराव का लिया गया निर्णय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** यात्रियों की सुविधा एवं यात्रियों की मांग को देखते हुए प्रायोगिक तौर पर 07 स्टेशनों पर 19 ट्रेनों का स्टॉपेज देने का निर्णय लिया गया है। 18107/18108 राउरकेला-जगदलपुर-राउरकेला 1 जून को राउरकेला से और 2 जून को जगदलपुर से कोटपाड रोड स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन राउरकेला से 0845 बजे कोटपाड रोड पहुंचेगी और 0847 बजे रवाना होगी। वापसी दिशा में यह ट्रेन जगदलपुर से 1443 बजे कोटपाड रोड पहुंचेगी और 1445 बजे रवाना होगी। 18447/18448 भुवनेश्वर-जगदलपुर-भुवनेश्वर हीराखंड एक्सप्रेस दोनों दिशाओं से 1 जून से कोटपाड रोड पर स्टॉपेज प्रदान करेगा। भुवनेश्वर से यह ट्रेन 0955 बजे कोटपाड रोड पहुंचेगी और 0957 बजे रवाना होगी। वापसी दिशा में यह ट्रेन जगदलपुर से 1703 बजे कोटपाड रोड पहुंचेगी और 0705 बजे रवाना होगी। 18514/18513 विशाखापत्तनम-किरंदुल-विशाखापत्तनम एक्सप्रेस विशाखापत्तनम से 1 जून और किरंदुल से 2 जून कोटपाड रोड पर स्टॉपेज प्रदान करेगा। विशाखापत्तनम से यह ट्रेन 0413 बजे कोटपाड रोड पहुंचेगी और 0415 बजे रवाना होगी। वापसी दिशा में किरंदुल से यह ट्रेन 1900 बजे कोटपाड रोड पहुंचेगी और 1902 बजे रवाना होगी। 18117/18118 राउरकेला-गुनुपुर-राउरकेला राज्यराणी एक्सप्रेस राउरकेला से 4 जून और गुनपुर से 5 जून कालूपड़ाघाट स्टेशन पर स्टॉपेज करेगी। राउरकेला से यह ट्रेन 07.13 बजे कालूपड़ाघाट पहुंचेगी और 07.15 बजे रवाना होगी। वापसी में यह ट्रेन गुनूपुर से 2046 बजे कालूपड़ाघाट पहुंचेगी और 2048 बजे रवाना होगी। 12843/12844 पुरी-अहमदाबाद-पुरी एक्सप्रेस पुरी से 6 जून और अहमदाबाद से 5 जून को साखीगोपाल स्टेशन पर स्टॉपेज करेगा। यह ट्रेन पुरी से 1747 बजे साखीगोपाल पहुंचेगी और 1749 बजे रवाना होगी। वापसी में यह ट्रेन अहमदाबाद से साखीगोपाल 07.30 बजे पहुंचेगी और 07.32 बजे रवाना होगी। 12822/12821 पुरी-शालीमार-पुरी धौली एक्सप्रेस दोनों दिशाओं से 6 जून को साखीगोपाल स्टेशन पर स्टॉपेज करेगा। यह ट्रेन पुरी से 1041 बजे साखीगोपाल पहुंचेगी और 1043 बजे रवाना होगी। वापसी में यह ट्रेन शालीमार से 1715 बजे साखीगोपाल पहुंचेगी और 1717 बजे रवाना होगी। 20809/20810 संबलपुर-नांदेड़-संबलपुर एक्सप्रेस दोनों दिशाओं से 5 जून को अताबिरा स्टेशन पर स्टॉपेज होगा। संबलपुर से यह ट्रेन 1113 बजे अताबिरा पहुंचेगी और 1115 बजे रवाना होगी। वापसी में यह ट्रेन नांदेड़ से 17.38 बजे अताबिरा पहुंचेगी और 17.40 बजे रवाना होगी। 20837/20838 भुवनेश्वर-जूनागड रोड-भुवनेश्वर एक्सप्रेस भुवनेश्वर से दिनांक 3 जून और जूनागड रोड से 4 जून को लांजीगड रोड पर स्टॉपेज होगा। भुवनेश्वर से यह ट्रेन 0720 बजे लांजीगड रोड पहुंचेगी और 0722 बजे रवाना होगी। वापसी दिशा में जूनागड रोड से यह ट्रेन 1845 बजे लांजीगड रोड पहुंचेगी और 1847 बजे रवाना होगी।

# राजधनवार में भाजपा ओबीसी मोर्चा की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**राजधनवार।** भाजपा ओबीसी मोर्चा की बैठक गुरुवार को बरजो स्थित बीजेपी ऑफिस धनवार में मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉ राजेश पोद्दार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता सह पूर्व आईजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक उपाध्याय ने भाग लिया। बताया गया कि हर विधान सभा मे विधान सभा स्तरीय कार्य समिति की बैठक की जाएगी, जिसमे भाजपा के सभी मंच मोर्चा के लोग भाग लेंगे। इसी निमित शुक्रवार को धनवार विधान सभा क्षेत्र के डोरंडा में बैठक आहूत है। बैठक के लिए जिला ओबीसी मोर्चा को दायित्व सौपी गयी है। उक्त बैठक की सफलता की तैयारी को लेकर यह बैठक रखी गयी है। श्री सिंह ने कहा कि बैठक में सभी मंच -मोर्चा के लोग भाग लेंगे। उन्हें पीएम मोदी के कार्यक्रमों से अवगत कराया जायेगा तथा राष्ट्र हित व जनहित में उनके द्वारा किये गये कार्यों को जन-जन तक पहुचने का दायित्व सौंपा जायेगा। बैठक के बाद भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह साख में हो रहे जग में व पूणार्डीह में गृहप्रवेश में तथा जेरूवाडीह में शादी समारोह में भाग लिए। बैठक में जिला ओबीसी मोर्चा उपाध्यक्ष अम्बिका वर्णवाल, प्रदेशप्रवक्ता अर्जुन प्रसाद वर्मा, संजय साव, पवन सिंह, सुरेन्द्र कुमार लाल, नकुल राय, मुरलीधर, सिकन्दर पंडित, रामदेव विश्वकर्मा, सुरज कुमार, महेश वर्मा, अरविन्द कुमार, उपेन्द्र सिंह आदि कई मौजूद थे।

# अगले शैक्षणिक वर्ष से स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल होगा खेल विषय : खेल मंत्री

- ओड़िशा लगातार दो वर्षों तक पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी कर विश्व खेलों का केंद्र बन गया है

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** छात्रों की शिक्षा के विकास के लिए राज्य सरकार कई कदम उठा रही है। इसी तरह राज्य सरकार खेलों के विकास के लिए कई कदम उठा रही है, इसलिए जल्द ही खेल संबधित स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया जायेगा। इसे अगले शैक्षणिक वर्ष से लागू किया जायेगा और बाद में उसको कंपलसरी किया जायेगा। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक द्वारा खेल एवं युवा सेवा विभाग की समीक्षा के बाद विभागीय मंत्री तुषारकांत बेहेरा ने इस संबंध में जानकारी दी। जैसा कि राज्य में खेल के बुनियादी ढांचे और अन्य सुविधाएं हैं, ओडिशा विश्व स्तरीय खेलों की मेजबानी करने में सक्षम है। ओडिशा क्रिकेट के लिए एक पसंदीदा स्थान के रूप में उभरा है। ओडिशा लगातार दो वर्षों तक पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी कर विश्व खेलों का केंद्र बन गया है। न केवल हॉकी बल्कि फुटबॉल और अन्य खेलों की मेजबानी के लिए भी ओडिशा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा हुई है। राज्य सरकार ने फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप और साफ अंडर-20 चैंपियनशिप का सफल आयोजन किया है। इसी तरह राज्य में राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताएं जैसे स्टेट टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप, ओडिशा ओपन आदि का आयोजन किया गया है। स्कूली पाठ्यक्रम में खेलों को शामिल करने से छात्र ओलम्पिक की तैयारी कर सकेंगे और ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। राज्य सरकार ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमिटी के साथ चुक्ति स्वाक्षर किया है। इस योजना में 250 स्कूलों के 1.5 लाख बच्चे भाग ले चुके है।

## कुआं से पानी नहीं निकल रहा है डीजल

**भुवनेश्वर।** केंद्रापड़ा जिले के पट्टामुंडेइ में एक कुएं से डीजल निकल रहा है। जबकि यह कुआं 100 साल पुराना है, इसमें से सैकड़ों लीटर तेल निकल रहा है। सबसे खास बात यह है कि इस तेल को आग लगाने से यह जल रहा है। ए घटना पट्टामुंडेइ बिस्वास गांव के सुदर्शन बिस्वास की घर के पीछे स्थित कुएं से निकल रहा है। दो साल से अधिक समय के बाद, जब सुदर्शन की पत्नी इस कुएं से पानी खींच रही थी, तो अचानक कुएं के पानी से डीजल की गंध आयी। तो सुदर्शन को शक हुआ कि कुएं में किसी ने डीजल या मिट्टी का तेल डाला होगा। बाद में कुएं के पानी से आर कोई गंध नहीं आयी। हालांकि, ढाई महीने पहले जब कुएं से पानी खींचते समय उसमें से कुछ में प्राकृतिक तेल जैसी गंध आ रही थी। उसके बाद सुदर्शन ने कुएं का सारा पानी को सुखाकर साफ किया और उसे लकड़ी के पटे से कुएं को ढक दिया। कुछ दिन के बाद देखा गया की कुएं में बड़ी मात्रा में तेल मिला और उसे जला ने पर जल रहा था। इस घटाना को लेकर जिलाधिकारी को सूचित किया गया। कुएं के पानी की जांच के बाद यह पता चला कि यह शो फीसदी डीजल है। गौरतलब है कि कुछ साल पहले ऑयल इंडिया के तरफ से सर्वे से पता चला था कि केंद्रापड़ा में प्राकृतिक तेल है। लेकिन कहा गया कि इसे निकालना फायदेमंद नहीं होगा।
































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**